RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 151 | ग्वालियर शनिवार 11 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## प्रधानमंत्री मोदी ने बताया जीवन का मंत्र

# परिस्थितियों ने बनाई मेरी जिंदगी, मैंने मुसीबतों की यूनिवर्सिटी से सीखा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी जिंदगी उन्होंने नहीं बल्कि परिस्थितियों ने बनाई है। बचपन में उन्होंने जिस तरह की जिंदगी जी है, उसने उन्हें कुछ सिखाया है। पीएम मोदी ने कहा, एक तरह से, यह मेरी सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी थी। मुसीबतों की यूनिवर्सिटी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है और मैंने मुसीबतों से प्यार करना सीखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिरोधा के सह संस्थापक निखिल कामथ के साथ अपने पहले पॉडकास्ट में कहा, मैं ऐसे राज्य से आता हूं जहां मैंने माताओं और बहनों को सिर पर घड़ा रखकर दो-दो, तीन-तीन किलोमीटर पैदल चलते देखा है...मेरी गतिविधियां सहानुभूति का परिणाम हैं। मैं लोगों के सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। पीएम मोदी ने गलतियों के सवाल पर कहा, मेरे जैसे सभी मनुष्य, गलतियां करने के लिए प्रवृत्त होते हैं, लेकिन यह गलत इरादे से काम करने की कीमत पर नहीं होना चाहिए। जब मैं मुख्यमंत्री बना, तो मैंने एक भाषण दिया, जिसमें मैंने कहा, मैं कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटूंगा। मैं अपने लिए कुछ नहीं करूंगा और मैं इंसान हूं जो गलतियां कर सकता है, लेकिन मैं कभी भी बुरी नीयत से कुछ गलत नहीं करूंगा। यही मेरे जीवन का मंत्र है।

**2047 तक भारत के लिए सभी समस्याओं का समाधान चाहता हूं :** पीएम मोदी ने कहा, पहले कार्यकाल में लोग मुझे और मैं दिल्ली को समझने की कोशिश कर रहा था। दूसरे कार्यकाल में मैं



अतीत के नजरिये से सोचता था। तीसरे कार्यकाल में मेरी सोच बदल गई है, मेरा मनोबल ऊंचा है और मेरे सपने बड़े हो गए हैं। मैं 2047 तक विकसित भारत के लिए सभी समस्याओं का समाधान चाहता हूं। पीएम मोदी ने कहा, सरकारी योजनाओं की 100त्न डिलीवरी होनी चाहिए। यही असली सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता है। इसके पीछे प्रेरक शक्ति है 'एस्पिरेशनल इंडिया' मेरी प्रेरक शक्ति है।

**उद्यमी आगे बढ़ाता है अपनी कंपनी को राजनेता समाज के लिए करता है खुद त्याग:** उद्यमी और राजनेता के अंतर पर प्रधानमंत्री ने कहा, उद्यमी खुद को और अपनी कंपनी को आगे बढ़ाना चाहता है, जबकि राजनेता में समाज के लिए खुद को त्यागने की क्षमता होनी चाहिए। उद्यमी को सोचना है कि कंपनी को नंबर वन कैसे बनाया जाए। राजनीति में राष्ट्र पहले होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा,राजनीति में आने के लिए चुनाव लड़ना जरूरी नहीं है। समाज उन राजनेताओं को स्वीकार करता है जिनकी मानसिकता राष्ट्र पहले की होती है।

**भविष्य के लिए अच्छे नेताओं की टीम बनाना ही हमारी सफलता :** पीएम मोदी ने कहा कि वह अपनी सफलता इस बात में देखते हैं कि वह किस तरह से एक ऐसी टीम तैयार करते हैं जो चीजों को कुशलता से संभाल सके, कई युवा राजनेता हैं जिनमें संभावनाएं हैं। मोदी ने कहा, जब मैं गुजरात में था, तो मैं कहता था कि मैं अगले 20 सालों के लिए (टीम) तैयार करके जाना चाहता हूं। मैं ऐसा कर रहा हूं। मेरे लिए यही मेरा बेंचमार्क है।

**सोशल मीडिया ने लोकतंत्र को किया और मजबूत :** सोशल मीडिया के महत्व पर पीएम मोदी ने कहा, सोशल मीडिया ने सूचनाओं को सत्यापित करने के तरीके खोलकर लोकतंत्र को मजबूत किया है। पहले यह जानकारी बहुत कम स्रोतों से उपलब्ध थी और इसके लिए बहुत कम विकल्प थे। कुछ लोग ही घटनाओं की रिपोर्ट करते थे और उनके बयान को सच मान लिया जाता था। मोदी ने कहा, आप फंस गए थे क्योंकि सत्यापन की मांग करने का कोई अवसर नहीं था। लेकिन, आज आपके पास विभिन्न प्लेटफार्मों पर सूचनाओं को सत्यापित करने का विकल्प है। सब कुछ आपके मोबाइल फोन पर उपलब्ध है। अगर आप थोड़ा ध्यान दें तो सच्चाई का पता लगा सकते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया लोकतंत्र को मजबूत कर सकता है।

# मुख्यमंत्री ने 362 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

### कहा-काम करे, अहंकार नहीं; राजस्व मंत्री बोले- पटवारियों के चक्कर खत्म होंगे

भोपाल। भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शासकीय सेवा में नियुक्ति पाने वाले 362 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने नए अधिकारियों को संदेश दिया कि अधिकारी का मतलब अधिक कार्य करने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा- हम सभी को यह ध्यान रखना होगा कि हमारे मन में अहंकार न हो। एक अधिकारी का काम सेवा भाव से जनता के हित में काम करना है। सीएम ने आगे कहा-अब वह समय गया जब एग्रीकल्चर की पढ़ाई के लिए केवल कृषि महाविद्यालय अनिवार्य था। अब प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में बीएससी एग्रीकल्चर कोर्स पढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विटनरी के मामले में भी राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। विश्वविद्यालयों को मेडिकल कॉलेज खोलने की अनुमति दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में 362 नव चयनित शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसमें किसान कल्याण और कृषि विकास



विभाग के 256 कृषि विस्तार अधिकारी, पशुपालन और डेयरी विभाग के 70 सहायक पशु चिकित्सक, और राजस्व विभाग के 36 नायब तहसीलदार शामिल हैं।

सीएम यादव ने गौपालन को प्रोत्साहित करने की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, ऋहम किसानों की आय बढ़ाना चाहते हैं। गौमाता का दूध किसानों के लिए रोज पैसे लाने का माध्यम बन सकता है। जो किसान 10 गाय पालेंगे, उन्हें अनुदान दिया जाएगा। यह योजना प्रदेश में गौपालन को बढ़ावा देगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में सड़कों पर लावारिस गौवंश नहीं घूमेंगे। नगरों में मौजूद अपाहिज और लावारिस गायों को गौशालाओं में ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा, गौपालन केवल दूध उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेश के विकास में सहायक हो सकता है। सीएम ने नए अधिकारियों को संदेश दिया, नायब तहसीलदार केवल नायब नहीं, बल्कि नायाब बनें। प्रदेश की सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और जनता के विश्वास को बनाए रखें। आज नियुक्ति पाने वाले अधिकारी अपने काम से सेवा की नई इबारत लिखें। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा-एमपी देश का ऐसा राज्य है, जहां नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन का काम तेजी से हो रहा है। उन्होंने साइबर तहसील की पहल का जिक्र करते हुए बताया कि इससे किसानों को पटवारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। वर्मा ने कहा, फौती नामांतरण के मामले में अगर 30 दिन से ज्यादा समय लगता है तो संबंधित पटवारी पर कार्रवाई होगी। जो लोग नई नियुक्ति पा रहे हैं, वे यह सुनिश्चित करें कि वे ईमानदारी और समयबद्धता से काम करें।

किसान कल्याण और कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना ने घोषणा की कि अब ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को कृषि विस्तार अधिकारी के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने सीएम की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा किसानों और युवाओं की खुशहाली के लिए काम करते हैं। मंत्री लखन पटेल ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने पद की गरिमा बनाए रखें। आप जिस पद पर जा रहे हैं, वहां लोगों की सेवा करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।



# सीएम योगी आज करेंगे रामलला का अभिषेक

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर अयोध्या सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से छलकने लगेगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ उत्सव का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे अयोध्या पहुंच जाएंगे। पांच घंटे अयोध्या में रहेंगे। वे रामलला का अभिषेक कर महाआरती उतारेंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे अंगद टीला पर पहली बार श्रद्धालुओं व मेहमानों को संबोधित करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के प्रथम वार्षिकोत्सव %प्रतिष्ठा द्वादशी% पर आज से 13 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन 11 जनवरी को रामलला का महाभिषेक, श्रृंगार, भोग और प्राकट्य आरती होगी। इसके बाद दोपहर 2ः00 बजे से 5ः00 बजे तक मुख्य समारोह आयोजित होगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

# आप विधायक गोगी की गोली लगने से संदिग्ध हालात में मौत

**लुधियाना।** आम आदमी पार्टी के लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत गोगी बस्सी की शुक्रवार देर रात घर में ही संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। गोली गोगी के सिर में लगी है, पर गोली कैसे चली और किसने चलाई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

डीसीपी जसकरण सिंह तेजा ने बताया कि उन्हें (गुरप्रीत गोगी) अस्पताल में मृत लाया गया था। घटना रात करीब 12 बजे हुई। मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम किया जाएगा।

गोली चलने की आवाज सुनकर घर के लोग व सुरक्षा में तैनात मुलाजिम कमरे में पहुंचे, जहां वह लहूलुहान पड़े थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां



डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस के उच्चाधिकारी और थाना डिवीजन आठ की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गोगी शुक्रवार रात प्राचीन शीतला माता मंदिर में हुई बेअदबी और चोरी के मामले में चल रहे विरोध में शामिल लोगों से मिले थे। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद देर रात घर पहुंचे थे।

# सीएम बोले- टाइगर के साथ अब किंग कोबरा भी चाहिए

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के पंडित खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित आईएफएस सर्विस मीट का शुभारंभ किया। सीएम ने वन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से अनुभव साझा होते हैं, जिससे काम में सुधार आता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जंगल का क्षेत्रफल 1063 वर्गमीटर बढ़ा है, जिसके लिए वन विभाग की सराहना की। साथ ही, उन्होंने पर्यटन से जुड़े संभावित क्षेत्रों की जानकारी सरकार तक पहुंचाने का निर्देश दिया। सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली की प्रशंसा की और कहा कि पीएम मोदी ने कभी भी अपने मूल सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।




वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश का एक-तिहाई हिस्सा वनों से आच्छादित है। अब तक 62 वन अधिकारी और कर्मचारी अपनी जान देकर वनों की रक्षा कर चुके हैं। हर साल औसतन 30 अधिकारियों पर हमले होते हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अन्ना गिरी टी ने बताया कि इस मीट में वन प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पहले दिन वानिकी सम्मेलन में चार विषयों पर मंथन होगा, जबकि दूसरे दिन खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव मौजूद थे। वनों और वन्यजीवों के संरक्षण पर आधारित रजा काजमी का विशेष उद्बोधन हुआ। गौरतलब है कि पिछले साल यह मीट तीन बार स्थगित हुई थी। इस बार यह दो दिवसीय आयोजन भव्य रूप से हो रहा है।

आईएफएस सर्विस मीट का यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलने वाला है। पहले दिन दोपहर बाद कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। दूसरे दिन सुबह से शाम तक भेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आईएफएस अधिकारी और उनके परिजन अलग-अलग खेल गतिविधियों में हिस्सा लेंगे।

## डिप्टी सीएम ने कमिश्नर कार्यालय सभागार रीवा में आयोजित बैठक में ललितपुर - सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण कार्य की समीक्षा की

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को भू-अर्जन तथा मुआवजा वितरण की कार्रवाई को सात दिवस में पूरी करने के निर्देश दिए।बैठक में रेलवे के अधिकारियों को निर्माण कार्य तेजी से कराकर मार्च तक सतना से नागौद और गोविंदगढ़ से रामपुर नैकिन तक का निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, सीधी सांसद राजेश मिश्रा, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इंटास फाउंडेशन द्वारा टोपा व वैसलीन का किया वितरण

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान बाड़ी



बाड़ी इंटास फाउंडेशन द्वारा संचालित अपना घर में कैंसर रोगियों और उनके केयर टेकर को सर्दी से बचाव के लिए intas Foundation के project Associate राजेश चौहान द्वारा विंटर कैप (टोपा) एवं वैसलीन के पैकेट वितरित किए गये ज्ञात हो कि इंटास फाउंडेशन द्वारा संचालित अपना घर भोपाल में कैंसर का इलाज कराने आये सभी रोगियों को और उनके परिजनों को निशुल्क रहना खाना एवं अस्पताल आने जाने के लिए कार की सुविधा दी जाती है इस के साथ ही फ्री परामर्श दिया जाता है कैंसर बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए बहुत सारी जानकारी भी दी जाती है ताकि लोगों में जागरूकता आये एवं रोगों से मुक्ति मिलती रहे।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा पथरिया नगर में किराना दुकानों एवं भोजनालय का किया गया औचक निरीक्षण

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह -** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया द्वारा निरीक्षण कार्यवाही करते हुए दमोह जिले पथरिया नगर मे गढ़ाकोटा रोड स्थित श्री गणेश भोजनालय, महेंद्र एजेंसीज, मनोज किराना,नीलेश किराना स्टोर से गुड़, वास्तु ब्रांड गाय का घी एवं सोंठ पाउडर के नमूनें जांच हेतु लिए गये, जिनको गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। उक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण में सभी खाद्य परिसर में मौके पर फूड पंजीयन की प्रति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई। इस दौरान भोजनालय संचालक को सुरक्षित एवं शुद्ध भोजन उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## भारी वाहन, यात्री बसों तथा चालकों का ब्रेथ एनालाइजर चेकिंग की गई



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**21 चालान कर 25500 समन शुल्क की वसूली**

**दमोह -** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत पावर ग्रिड तिराहा बाईपास पर परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा भारी वाहन एवं यात्री बसों की चेकिंग की गई। साथ ही चालकों का ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग भी की गई। इस दौरान 21 चालान कर 25500 समन शुल्क की वसूली की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीरामलीला समारोह समिति द्वारा महाराज बाड़ा पर मिष्ठान वितरण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101

**ग्वालियर-** श्रीरामलीला समारोह समिति के कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल द्वारा प्रेस विज्ञिप्त के माध्यम से अवगत कराया कि श्रीराम मंदिर,अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने पर श्रीरामलीला समारोह समिति, ग्वालियर महाराज बाड़े पर सांयकाल 5 बजे समिति के सदस्य गणों द्वारा मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर लड्डुओं (मिष्ठान) का वितरण ग्वालियर की धर्मप्रेमी जनता को प्रसाद वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विष्णु गर्ग,राधेश्याम भाकर, सत्य कुमार मिश्रा, विजय गोयल रमेश अग्रवाल,राजकुमार गुप्ता, विजय गर्ग, रमेश चौरसिया, रामनारायण मिश्रा,गुड्डू वारसी, डॉ. नरेश देव, उमाशंकर सोनी, रुचिका श्रीवास्तव, प्रियंका गर्ग, संजय जैन, रवि आनंद गौड़ , संजय कट्टल,महेंद्र भादकरिया, आदि समिति के सदस्यों ने शाम 5 बजे महाराज बाड़ा पर प्रसाद ग्रहण करने का निवेदन धर्मप्रेमी बंधुओ से किया है।

### रात्रिकालीन शिविर लगाकर किया जा रहा है समस्याओं का समाधान



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

#### मोहना व मिलावली ग्रामों में लगे शिविर

**ग्वालियर** / ग्रामीणों की राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को मौके पर ही निराकृत करने के लिये जिले में दिन के साथ रात्रिकाल में भी शिविर लगाए जा रहे हैं। राजस्व महाअभियान के तहत इन शिविरों का आयोजन हो रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को जिले के ग्राम मोहना व मिलावली में शिविर लगाए गए।

राजस्व अधिकारियों ने रात्रिकालीन शिविर में राजस्व संबंधी कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया तो कुछ समस्याओं के निराकरण की रूपरेखा तय की। शिविरों के माध्यम से खासतौर पर फॉर्मर आईडी, ई-केवायसी, सीमांकन, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती एवं स्वामित्व योजना इत्यादि से संबंधित समस्यायें हल की गईं। इसके अलावा पीएम किसान पोर्टल पर ई-केवायसी, भू-लेख रिकॉर्ड की आधार से लिंकिंग एवं बैंक खाते से आधार लिंक कराकर डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) का काम भी इस दौरान किया गया। साथ ही नामांतरण, बटवारा व सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

### मेले में खान-पान की दुकानों का निरीक्षण जारी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर** / श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले की खान-पान की दुकानों पर घरेलू गैस का उपयोग रोकने के लिये खाद्य विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही सैलानियों की सुरक्षा के लिये खान-पान की दुकानों पर किए गए सुरक्षा खासकर उपायों की जाँच भी की जा रही है।

इस क्रम में शुक्रवार को खाद्य विभाग की टीम ने मेला के विभिन्न सेक्टर में खान-पान की दुकानों का निरीक्षण किया। सिलेंडर से चूल्हे को जोड़ने वाले पाइप लाइन की गुणवत्ता ठीक न पाए जाने पर दो दुकानों पर पाइप लाइन चेंज कराई गई। दुकानदारों को साफतौर पर आगाह किया गया कि वे व्यवसायिक सिलेंडर का ही इस्तेमाल करें। घरेलू गैस के सिलेंडर पाए जाने पर सिलेंडर जब्त करने के साथ-साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों नाक के नीचे दर्जनों भर फर्जी लेब चल रही है

दौंनक केसरिया हिन्दुस्तान पकज जैन



**अंबाह ।** नगर आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने के लिए सरकार द्वारा भले ही लाख दावे किए जा रहे हो। लेकिन, हकीकत यही है कि आज भी जिले में संचालित अधिकांश जांच घर बिना निबंधन के संचालित हैं। आलम यह है कि अधिकांश जांच घरों में अप्रशिक्षित कर्मियों द्वारा ही मरीजों का खून, पेशाब व अन्य जांच की जा रही है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि इसी आधार पर चिकित्सकों द्वारा मरीजों को दवा लिखी जा रही है। अब सवाल उठता है कि जिन मरीजों के खून, पेशाब व अन्य समस्याओं से संबंधित जांच ऐसे पैथोलॉजी लैब में की जाती हैस्वास्थ्य विभाग की सुस्ती के चलते जिले में अवैध पैथोलॉजी लैब और कलेक्शन सेंटर का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। गांवों-कस्बों तक कहीं एक कमरे में तो कहीं संकरी गलियों में पैथोलॉजी चल रही है। अप्रशिक्षित कर्मचारियों से काम चलाया जा रहा है। हाल यह है कि एक ही सैंपल की अलग-अलग रिपोर्ट आती है और रेट भी अलग अलग है।इन रिपोर्ट पर कितना भरोसा किया जाए, यह चिकित्सक भी समझ नहीं पा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में जिले में लगभग 2/3 पैथोलॉजी पंजीकृत हैं, जबकि हकीकत में कई गुना पैथोलॉजी लैब चल रही हैं। शहर की बात की जाए तो हर जगह कई लैब हैं।

# भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौर ने जनसुनवाई के तहत किया लोगों की समस्याओं का निराकरण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
लोकेंद्र सोलंकी



**भितरवार** तहसील प्रांगण में भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौर के द्वारा जनसुनवाई की गई जिसमें 500 आवेदन प्राप्त हुए श्री राठौर ने अधिकारियों से तुरंत बात कर समस्याओं का निराकरण कराया और भाजपा सरकार की जन हितेषी योजनाओं को बताया जिसमें सभी क्षेत्र की जनता को लाभ मिल सके श्री राठौर ने सभी क्षेत्र की जनता की समस्याएं एक-एक कर बड़ी गंभीरता से सुनी , प्रत्येक माह का दूसरे शुक्रवार को भितरवार ब्लॉक में भाजपा विधायक के द्वारा जनसुनवाई की गई

जिसमें उपस्थित एस डी एम तहसीलदार भाजपा ग्वालियर ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र रावत भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र रावत नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल रामेश्वर रावत गजब सिंह रावत कमलेश खटीक अरुण राजावत परशुराम पवैया समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे




# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में कोई भी हितग्राही छूटना नहीं चाहिए डॉ अवधेश प्रताप सिंह

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/
रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

**मुख्यमंत्री** जनकल्याण अभियान के अन्तर्गत मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं 17 की ग्राम पंचायत मेहरा,धोरखा एवं गोहद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत किटी शिविर में जिला पंचायत सदस्य पुष्पलता/डॉ अवधेश प्रताप सिंह सम्मिलित हुए। शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका तुरंत निराकरण भी कराया। श्रीमती पुष्पलता सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए क्योंकि सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं क्रियान्वित की जाती है, उस योजना का लाभ लेने के लिए कोई हितग्राही छूटना नही चाहिए। शिविर में भाजपा नेता डॉ अवधेश प्रताप सिंह, जनपद पंचायत सदस्य, सहायक यंत्री, उपयंत्री पटवारी,सरपंच, सचिव, जीआरएस, पीसीओ, आगनवाड़ी कार्यकर्त्ता ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अंचल के लाल अमर शहीद शौर्य चक्र विवेक सिंह तोमर की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा हेतु विशाल मिशाल यात्रा आज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन




**अम्बाह।** चंबल के लाल अमर शहीद शौर्य चक्र विवेक सिंह तोमर की द्वितीय बलिदान दिवस पर मूर्ति स्थापना व मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा पूर्व विशाल मसाल यात्रा आज नगर पालिका चौराहा अंचल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सपूत राम प्रसाद बिस्मिल जी के चौक से प्रारंभ होकर शहीद पार्क विवेक सिंह तोमर के स्मारक स्थल पर पहुंचकर मूर्ति स्थापना ,व श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह उपरांत 18 जनवरी को मूर्ति का अनावरण किया जाएगा अत: अंचल व देश भक्तों को ,सभी भूतपूर्व सैनिकों और नगर के सभी सम्मानित नागरिकों से अनुरोध है कि मसाल यात्रा में अमर शहीद, देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अंचल के लाल विवेक सिंह तोमर शौर्य चक्र के मसले यात्रा में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अमर शहीद सम्मान सेवा संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मसाल यात्रा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व व मसाला यात्रा के साथ अंचल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सपूत रामप्रसाद बिस्मिल जी के स्मारक नगर पालिका चौराहे से शहरी क्षेत्र में पैदल व पोरसा चौराहे से गाड़ी में चलते हुए स्मारक स्थल पहुंचेगी वहां से प्राण प्रतिष्ठा पूर्व कलश यात्रा निकालकर श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होगी। तत्व प्रांत आगामी 18 तारीख को वरिष्ठ, राजनीतिक व उच्च सैन्य अधिकारियों के सानिध्य में शहीद की प्राण प्रतिमा का अनावरण व श्रीमद् भागवत कथा का भंडारा संपन्न होगा।

# हैरीटेज थीम पर होगा किलागेट चौराहे का सौंदर्यीकरण

**कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री वैष्णव ने लिया किलागेट चौराहे का जायजा**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



ग्वालियर-/ किलागेट चौराहे का ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग की हैरीटेज थीम पर सौंदर्यीकरण किया जायेगा। इस सिलसिले में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त श्री अमन वैष्णव के साथ किलागेट चौराहे का जायजा लिया। उन्होंने किलागेट थाना और दुकानों को शिफ्ट करने के लिये सीएम राईज स्कूल के पास स्थान देखा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को किलागेट चौराहे के सौंदर्यीकरण के लिये भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से अनुमति प्राप्त करने की कार्रवाई जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं निगमायुक्त श्री वैष्णव ने पैदल चलकर किलागेट चौराहे के आस-पास के स्थल का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही इस बात की संभावनायें भी देखीं कि यहाँ पर सौंदर्यीकरण एवं यातायात को व्यवस्थित बनाने के लिये कौन-कौन से कार्य कराए जाना जरूरी है। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने क्षेत्रीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी किलागेट चौराहे के सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री विजय राज, सिटी प्लानर श्री पवन सिंघल, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा व कार्यपालन यंत्री श्री सुशील कटारे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# हवन व भंडारे के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा यज्ञ का समापन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101



**ग्वालियर-** बालाजी दरबार पारदी मोहल्ला शिंदे की छावनी में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन शुक्रबार को भक्ति भाव के साथ हुआ। विगत 9 दिनों से क्षेत्र में देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर भक्तीमय माहौल बना रहा। सुबह से शाम तक लोग यज्ञ स्थल पर जमे रहे। गुरुवार को यज्ञ स्थल पर सामूहिक रूप से हवन किया गया। हवन में बालाजी दरबार के सदस्यों के अलावा सैकड़ों पुरुष और महिलाओं ने भाग लिया। हवन के उपरांत हजारों लोग ने बालाजी दरबार के महंत नरेंद्र मिश्रा जी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपनी अपनी समस्याओं का उपाय जाना आगे पंडित घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने कहा कि यज्ञ के प्रारंभ में समस्त देवी देवता का आह्वान किया जाता जाता है। हवन के द्वारा उन्हें अपना धाम भेजा जाता है। हवन का धुआं जहां तक जाता है,प्रेत बाधा दूर होता है। मन को शांति मिलती है कथा वाचक ने कहा कि किसी भी यज्ञ के होने से मानव में आई विकृतियां अपने आप दूर हो जाती हैं। श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के माध्यम से समाज में एकजुटता आती है। हवन करने से देवता प्रसन्न होकर मानव का कल्याण करते हैं।

# मेले में सभी ठेला संचालक हॉकर्स जोन में रहकर अपना व्यवसाय करें

**अग्नि सुरक्षा के लिए सभी दुकानों का हो फायर ऑडिट**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**ग्वालियर** / श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में व्यवस्थाओं के बेहतर संचालन के लिये विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी समितियों के नोडल अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित किए गए मेले में कार्यों का भौतिक सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट मेला प्राधिकरण के कार्यालय में जमा कराएं। अपर कलेक्टर एवं मेला अधिकारी श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने शुक्रवार को विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारियों की बैठक में यह बात कही।

मेला प्राधिकरण के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अशोक चौहान, अपर आयुक्त नगर निगम श्री विजय राज, मेला सचिव श्री टी आर रावत सहित विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर एवं मेला अधिकारी श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि मेले की बेहतर व्यवस्थाओं के लिये विभिन्न समितियों को सौंपे गए दायित्वों का क्रियान्वयन करें एवं किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से भी कहा कि मेला प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मिलकर मेले में बनाए गए हॉकर्स जोन में ही ठेला व्यवसायी अपना व्यवसाय करें, यह सुनिश्चित करें। हॉकर्स जोन के बाहर किसी भी प्रकार के ठेलों के संचालन पर कार्रवाई कर उन्हें हॉकर्स जोन में ही भेजने का कार्य करें। अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये फायर अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी दुकानों का आवश्यक रूप से निरीक्षण कर फायर उपकरण रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मेला सचिव श्री रावत ने बताया कि मेले में 20 जनवरी से दंगल (कुश्ती) प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में जिला स्तर, संभाग स्तर एवं प्रदेश स्तर से पहलवान भाग लेंगे। इनका पंजीयन खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय में प्रारंभ कर दिया गया है। बैठक में विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारियों ने अपनी-अपनी समितियों के माध्यम से किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

# अवैध उत्खनन में लिप्त 4 पनडुब्बियां नष्ट कराईं, एक ट्रैक्टर जब्त

**खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण भी दर्ज**



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर / जिले में खनिज पदार्थों के उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर गई टीम ने डबरा व भितरवार तहसील के अंतर्गत ग्राम बेलगढ़ा , केथोदा , बाबूपुर मे सिंध नदी में रेत के अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध उत्खनन में लिप्त मिलीं 4 पनडुब्बी नष्ट की गईं। साथ ही एक ट्रैक्टर जब्त कर पिछोर थाने में पुलिस अभिरक्षा में रखवाया गया। इस कार्रवाई को खनिज विभाग की टीम एवं पुलिस ने अंजाम दिया। आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण नियम 2022 के तहत प्रकरण भी पंजीबद्ध किया गया है।

# ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन का कार्य तेजी से पूरा कराएं - उप मुख्यमंत्री

## मार्च तक बघवार तथा मई तक रामपुर नैकिन पहुंच जाएगी ट्रेन

**सीधी।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पन्ना से सतना, गोविंदगढ़ से सीधी तथा सीधी से सिंगरौली तक रेलवे लाइन निर्माण की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचना विकास से ही क्षेत्र का विकास होगा। विन्ध्य क्षेत्र में विकास के लिए हाईवे एयरपोर्ट की सुविधा हो गई है। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन का कार्य पूरा होते ही पूरे विन्ध्य के विकास को गति मिलेगी। इसके माध्यम से रोजगार के अवसरों और औद्योगीकरण में तेजी से वृद्धि होगी। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण में भू अर्जन की सभी बाधाएं सात दिवस में दूर करके रेलवे को जमीन उपलब्ध कराएं। जिन स्थानों से गरीब, अनुसूचित जाति, जनजाति परिवारों को विस्थापित किया जा रहा है उन्हें वैकल्पिक आवासीय भूमि देकर मकानों की व्यवस्था कराएं। कलेक्टर पूरी संवेदनशीलता के साथ विस्थापन की कार्यवाही पूरी करें। केवल मुआवजे के लिए रेलवे के लिए चिन्हित भूमि पर परिसम्पत्ति बनाने वालों पर कठोरता से कार्यवाही करें। रेलवे के निर्माण कार्य में अनुचित ढंग से बाधा डालने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीधी से सिंगरौली के बीच के निर्माण कार्यों के लिए रेलवे द्वारा वन विभाग में 17 करोड़ रुपए जमा करा दिए गए हैं। वन मण्डलाधिकारी 15 दिन की समय सीमा में रेलवे को विभागीय अनुमति जारी कराएं जिससे टेण्डर की कार्यवाही की जा सके। चुरहट के पास सोन नदी पर पुल तथा बहरी के पास गोपद नदी पर पुल एवं 17 प्रस्तावित सुरंगों का निर्माण कार्य तेजी से कराएं। कलेक्टर सीधी भू अर्जन तथा मुआवजा वितरण के सभी प्रकरण सात दिवस में निराकृत कर दें। रेलवे के अधिकारी जमीन का अधिग्रहण मिलते ही तेजी से निर्माण कार्य शुरू कराएं। गोविंदगढ़ से रामपुर नैकिन तक की रेलवे लाइन का गर्मियों में उद्घाटन किया जाएगा। रीवा से सतना रेलवे लाइन



के दोहरीकरण के शेष कार्य की बाधाएं कलेक्टर सतना दूर करें। भू अर्जन से प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा वितरित करके निर्माण की बाधाएं दूर कराकर कार्य शुरू कराएं।

बैठक में सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि सीधी जिले में रेलवे द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी पूरा सहयोग कर रहे हैं। रेलवे लाइन का काम पूरा होते ही सीधी जिले का वर्षों का सपना पूरा हो जाएगा। सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्रा ने परियोजना का कार्य तेजी से कराने का सुझाव दिया। बैठक में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि मुआवजा वितरण का कार्य सात दिवस में पूरा कर लिया जाएगा। किसी भी स्थान में निर्माण कार्य में बाधा नहीं आएगी। कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा जिले में भू अर्जन के सभी प्रकरण निराकृत कर दिए गए हैं। कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा ने बताया कि सतना-रीवा दोहरीकरण के लिए शासन के निर्देशों के अनुसार एक माह में मुआवजा वितरित कर दिया जाएगा। सतना से फुलवारी गांव तक कोई बाधा नहीं है।

रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी एमएस हाशमी ने बताया कि मार्च तक सीधी जिले के बघवार स्टेशन तक तथा मई तक रामपुर नैकिन स्टेशन तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। सिंगरौली जिले में बारिश के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम रीवा व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर रीवा बीएस जामोद, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह तथा रेलवे के अधिकारी जीएस मीणा, सुनील प्रजापति, आरके स्वाई, इन्द्रजीत वर्मा, मानसिंह मीणा उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला और अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल हुए।

## युवा दिवस पर होगा सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन

**सीधी।** युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2025 को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जावेगा। जिलास्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर मा.वि. क्रमांक 1 सीधी के मैदान में सम्पन्न कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रातः 8.30 से 9 बजे के मध्य छात्रों एवं अन्य अतिथियों का एकत्रीकरण होगा जिसमें छात्रों एवं अन्य अतिथियों को अपने निर्धारित स्थलों पर बैठने की व्यवस्था की जायेगी। इसके पश्चात अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जायेगा। साथ ही माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण अतिथियों द्वारा किया जायेगा। तद्पश्चात 9.25 से 9.30 तक अतिथिगणों का उद्बोधन पश्चात 9.30 मिनट से 10.15 मिनट के मध्य राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गायन स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री जी का संदेश, सामूहिक सूर्य नमस्कार तथा 10.15 से 10.30 बजे तक आभार एवं कार्यक्रम समापन किया जायेगा।

### एमवी एक्ट के नियमों की खुली अवहेलना

## पटाखा साइलेंसर के धमाके से सहम जाते हैं लोग, प्रेशर हार्न से नगरवासी हो रहें परेशान

**सीधी।** शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले नियमों की अनदेखी करने के चलते लोगों में लगातार आक्रोश पनप रहा है। नगर में आधा सैकड़ा से ज्यादा दो पहिया एवम चार पहिया वाहन चालको द्वारा नगर के मुख्य मार्ग एवम तंग गलियों में प्रतिदिन तेज ध्वनि के साइलेंसर और प्रेशर हार्न का उपयोग किया जा रहा है। जिससे राहगीर, स्थानीयजन व विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए निर्धारित मानकों को उद्देश्य के अनुसार लागू करने में ढिलाई बरती जा रही है और संबंधित अधिकारियों ने लाउडस्पीकर, प्रेशर हॉर्न, म्यूजिकल हॉर्न और साउंड एम्पलीफायरों से पैदा होने वाले ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले नियमों और विनियमों के बारे में जानकारी होने के बावजूद उसे लगातार नज़रंदाज़ किया जा रहा है। स्थानीयजन ध्वनि प्रदूषण के कारण कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।



**पटाखा साइलेंसर से लोग परेशान -**

जिला मुख्यालय में बाइकरों का शौक लोगों के लिए परेशानी का मुख्य कारण बनता जा रहा है। बाइक के शौकीन युवा बाइक में लगे कंपनी के साइलेंसरो को हटाकर मोडिफाइड साइलेंसर या पटाखा साइलेंसर लगा रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर ध्वनि प्रदूषण फैल रहा है। जिन पर नकेल कसने की मंशा लिये पुलिस द्वारा समय समय पर कार्रवाई भी की जाती है किन्तु ये यातायात पुलिस को सड़को में देखते ही पलक झपकते ही यू टर्न मार लेते हैं। तेज ध्वनि का शौक इन दिनो युवाओं की पहली पसंद बनती जा रही है। चाहे बुलेट बाइक हो या महंगी लग्जरी बाइक, वाहन खरीदते ही बाइक चालक साइलेंसरो को मोडिफाइड कर तेज ध्वनि के साइलेंसर या पटाखा साइलेंसर लगवा रहे है।

## सीएम राइज विद्यालय में विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में निकली गई रैली

**सीधी।** सीएमराइज विद्यालय सीधी में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक छात्राओं ने रैली निकाली। विद्यालय के प्राचार्य सुभाषचन्द पटेल के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी ज्वाला पटेल के कुशल नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने बताया कि विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार.प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में




पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित.प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1974 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आरती पांडेय, अजीता द्विवेदी, मंजुला त्रिपाठी, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, संजय तिवारी, आशीष पांडेय, हीरालाल साहू, मुन्नालाल साहू, रामलखन साकेत एवं समस्त स्टाफसभी बच्चे उपस्थित रहे।

## पुलिस परेड ग्राउंड में जनरल परेड आयोजित, पुलिस अधीक्षक ने ली सलामी

**सीधी।** जवानो को चुस्त दुरुस्त एवं अनुशासित बनाये रखने के लिये पुलिस विभाग में नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी तरताम्य में 10 जनवरी 2025 को रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे द्वारा परेड निरीक्षण हेतु पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में प्लाटूनो को सुबह 6.45 बजे खडा किया गया तत्पश्चात सुबह 7 बजे पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ली गई । सलामी उपरांत रक्षित निरीक्षक द्वारा परेड निरीक्षण हेतु पुलिस अधीक्षक को आमंत्रित किया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण उपरांत पुलिस लाईन का



भ्रमण कर अर्दली रूम में कर्मचारियों का ओआर लिये। जनरल परेड में डीएसपी मुख्यालय गायत्री तिवारी, एसडीओपी कुसमी रोशनी सिंह ठाकुर, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे, 9 निरीक्षक, 10 उपनिरीक्षक, 20 सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित पुलिस लाईन, थानो, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लगे 132 अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बिहार एवम गुजरात के सायबर लुटेरों ने उड़ाये लाखों रूपए, पुलिस ने दिलायें वापस

### पीड़ितो ने पुलिस अधीक्षक का जताया आभार

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व में दो अलग.अलग फरियादियों को वापस कराए गए 5,50,000 रुपये। बताया गया कि आवेदक बरकत अली पिता अजमत अली निवासी ग्राम कुनझुन कला थाना बहरी के द्वारा थाना बहरी एवं पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई में शिकायती आवेदन दिया कि उसके बैंक खाते से यूपीआईडी के माध्यम से कुल 350000 रूपए फर्जी तरीके से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने खाते में ट्रान्सफर कर लिया गया है। जो अपने लड़की की शादी के लिए पैसा रखा था। आवेदक की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल साइबर सेल एवं थाना प्रभारी बहरी को फरियादी के पैसे वापस कराने हेतु निर्देशित किया गया जो थाना बहरी पुलिस द्वारा सायबर सेल के माध्यम से तकनीकी एवं भौतिक दक्षता का



उपयोग करते हुए बैंक व अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर 2 टीम गठित कर आगर मालवा म.प्र. व राजकोट गुजरात भेजकर आवेदक के निकाले गये पैसे उसके बैंक खाता में 350000 तीन लाख पचास हजार रूपये वापस जमा कराये गये। कार्रवाई से प्रसन्न होकर आवेदक ने सीधी पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसी प्रकार आवेदक श्रीपाल साकेत पिता रामदीन साकेत निवासी ग्राम गजरही थाना बहरी जिला सीधी के द्वारा थाना बहरी एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर इस आशय का शिकायत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि 4 सितम्बर 2024 को अलग.अलग मोबाइल नंबर के माध्यम से फोन आया और बोला कि तुम्हारे भाई के खाते में पैसा डालना है तो अपना खाता नम्बर बताइयें भाई के खाते में पैसा नहीं जा रहा है आवेदक ज्यादा पढा लिखा व्यक्ति न होने के कारण अपना नम्बर बता दिया, इसके पश्चात आवेदक के खाते से दो बार में 198088 रूपये निकाल लिया गया। आवेदक की शिकायत पर कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी बहरी एवं साइबर सेल टीम को निर्देशित किया गया। जिस पर थाना बहरी पुलिस द्वारा सायबर सेल के माध्यम से बैंक व अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर गठित टीम को बिहार रवाना कर आवेदक के निकाले गये पैसे उसके बैंक खाता में 198088 रूपये वापस जमा कराये गये। अपने खोए पैसे वापस पाकर फरियादी ने सीधी पुलिस का आभार व्यक्त किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राकेश बैस, प्रआर रामसुन्दर साकेत, आरक्षक रजनीश द्विवेदी, राधेश्याम यादव व सायबर सेल सीधी से आरक्षक प्रदीप मिश्रा, कृष्ण मुरारी द्विवेदी एवं सचिन शुक्ला का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शनिवार, 11 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेहिचक



## संक्षिप्त समाचार

### दबंगों ने घर के सामने अंतिम संस्कार , विरोध करने पर दे रहे जान से मारने की धमकी



मामला मैहर का है जहां पर मैहर के नादन देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नादान शारदा प्रसाद गांव में कुछ दबंगों के द्वारा घर के सामने ही अंतिम संस्कार करने का कार्य किया गया है इसके बाद पीड़ित पक्ष के द्वारा विरोध जताने पर उसके साथ गाली-गलौज करने का काम किया गया इस मामले की जानकारी नादन देहात थाने में दी गई लेकिन उसके बावजूद भी आज तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई उल्टा दबंग के संरक्षण पर देहात थाना पुलिस दिखाई दे रही है वहीं पीड़ित का आरोप है दबंग पटेल परिवार से आते है और दबंग बाहुल्य होने की वजह से आए दिन परेशान करते हैं और इसके साथ-साथ मारपीट और गाली गलौज जैसी गतिविधियों को अंजाम देने की धमकी भी दी जा रही है जिसे कहीं ना कहीं पीड़ित और पीड़ित का परिवार पूरी तरह से परेशान होता हुआ दिखाई दे रहा है लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई जिम्मेदार नहीं है जिससे परेशान पीड़ित दर दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर हो रहा है।

### जनजाति क्षेत्र की शिक्षा के चलाया जाएगा अभियान

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा विद्या भारती महाकौशल प्रांत चार प्रकार की शिक्षा अपने प्रांत में चलाता है। इसमें दो प्रकार की शिक्षा प्रणाली भैया बहनों से अल्प मात्रा में शुल्क लेकर विद्यालयों का संचालन किया जाता है । वहीं दूसरी ओर महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास के माध्यम से विद्या भारती अपने समाज के जनजाति एवं अनुसूचितजाति के भैया बहनों को शिक्षा उपलब्ध कराती है इस शिक्षा व्यवस्था में ऐसेअभावग्रस्त परिवार जो आर्थिक समस्या के कारण अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते हैं उनके लिए शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जाता है महाकौशल प्रांत के द्वारा 2008 से 14 जिलों में विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम इस प्रकार की शिक्षा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसी शैक्षणिक प्रकल्पों को आर्थिक रूप से बल देने के लिए एक अभियान चलाकर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से नगर में निवासरत बुद्धिजीवी शिक्षाविद विभिन्न सेवाओं में संलग्न व्यक्तियों से आर्थिक सहयोग लेकर इस प्रकार के प्रकल्पों को बल देने के लिए एक अभियान चलाया जायेगा जो की 2 2 फरवरी तक जारी रहेगा इस हेतु पत्रक का विमोचन किया गया।

### भारतीय किसान संघ ने चक्काजाम कर ज्ञापन सौंपा



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रेम सिंह कुशवाहा पत्रकार नजीराबाद

आज माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन बैरसिया नजीराबाद तहसीलदार श्री एमएल पवार साहब थाना प्रभारी कृष्ण ठाकुर को सैकड़ो किसानों की उपस्थिति में नजीराबाद भारतीय किसान संघ ने चक्का जाम कर किसानों की समस्याओं को शीघ्र निराकरण कराने को ज्ञापन सोकर आवाहन किया अगर शीघ्र समस्या का निराकरण नहीं किया तो प्रदेश भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी

### तेन्दूखेड़ा शहर में 1 रु से कमाए 80 रुपए

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

जी हां आजकल नगर परिषद तेन्दूखेड़ा में?1 के बदले ?80 कमाने का सुनहरा मौका दे रहे सटोरियों को पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है मानो पुलिस बल को सटोरियों की जानकारी न हो सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तेन्दूखेड़ा शहर में सट्टा खिलाने वाला घूम रहा मुंबई और उसके गुर्गे चला रहे सट्टे की अवैध दुकान पुलिस क्यों नहीं करती कोई कार्यवाही आखिर क्या है मामला जल्द होगा बड़ा खुलासा सटोरियों के आगे क्यों है मजबूर तेन्दूखेड़ा पुलिस क्या ऐसी स्थिति में होगा क्षेत्र का विकास जब युवा पीढ़ी ?1 के बदले ?80 बनाने की फ़िरात में लगी रहती हो

# जिले में थमने का नाम नहीं ले रहा पशु तस्करी का काला कारोबार

## बल्लू. कल्लू आजम, दादू. मुबारक. छबारी. रज्जे खान अजमत. फहीम. के मैनेजमेंट में चल रहा पशु तस्करी का खेल

अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट
केसरिया हिंदुस्तान

पशु तस्करी का बेताज बादशाह बल्लू मेरठ में रहकर जमाया शहडोल और अनूपपुर जिले में अपना मैनेजमेंट तो वहीं कल्लू बाबा. आजम.दादू, मुबारक रज्जे ने छोटे-बड़े क्षेत्र में और थाना, चौकियों में अपनी मैनेजमेंट बनाकर गाड़ियों को पार करने का जिम्मा अपने कंधे पर उठाया

शहडोल जिले के छोटी सीधी. अमझोर. पोड़ी. कुदरी, केशवाही. बरतर. रश्मोहनी, इन सभी क्षेत्रों से होता है। पशु तस्करों का कारोबार और अनूपपुर जिले में एक बार फिर गुलजार हुजा पशु तस्करी का यह काला खेल बता दें कि छोटे बड़े ग्रामीण क्षेत्र से अपने आदमी लगाकर मवेशियों को हकवा कर जंगल के दस्ते किसी सुनसान जगह पर इकट्ठा करके रात्रि के वक्त का फायदा उठाते हुए छोटी बड़ी गाड़ियों में लोड कर जिले के अंतिम छोर देवलोंद तक पार करते हैं फिर उसके बाद दूसरे नेटवर्क को सेटिंग आगे के जिलों को पार करवाती है पशु तस्करी का मास्टरमाइंड या फिर यह कहे तो बेताज बादशाह अब्दुल कुरैशी उर्फ बल्लू जिसने क्षेत्र में पशु तस्करी का ऐसा मायाजाल और मोह जाल फैलाया है कि अब लोग ही इस तस्करी जैसे काले कारोबार में लिप्त नजर आ रहे कहां से कहां तक है इनकी मैनेजमेंट और कैसे लोड होती है पशुओं से भरी गाड़ियां यदि बात करें शहडोल जिले की तो पशु तस्करी का अधिकतर कारोबार केशबाही क्षेत्र और बरतर, खम्भीहडोल, छोटी सीधी, अमझोर पोड़ी कूटरी के जगलों के बीचो-बीच से गुलजार होता है जहां दूर दराज से मवेशियों को हकवा कर इन जंगलों में दिन के वक्त इकट्ठा कर दिया जाता है और रात होते ही गाड़ियां लगाकर जैस ठोस कर मवेशियों को भर दिया जाता है। केशवाती क्षेत्र में मवेशियों को एकता करने की जिम्मेदारी और लोड करने तक की जिम्मेदारी अजमत अली उर्फ



दादू तो वही मोहम्मद फहीम. कल्लू बाबा इनके द्वारा मवेशियों को लोड कर कर रात्रि के बक्त का फायदा उठाकर भिजवा दिया जाता है।

**आखिर कहां-कहां से होता है मवेशियों का यह कारोबार :** शहडोल जिले और अनूपपुर जिले की बात करें तो शहडोल जिले के जैतपुर रसमोहनी, भटिया खाग्भिोल. केशवाही बरतर. इन सभी आसपास क्षेत्र से मवेशियों को इका लाकर किसी एक स्थान से लोड किया जाता है... यदि बात करें अनूपपुर जिले की तो अनूपपुर जिले के कोतमा, बदरा, फूलगा सकोला. जैतहरी, पेड़ा. मेरिला, वेंकटनगर इन आसपास क्षेत्र से भी मवेशियों को इकट्ठा कर रात्रि के वक्त गाड़ियों को स्वाना किया जाता है।

**बीते दिनों इन पशु तस्करों पर हो चुकी है कई कार्यवाहियां :** बीते कुछ माह पहले ही अनूपपुर जिले के फुनगा पुलिस ने मवेशियों से भरी लोड पिकअप वाहन को अपने गिरफ्त में लिया था जिस पर कई तस्करी में संलिप्त लोगों के नाम से मुकदमा भी कायम हुआ था। जिसमें से मुख्य सरगना अब्दुल कुरेशी उ बल्लू जिसका नाम सामने आया था वहीं बीते माह अनूपपुर जिले के जैतहरी पुलिस ने भी लोड मवेशियों से भरा पिकप वाहन पकड़ा था जो की पेड़ा गौरेला से लोड कर जा रहा था।

**आखिर कैसे जमा हुआ है इनका मैनेजमेंट जबकि पुलिस कार्यवाहियां तो करती है लेकिन वह कार्रवाइया सिर्फ नाम के लिए देखी जाती है :** बता दें कि बल्लू ने अपना पूरा कारोबार का जिम्मा अपने कुछ करीबी नुमाइंदों को सीप कर रहा हुआ है। जैसे बात करें तो जिस वक्त गाड़ियां लोड की जाती है और किस क्षेत्र से गाडियों को निकालना है यह रूट प्लान और उसे क्षेत्र में पढ़ने वाले संबंधित बेरियल थाना चौकी प्रति गाड़ियों के हिसाब से उन्हें कैसे मैनेज करना है इस मैनेज का जीम्मा कल्लू बाबा के हाथों सोपा गया है जो की प्रति गाड़ियों के हिसाब से संबंधित अधिकारियों को मोटी स्कम पहुंचता है।

**आखिरकार इन मवेशियों को कहां भेजा जाता है बूचड़खाने :** शहडोल जिले और अनूपपुर जिले के मध्यवर्ती सीमा और आसपास के क्षेत्र से इन सभी मवेशियों को छोटे-बड़े वाहनों से लोड कर उत्तर प्रदेश के मेरठ बांदा और भी कई ऐसे स्थान है जहां बूचड़खाने बने हुए हैं। जहां इन बेजुबान मवेशियों का कत्लेआम बूचडखानों में सौंप कर किया जाता है। तो इन सभी के आदेश, और देख रख में होता है यह

### पशु तस्करी का कारोबार

(1.) अब्दुल कुरैशी उर्फ बल्लू निवासी मेरठ।.. (2.). आजम खान केशवाही (3) अजमत अली उर्फ दादू खान के शबाही. (4). मोहम्मद फहीम, केशवाही.. (5.). मुबारक खान कुदरी. (6) ज्वारी मझौली (7) रज्जे खान पोड़ी.. यदि इन सभी पशु तस्करों पर पुलिस सख्ती से करे कार्यवाही हो और भी नाम आ सकते हैं सामने जो लिप्त है पशु तस्करी के इस काले कारोबार में। आखिर कब पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर इन पशु तस्करों पर होगी कार्रवाई। बबलू लल्लू खान कबड्डी कबाड़ का दूसरी तरफ पशु तस्करी आसपास के क्षेत्र खरीदी करके केशरी गांव में कैसे वही गांव पिकअप वाहन से पशु तस्करी हो रहा आसपास के क्षेत्र इन दोनों रात 10:00 बजे से पूरी रात चलती पशु तस्करी आजम केशवाही में पूरा ठीक है चल रहा पिकअप गाड़ी निकलवाने का टेंडर



## जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान द्वारा जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण एवं जल जीवन मिशन, जलकर एवं अंशदान पर की गई चर्चा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-
पुरषोत्तम साहू

दमोह/पटेरा मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान भोपाल के द्वारा जनपद पंचायत पटेरा में एक दिवसीय जनपद सदस्य एवं सरपंच का सतत् विकास लक्ष्य व जनप्रतिनिधि की भूमिका, जैव विविधता, पर्याप्त जल उपलब्धता, स्वच्छ एवं हरित लक्ष्य विकास को लेकर प्रशिक्षण व जानकारी दी गई। अतिथियों के द्वारा प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर व्ही. के. गुप्ता ने विस्तृत जानकारी दी, रिसोर्स पर्सन पूनम गुप्ता एवं संजय सिंह यादव ने जल एवं भूमि प्रबंधन के बारे में बताया, मध्य प्रदेश जल निगम से ओम प्रकाश विश्वकर्मा एवं प्रदीप नामदेव द्वारा जलकर एवं अंशदान सम्बंधित जानकारी दी गई एवं ग्राम जल स्वच्छता एवं तदर्थ समिति के पुनर्गठन पर चर्चा की गई।

## 347 गर्भवती महिलाओं को मिला विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-
पुरषोत्तम साहू

**दमोह-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया गर्भावस्था दौरान उपजी स्वास्थ्य समस्यायें गर्भवती महिलाओं और गर्भ में पल रहे शिशु के लिये जानलेवा हो सकते हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्त्रीरोग विशेषज्ञों द्वारा एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मल्टीग्रेविडा, योनि से रक्तस्त्राव, हाथ पैरो में सूजन जैसी स्वास्थ्य समस्या से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण कर समस्या के समुचित उपचार के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक में नि:शुल्क सेवायें दी गई। विशेष जांच क्लीनिक में पहुंची 347 गर्भवती महिलाओं ने विशेषज्ञ सेवाओं का नि:शुल्क लाभ उठाया।

क्लीनिक दौरान आवश्यकता अनुसार गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच एवं मॉडरेट एनीमिक महिलाओं को आयरन सुक्रोज भी लगाये गये। विशेषज्ञों द्वारा गर्भावस्था दौरान रखनी वाली सावधानियों पर परामर्श एवं आयरन-कैल्शियम टेबलेट का भी वितरण किया गया। आयोजित क्लीनिक का अवलोकन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विक्रांत चौहान, डॉ राजेश नामदेव, डॉ गौरव जैन द्वारा किया गया।

गर्भवती महिलाओं और गर्भ में पल रहे शिशु की अच्छी सेहत के लिये गर्भावस्था दौरान विशेषज्ञों द्वारा लौह तत्व से भरपूर भोजन जैसे-हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत दाल, गुड़, रागी का सेवन करने, भारी काम से बचने, हल्का व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने, दोपहर को 01-02 घण्टे का आराम, गर्भावस्था दौरान कम से कम 180 आयरन टेबलेट का सेवन करने धूम्रपान अथवा अन्य सेवन से बचने की सलाह दी गई।

वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. श्रृद्धा गंगेले ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ में 49 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित उपचार सेवा दी गई। क्लीनिक दौरान एनिमिक महिलाओं को आयरन सुक्रोज भी लगाये गये। सिविल अस्पताल हटा में डॉ. रवेन्द्र ठाकुर ने 75 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं समुचित उपचार सेवाएं दी गई। आवश्यकतानुसार 10 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच भी की गई। संस्था में मॉडरेट एनीमिक महिलाओं को आयरन सुक्रोज भी लगाया गया।

तेन्दूखेड़ा में डॉ. मेघना ने गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. प्रियंका छाबड़ा ने गर्भवती महिलाओं का समुचित स्वास्थ्य परीक्षण-उपचार सेवा दी। डॉ. पूर्वशी राय ने जबेरा, डॉ. प्रतिभा पाठक ने पटेरा, हिण्डोरिया में स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सक डॉ. ज्योति द्वारा गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित उपचार सेवा प्रदान की गई।

## माता-पिता की सेवा ही भगवान की सेवा होती है :पंडित अंकित पौराणिक

दिनेश पौराणिक केसरिया हिंदुस्तान

**बड़ावदा** नगर में श्री कृष्ण गौशाला में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण को भक्त गण आनंद के साथ श्रवण कर रहे हैं आज तृतीय दिवस की कथा का वाचन करते हुए कथा व्यास श्री पंडित अंकित पौराणिक द्वारा अपनी मधुर वाणी में उपस्थित श्रोताओं को कथा का रसास्वादन कराया गया श्री कृष्ण गोपाल गौशाला भागवत कथा के दौरान गौ सेवा भी भक्तों के द्वारा की जा रही है उक्त कथा का आयोजन गौशाला में गाय की सेवा करने वाले मीराबाई एवं परिवार और सहयोगी द्वारा किया जा रहा है पंडित पौराणिक ने कहा की श्रीमद् भागवत महापुराण को सुनने मात्र से ही मोक्ष प्राप्त होता है यह कथा समस्त पापों का क्षय करने वाली है भगवान में मन लगाना ही प्राणी मात्र के लिए मोक्ष का साधन है सबको साध ले वह साधु होता है प्रत्येक जगह जो व्याप्त है वह ईश्वर की भक्ति है माता-पिता की सेवा ही कलयुग में भगवान की सेवा होती है कथा में आज कपिल भगवान ओर देवहुती के संवाद का वर्णन किया गया व्यक्ति को अपने अंतिम समय में किसी भी तरह से भगवान का नाम स्मरण करना चाहिए



जिससे उसे भगवान के चरणों में स्थान प्राप्त हो मनुष्य का जन्म मिला है तो उसे धर्म के कार्य में लगाकर भगवान के नाम का उच्चारण कर भगवान के भजनों को गाकर भगवान को रिझाना चाहिए जिससे अपना अगला भव सुधरता है सुख हो या दुख हो भगवान का स्मरण करना हमें नहीं भूलना चाहिए भागवत कथा को मन लगाकर सुनना चाहिए जिससे सुख शांति मिलती है कथा के चतुर्थ दिवस आज भगवान मनभावन गोविंद श्री कृष्ण जन्मोत्सव काआयोजन होगा कथा आयोजक द्वारा समस्त धर्म प्रेमी जनता को अधिक से अधिक संख्या में पधार कर भागवत महापुराण को श्रवण करने की अपील की

### आध्यात्मिक स्नेह मिलन का हुआ आयोजन

विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

**तेंदूखेड़ा** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तेन्दूखेड़ा सेवा केन्द्र पर नव वर्ष के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। परमात्म स्मृति व दीप प्रज्वलित के साथ शुभारंभ हुये इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में प्रीती दीदी ने अपने उद्बोधन में नए वर्ष की मंगल शुभ कामनाएं देते हुए नये वर्ष को मनाने की नई विधि बतलाई नया वर्ष तब होगा जब हम कुछ नया करेंगे। अपने जीवन मे कुछ परिवर्तन करेंगे। पहले जो करते थे वही अब करेगे तो वह नया नहीं कहला सकता।

कुछ अच्छे गुण व विशेषता को धारण कीजिये। जीवन मे नई ऊर्जा नया उमंग आएगा और आप सफलता की ओर अग्रसर होंगे। भाई - बहनों ने बुरी आदतों व्यसन छोड़ने जल्दी उठने व मेडिटेशन करने का दृढ़ संकल्प लिया वैल्यूज से सम्बंधित बलून गेम भी कराया। तथा आगामी 3 फरवरी में अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर नारी शक्ति अवॉर्ड से सम्मानित बी.के.सिस्टर शिवानी दीदी नरसिंहपुर आ रही है।

## कोई कितना भी चाहे, भारतीय संस्कृति को खत्म नहीं कर सकता है : संत उमाकान्त जी महाराज

### फिल्मी संस्कृति को अपनाओगे तो आपको पछताना पड़ेगा




**( उज्जैन )।** परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने उज्जैन आश्रम पर नव वर्ष के अवसर पर दिए सतसंग संदेश में बताया कि आजकल छोटे-छोटे बच्चे - बच्चियों, युवाओं में संस्कारों की जो कमी होती जा रही है, इसका भविष्य में परिणाम दिखाई देगा। यदि समय पर इनके माता - पिता इनको नहीं समझा पाए तो सामाजिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि ये कच्ची उम्र के बच्चे अपने माता - पिता के रहन - सहन, बोलचाल के तरीके से ही सीखते हैं।

माता - पिता के व्यवहार से ही बच्चों पर असर पड़ता है: जैसा व्यवहार माता-पिता करते हैं, उसका असर बच्चे - बच्चियों पर पड़ता है। पिता अगर गांजा - भांग, शराब पियेगा, तो अपने ही बच्चों को यही सब करने से कैसे रोक पायेगा ? आजकल खुद को मॉडर्न कहने वाली महिलाएं अपने बच्चे-बच्चियों को लेकर कहीं बाहर घूमने जाती हैं, तो जिस प्रकार से पोज बनाती हैं, उसी तरह से ये बच्चे भी सीखने लगते हैं। हीरो - हीरोइन के जैसे कपड़ा पहनते हैं, अर्धनग्न होकर घूमते हैं कि हमारा प्रचार हो जाए, एड मिलने लग जाएं, वीडियो यू ट्यूब पर ज्यादा से ज्यादा लोग हमको देखें आदि विचारों के प्रभाव में आकर माता - पिता ऐसा करते हैं। इसलिए इन बच्चों को भी वैसा ही सीखने को मिलता है। बाबा जी ने आगाह करते हुए कहा कि आज के 10-15 साल के बाद, एक ऐसा समय आएगा, जब यही बच्चे-बच्चियां बड़े होंगे, तो बुढ़ापे में आप महसूस करोगे कि जवानी के समय में हमने अपने जीवन की बहुत बड़ी गलती किया। रोना पड़ेगा कि जिस बात को हम अपने बच्चों को सिखा समझा नहीं पाए, उसका खामियाजा हमें बुढ़ापे में भोगना पड़ रहा है। इस चीज को आप सभी लोग अपने बुद्धि और विवेक से समझने का प्रयास करिए।

# शिशु नगरी के तहत नन्हें मुन्ने भैया बहिनों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा विद्या भारती महाकौशल प्रांत की योजना के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी के तहत नन्हें मुन्ने भैया बहिनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिता तथा खेल खेल में सीखनें कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अपर्णा चौबे महिला पुलिस आरक्षक सुमन ठाकुर माधव ग्राम भारती के जिला समन्वयक गोविंद किरार कोषाध्यक्ष हीरेंद्र नायक विद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी से वसंत खैरोनिया राजू पाली नीरज राय पत्रकार सौरभ पांडे जीतेन्द्र रजक सहित अविभावक प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। सरस्वती पूजन वंदना के साथ कार्यक्रम की प्रस्तावना पर चर्चा करते हुए जिला समन्वयक गोविंद किरार ने सरस्वती शिशु मंदिर संपूर्ण देश में 24हजार विद्यालयों का संचालन करती है जिनमे विद्या भारती महाकौशल प्रांत की योजना से शिशु नगरी के कार्यक्रमों की जानकारी दी।नई शिक्षा नीति के अंतर्गत जो 12 आयाम तय किए गए हैं बच्चों को बिना बैग शिक्षा उपलब्ध कराना जैसी अनेक बातें इस योजना के अंतर्गत आती है शिशु नगरी योजना के अंतर्गत बच्चों के विकास के साथ-साथ बच्चों की माताएं को भी आमंत्रित किया गया एवं उनकी भी प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर कराई जा रही है। कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के



बच्चे इस आयोजन का हिस्सा है।

**बच्चों के शैक्षणिक बौद्धिक विकास के साथ साथ खेल जरुरी :** इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य अपर्णा चौबे ने बताया कि बच्चों के शैक्षणिक बौद्धिक विकास के साथ-साथ उन्हें खेलकूद की गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। 0 से 5 साल तक की आयु में बच्चों का पर्याप्त शारीरिक विकास होता है माताएं बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं उन्हें चाहिए कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें । शासन के द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रयोग किया जा रहा है। आगामी समय में सकारात्मक परिणाम समाज को देंगे जिसके अंतर्गत छोटे बच्चों को बगैर बेग की शिक्षा भी को भी जोड़ा गया है जो वर्तमान में सुनने को तो थोड़ा अजीब सा लगता है किंतु आगामी समय में नई शिक्षा नीति के माध्यम समाज में परिवर्तन आएगा। पुलिस की ओर से उपस्थित रही आरक्षक सुमन के द्वारा भी बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक बातें बताई गई। खेलकूद के माध्यम से भी कैसे शिक्षा पर जोर दिया जा सके इस इस विषय पर उनके द्वारा विचार रखें गए विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश किरार द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत मातृशक्ति का स्वागत आचार्य दीदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य दौड़ आदि गतिविधियां का आयोजन हुआ नई शिक्षा नीति के अंतर्गत जो 12 विषय तय किए गए उनके प्रदर्शनी आयोजित की गई आगंतुक अतिथियों के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन छोटे बच्चों के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की गई। संस्था के प्रधानाचार्य कमलेश किरार द्वारा शैक्षणिक कैलेंडर प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों को कराई प्रकृति की अनुभूति

**विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा हर साल की तरह मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड एवं वनविभाग के संयुक्त तत्वाधान में वनमण्डल परिक्षेत्र बरमान के जामुनपानी में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य स्तर पर इस वर्ष की थीम मैं भी बाघ हम हैं बदलाव रखा गया है। इसी के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा के 126 छात्र-छात्राओं को जामुनपानी जंगल का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में प्रकृति पथ पर विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन वन्यप्राणी स्थानीय वनस्पति की जानकारी दी गई। वनविभाग द्वारा कराये गये कार्यों से बच्चों को अवगत कराया गया। भोजन उपरान्त बच्चों का लघु वनोपज जड़ी-बूटियों मिशन लाईफ प्रो-प्लेनेट पीपल के संबंध में जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं शपथ ग्रहण का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम में अनुभूति प्रेरक आर एस खरे वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव वानखेड़े परिक्षेत्र सहायक प्रभात कुमार पटेल वनपाल गोपाल प्रसाद पटेल विकास दुबे रामकुमार अवस्थी भूपेन्द्र ठाकुर गीतेश पटेल रूपनारायण पटेल नरेन्द्र ठाकुर संदीप कोष्ठी अंकित पवार शिक्षक शिक्षिकायें वन विभाग का स्टाफ प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

### निस्वार्थ समाज सेवा संगठन द्वारा धनपुरी में हुई असहायो की हुई मदद





**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट केसरिया हिंदुस्तान**

निस्वार्थ समाज सेवा संगठन द्वारा स्वामी विवेकानंद बाजार मंच, धनपुरी में एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाज के गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा और सहायता के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कंबल वितरण, समाज में जागरूकता फैलाने, दीप प्रज्वलन और रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदान करने जैसी अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका धनपुरी सीएमओ श्री प्रभात बरखड़े जी, अध्यक्ष रविंद्र कौर छाबड़ा जी सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों (अध्यक्ष, पार्षद, कार्यकर्ता आदि) ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। साथ ही संगठन के सभी सदस्यों ने भी मिल कर इस आयोजन से समाज सेवा के प्रति जागरूकता और मानवता के प्रति समर्पण का अद्भुत संदेश दिया। नि: स्वार्थ समाज सेवा संगठनजिला अध्यक्ष योगेंद्र महरा,जिला उपाध्यक्ष विवेक भारती, कोषाध्यक्ष रत्ना गुप्ता, सचिव धीरज साहू, सहसचिव विकास कोल,अभय दहिया, सदानंद भारती रोहित कोल, राजेश महार, अंकित गुप्ता, रवेंद्र गुप्ता, पप्पू चौधरी, पियूष पटेल,अमित नापित, अखिल महोबिया, रमाशंकर वर्मा शहडोल से वरिष्ठ समाज सेवी सोनू दुबे, उमेश रजक अनूपपुर से वरिष्ठ समाज सेवी पवन गुप्ता शिवम सिंह वैश्य रघुनंदन सिंह समाज सेविका किरन श्रीवाश अंजली मिश्रासभा पति प्रवीन भाड़ोलिया सभापति स्कन्द सोनी जयंत जैसवानी सांसद प्रतिनिधि मोहन सोनी पार्षद दिव्य रेखा सिन्हा इत्यादि शामिल हुए।

### प्रतिभाशाली छात्र सुजल एमबीए अध्ययन के लिए लंदन प्रस्थान

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**9977848634**

सनावद- नगर के प्रतिभाशाली छात्र सुजल जैन एमबीए के अध्ययन हेतु शुक्रवार को लंदन के लिए रवाना हुए। जाने-माने उद्योगपति भागचंद जैन एवं लायंस क्लब की जीईटी कॉर्डिनेटर के पुत्र सुजल ने अपनी प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा स्थानीय विमला कॉन्वेंट स्कूल और गुरुकुल स्कूल से पूर्ण की। तत्पश्चात इंदौर की एमराल्ड हाइट्स स्कूल से हायर सेकेंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण कर, पुणे से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। सुजल ने कहा कि एमबीए करने के उपरांत व्यवसाय के क्षेत्र में काम करेंगे और युवाओं रोजगार उपलब्ध कराएंगे। सुजल को परिजनों और मित्रों ने शुभकामनाएं दी हैं।



# अनुभूति हम हैं बदलाव जंगल में जाकर छात्रों की अनुभूति

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

**सिलवानी** पूर्व वन परिक्षेत्र में हम हैं बदलाव,,एक आवाहन है एक पुकार है जो हमें आत्मनिर्भरता और समुदाय की शक्ति में विश्वास दिलाता है यह हमें बताती है कि सामूहिक रूप से किए गए प्रयास सबसे प्रभावी होते हैं आज के बच्चे और युवा इस धरती के भविष्य निर्माता है और इस कार्यक्रम के जरिए उन्हें यह जिम्मेदारी समझने का प्रयास अनुभूति केंप में किया गया है।

राज्य वन सेवा उप मंडल अधिकारी सामान्य सिलवानी की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में राज्य सेवा वन परि क्षेत्र अधिकारी सिलवानी पूर्व के निर्देशन में प्रतिशत सहायक व्रत सिंहपूरी बीट ब में एक दृश्य अनुभूति कैंप का आयोजन में बाघ हम में भी बदलाव थीम पर किया गया।

एक दिवसीय अनुभूति के कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय मुआर एवं चिचोली के 120 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया अनुभूति कार्यक्रम में प्रकृति पथ पर बनो वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के महत्व तथा संरक्षण के प्रति छात्रों को जागरूक किया छात्रों को प्रकृति प्रत्यक्ष अनुभूति कराई गई तथा प्रकृति में वन्य जीवों की भूमिका पक्षी दर्शन, मृदा संरक्षण, वन्य प्राणियों का संरक्षण पर्यावरण संरक्षण, मिशन लाइफ, एक पेड़ मां के नाम एवं इकोसिस्टम के बारे में तथा वनों में लगने वाली आग से बच्चों को विस्तार से जानकारी वन क्षेत्र अधिकारी सिलवानी आदर्श मिश्रा द्वारा दी गई।

प्रकृति पथ पर स्वल्पाहार एवं पर्यावरण संबंधी खेल खेले गए प्रकृति भ्रमण उपरांत वीट सिंहपुरी में स्थित नदी के किनारे प्रकृति की गोद में दोपहर भोजन उपरांत बच्चों के साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में विजय छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र उपवन मंडल अधिकारी सामान्य सिलवानी एवं वन परीक्षित अधिकारी पूर्व सिलवानी सामान्य एवं उपस्थित जन प्रतिनिधि सर्वेश खरे, विक्रम शाह गणमान्य नागरिक आलोक रघुवंशी ,गजेंद्र गुप्ता ,आदित्य रामशरण , श्री राम सेन प्रशासनिक अधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी थाना प्रभारी सिलवानी ने प्रदान किया इस वर्ष की अनुभूति कार्यक्रम की थीम में भी बाघ की जानकारी छात्र एवं छात्राओं को परीक्षेत्र अधिकारी मिश्रा द्वारा दी जाकर बाघ थीम सामूहिक गायन किया गया तत्पश्चात प्रकृति संरक्षण की शपथ लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि में भूपेंद्र ठाकुर सरपंच, सर्वेश खरे युवा नेता विक्रम शाह पूर्व सरपंच राजीव समैया सरपंच एवं वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष, गणमान्य नागरिकों में आलोक रघुवंशी, गजेंद्र गुप्ता व्यापार में महासंघ अध्यक्ष, आदित्य रामशरण अध्यक्ष एकल अभियान समिति, रिंकू श्रीवास्तव सचिव और प्रशासनिक अधिकारियों में जयप्रकाश त्रिपाठी थाना सिलवानी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा शिक्षकों में राजेंद्र भार्गव ,भगवत सिंह कुशवाहा ,अविनाश श्रीवास्तव, प्रेम नारायण गौर, रोहित रघुवंशी, उपस्थित रहे मंच संचालन पुष्पेंद्र शर्मा वनरक्षक द्वारा किया गया।

अनुभूति कार्यक्रम की दौरान विद्यालय के शिक्षकों वन विभाग के उपवनमंलाधिकारी इंदरसिंह बारे वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व सिलवानी आदर्श मिश्रा एवं वन क्षेत्र परिक्षेत्र सिलवानी के समस्त कर कर्मचारियों के सहयोग से उक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सिलवानी नगर क समस्त पत्रकार गण एवं अन्य विभागों के लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

इस कार्यक्रम की विशेषता रही कि जब प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ तो कई छात्रों ने कई प्रश्नों के उत्तर दिए वही लेखन प्रतियोगिता एवं चित्रकला में भी कई बच्चों बच्चों ने संपूर्ण प्रकृति के दर्शन कराए एवं पर्यावरण की दृष्टि को रखते हुए अच्छे-अच्छे पोस्ट तैयार किया जो देखने लायक थे।

# आबकारी वृत्त ओबेदुल्लागंज, रायसेन, बेगमगंज, बरेलीकी अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही

दिनाँक10 /01/25को कलेक्टर श्री अरविंद कुमार दुबे के निर्देशन मैं श्रीमती वंदना पाण्डेय सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश से कंट्रोलर श्री सुदीप तोमर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्व मे आबकारी वृत्त ओबेदुल्लागंज, रायसेन ,बेगमगंज बरेली व्रत की संयुक्त टीम का गठन किया गया जिसके द्वारा मंडीदीप एवं गौहरगंज तहसील अंतर्गत ग्राम धामधुसर,साजड़ी सर्रआ अगरिया जठानपुर छोटी झिरी आलमपुर पर दबिश दी गयी जिसमे 18प्रकरण दर्ज हुए 11 लोगो को मोके पर गिरफ्तार किया गया कार्यवाही मे 198 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब 98 पाव प्लेन मदिरा, 14 बोतल बियर,63पाव अंग्रेजी मदिरा जब्त की गई एवं लगभग 2200 द्मद्द महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया जिसका मूल्य 330458 रुपये है,कार्यवाही मैं आबकारी उपनिरीक्षक गौरव भद्रसेन ,रविन्द्र अहिरवार,राजेश विश्वकर्मा, मुकेश श्रीवास्तव शामिल रहे , कार्यवाही से शराब का अवैध व्यवसाय करने वालो मैं हड़कंप है पूर्व मे भी आबकारी विभाग की कार्यवाही मैं सेमरी पंप हाउस,तामोट, सररई, सिन्धी केम्प, अर्जुन नगर ,मंडीदीप नया पुरा दिवतिया जैसे कच्ची शराब के विक्रय स्थलों पर बड़ी कार्यवाही की गई थी जिसमे कई सौ लीटर अवैध शराब एवं हजारो किलो महुआ लहान जब्त किया गया था इस प्रकार की बड़ी कार्यवाही से अवैध शराब के निर्माण विक्रय संग्रहण एवं परिवहन मैं कमी आएगी



सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती वंदना पाण्डेय द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी

### नेशनल एनिमल डीजीज कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत एफएमडी टीकाकरण कार्यक्रम 15 फरवरी तक जारी रहेगा

**सीधी।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जानकारी देकर बताया है कि संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल के पत्र दिनांक 19.12.2024 के अनुसार जिले में नेशनल एनिमल डीजीज कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत एफएमडी (मुंह पका एवं खुर पका रोग) टीकाकरण कार्यक्रम 01.01.2025 से 15.02.2025 तक पूर्ण किया जाना है। एफएमडी टीकाकरण कार्यक्रम नि:शुल्क भैसवंशीय पशुओं में किया जाना है। टीकाकरण कार्य के सम्पादन के लिए जिले में पदस्थ सभी पशु चिकित्सकों एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के द्वारा किया जावेगा।

# माँ गुलाब रानी का देवलोकगमन

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**



सिलवानी विधानसभा के ग्राम गोरखी निवासी गुलाब रानी 100 वर्ष पूर्ण कर देवलोकगमन हुआ। माता जी ने अपने परिवार की पांच पीढ़ियाँ माँ के आंचल की शीतल छाया में बड़ी आज अपने पीछे भरापूरा परिवार जिसमे उनके 6 पुत्र 2 पुत्री एवं नाती,पंती तथा संती को अपनी गोद मे खिलाया । उनके सबसे बड़े पुत्र डॉ एच आर सेन एवं मझले पुत्र श्री पुरुषोत्तम सेन स्वास्थ्य विभाग में पर्यवेक्षक के पद से 15 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए तीसरे नम्बर के पुत्र श्री मोहनलाल सेन सिंचाई विभाग में अमीन के पद से सेवानिवृत्त सभी पुत्रो को उच्च शिक्षित किया उनके ही मार्गदर्शन में सबसे छोटे पुत्र ने एम एस सी , एम. फिल,एवं पीएच. डी कर शासकिय सेवा की बजाय समाजिक क्षेत्र में काम करना तय किया जो समाज मे उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे है जिनका नाम एच बी सेन जो इस समय रायसेन में निवास करते हैं , नाती पोते ष्ट , स्न्क, फार्मेसी की शिक्षा कर चुके है एवं अध्ययन रत है । यह सभी माँ की आशीर्वाद से हुए है । माँ गुलाबरानी सेन का अस्थि संचय दिनांक 12 जनवरी दिन रविवार को किया जवेगा

# ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन

**केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

घटिया निप्र राज्य आनंद संस्थान भोपाल मध्य प्रदेश शासन विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से राजस्व विभाग एसडीएम तहसीलदार स्वास्थ्य विभाग जनपद पंचायत विभाग कृषि विभाग परियोजना विभाग अन्य सभी भागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे सभी ब्लॉक स्तरीय विभाग मौजूद रहे कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीम महोदय राजाराम करजारे द्वारा किया गया वहीं राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित सरपंचों को भी सम्मानित किया गया इसी कड़ी में सरपंच रूप पति मनोज लोहिया ग्राम पंचायत सुरसा को सम्मानित किया गया वही कार्यक्रम में पधारे डॉक्टर प्रवीण जोशी मास्टर ट्रेनर स्वामी मुस्कुरा के जिले से आनंद दय आनंद सहायक सहायक वी प्रोग्राम के अंतर्गत आदि लोग पधारे थे वही कार्यक्रम का संचालन केदार परिहार ने किया कार्यक्रम में शिरकत की सुरेश चंद्रपाल कुलदीप भभूतियां प्रीतम सिंह मेवाडा ओपी परमार रविंद्र यादव मनोहर मालवीय एस पांचाल आदि लोग उपस्थित थे वहीं कार्यक्रम का आभार अतिरिक्त अधिकारी रितेश कुमार सोनी ने माना





# अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा दिव्यांग बालक छात्रावास में बांटे गए गर्म कपड़े

**धनंजय वडसमुद्रकरजोशी की**

**छिन्दवाड़ा (केसरिया हिंदुस्तान )** अंतर्राष्टीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी द्वारा दिनांक 9 जनवरी को अंतर्राष्टीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के बैठक के उपलक्ष में नागपुर रोड स्थित सी डब्लु एस एन दिव्यांग बालक छात्रावास में सभी दिव्यांग बालक को गर्म कपड़े, कंबल फल का वितरण किया गया। सभी बालक कपड़े पाकर खूब प्रसन्नचित नजर आई । अंतर्राष्टीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन छिन्दवाड़ा की महिला जिला अध्यक्ष सुनीता सोमकुंवर द्वारा बताया गया कि संगठन के माध्यम से निरंतर आगे भी ऐसे साहरनीय कार्य किए जाएंगे । संगठन के माध्यम से ऐसे अनेकों कार्यक्रमों के द्वारा असहाय लोगों की मदद की जाएगी। इस अवसर पर अंतर्राष्टीय मानव अधिकार संगठन के राष्टीय प्रदेश उमेश यादव प्रदेशअध्यक्ष अशोक सिंह राय संभाग अध्यक्ष विजय राजक जी संभाग वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह बग्गा जी जिला अध्यक्ष राजेंद्र डेहरिया,छिंदवाड़ा महिला जिला अध्यक्ष सुनीता सोमकुवर, जिला प्रचारक मंत्री आराधना पाटिल, प्रदेश उपाध्यक्ष सिंधु राज जिला सचिव धनंजय वडसमुद्रकरजोशी, छिंदवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष मंगल उइके जमुआ ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप राक्सेअशोक जैन समस्त पदाधिकारी और दिव्यांग छात्रावास का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।



## उज्जैन गरोठ फोरलेन पर ग्राम तुलाहेडा में सर्विस रोड दिए जाने हेतु किसानों एसडीएम राजाराम करजरे को सौंपा ज्ञापन

**केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**घट्टिया** - उज्जैन गरोठ फोरलेन पर ग्राम तुलाहेडा में सर्विस रोड दिए जाने हेतु किसानों एसडीएम राजाराम करजरे को ज्ञापन सौंपा भारतीय किसान संघ के द्वारा किसानों ने ग्राम तुलाहेड़ा में कृषि भूमि कि सम्पूर्ण सीमा पर स्थित होकर ग्राम उज्जैन गरोठ रोड़ से लगी हुई होकर कृषि भूमि पर जाने में समस्त ग्रामवासीगणों को परेशानीयो का सामना करना पड रहा है। किसान अपनी कृषि भूमि पर ठीक ढंग से कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं किसानों की आजीविका का साधन एक गोत्र कृषि ही है। उक्त कृषि भूमि पर आने जाने एवं समस्त कृषि यंत्रों को लाने ले जाने हेतु ग्राम तुलाहेडा कि सीमा में उज्जैन गरोठ रोड के दोनों ओर सर्विस रोड दिए जाने किसानों ने एसडीएम राजाराम करजरे को ज्ञापन सौंपा है। किसानों कहा है कि समय रहते सर्विस रोड नहीं दिया जाता है तो समस्त ग्रामवासीगणों को जन आंदोलन करने हेतु विवश होना पड़ेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आप प्रशासन कि रहेगी।



# प्रत्येक पेंशनर की नियमित पेंशन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और पेंशनरों की प्रशासनिक समस्याओं का तत्काल किया जाएगा समाधान

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9977848634**

## पेंशनरों को दफ्तरों के चक्कर काटने पर विवश नहीं होने देंगे-विधायक

सनावद-विधायक ने कहा कि सरकारी कर्मचारी और अधिकारी राष्ट्र और समाज की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा देते हैं। इसलिए सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारी को समय पर बिना किसी प्रशासनिक दिक्कत के पेंशन मिलना ही चाहिए। एसोसिएशन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष राधेश्याम पाटीदार ने पेंशनरों की समस्याएं बताते हुए कहा कि मप्र और छत्तीसगढ़ के बीच मौजूदा धारा 49 को अब विलोपित कर दिया जाना चाहिए। ताकि सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारी को एरियर और महंगाई भत्ता छत्तीसगढ़ सरकार की बिना अनुमति के समय पर मिल सके। एसोसिएशन की मांग है कि मप्र में पुरानी पेंशन व्यवस्था पुन:लागू की जाए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 3 सौ दिन के अर्जित अवकाश का लाभ बिना किसी अवरोध के सहजता के साथ दिया जाए।एसोशिएशन के प्रांताध्यक्ष राजकुमार दुबे ने पेंशनरों की प्रशासनिक समस्याओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और मांग रखी कि वरिष्ठ पेंशनरों की समस्याओं का तत्काल समाधान होना चाहिए। क्योंकि वृद्धावस्था में दफ्तरों के चक्कर काटना बड़ा तकलीफदेह रहता है। विधायक ने एसोसिएशन की मांगों को उचित बताते हुए कहा कि प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार पेंशनरों की सभी कठिनाइयों के स्थायी समाधान हेतु हरसंभव प्रयास कर रही है।विधायक ने कहा कि वरिष्ठ पेंशनरों द्वारा बताई गई प्रशासनिक दिक्कतों के निदान के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे। ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बिना किसी बाधा के पेंशन,एरियर और महंगाई भत्ता समय पर मिल सके। विधायक ने आश्वस्त किया कि पेंशनरों द्वारा उनकी समस्याएं संज्ञान में लाने पर त्वरित समाधान किया जाएगा।एसोसिएशन के मणिशंकर डोंगरे ने सनावद नगर के रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले चक्काजाम की समस्या की ओर विधायक का ध्यानाकर्षण किया। विधायक ने कहा कि सनावद रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले चक्काजाम के स्थायी समाधान के लिए डाक घर से लेकर रेलवे क्रॉसिंग तक डिवाइडर लगाए जाएंगे ताकि रेलवे क्रॉसिंग तक डिवाइडर लगाए जाएंगे ताकि रेलवे क्रॉसिंग से गुजरने वाले वाहन अपनी लेन से वाहन निकाल सकें। डिवाइडर लगाने से रेलवे क्रॉसिंग की चक्काजाम की समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।इस दौरान एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष राजेश जोशी, मीडिया प्रभारी रामबक्स सगर, जिला विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष मीना मंडलोई, सनावद इकाई अध्यक्ष सुभाष सोनी, बड़वाह इकाई अध्यक्ष दशरथ पटेल, सुनील जोशी, दुर्गाशंकर पाटीदार, दिनेश विमलचंद जैन, अरुण मंडलोई, महेंद्रसिंह मंडलोई, रमेशसिंह सोलंकी, रमाकांत गीते, रंजना भावसार, कुसुम जैन, शारदा चतुर्वेदी, अरुणा कोचक, रंजना जोशी, सरोज शुक्ला, किशोरसिंह मंडलोई, रमेश बिर्ला, ओमप्रकाश कुमरावत, शांतिलाल जायसवाल, चंद्रशेखर डालके, अशोक पंवार, राधेश्याम शर्मा, जीवनसिंह सोलंकी, हेमचंद पाठक, रणवासे सावले, बाबूलाल खरे, भाजपा नेता मानसिंह राठौर, अनिल अजमेरा, महेश गुर्जर, संजय राठौर, शुभम शर्मा, सरोज इंगला, दुर्गेश परिहार, सुनील माली सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र लाठिया एवं दुर्गाशंकर पाटीदार ने किया।

# बैरसिया क्षेत्र ग्राम नायसमद में स्वास्थ्य के नाम पर चल रहा है जान से जोखिम वाला इलाज युवक बी ए की डिग्री लेकर बना डॉक्टर एमबीबीएस

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही घट सकती है कभी भी बड़ी घटना

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854



**बैरसिया ।।** राजधानी भोपाल के बैरसिया क्षेत्र में कई फर्जी डॉक्टर एम बी बी एस डॉक्टर की तरह बड़े-बड़े क्लीनिक खोलकर इंजेक्शन से लेकर बोटल लगकर कर रहे हैं मरीज के साथ जोखिम भरा इलाज बिना जांच करें ही सभी रोगो का चल रहा है इलाज ऐसा ही एक मामला ग्राम नायसमद में देखने को मिला जब हमने सघन विश्वास से फोन पर बात की डॉक्टर साहब आप कहां पर हैं बंगाली सगन विश्वास ने बताया कि मैं अभी बाहर हूं बोलिए क्या काम है मैंने कहा मुझे इलाज करवाना है हां तो क्लीनिक पर लड़का बैठा हुआ है उससे इलाज करवा लीजिए जब हम क्लीनिक पर पहुंचे वहां पर एक युवक बैठा हुआ था उस युवक से बात हुई तो मैंने कहा मुझे इलाज करवाना है उसने बोला करवा लीजिए हमारे द्वारा पूछा गया आपकी डिग्री क्या है उन्होंने कहा मैंने बी ए की डिग्री की है पूछने पर बताया आप क्या-क्या इलाज करते हैं उन्होंने कहा यहां पर सभी प्रकार का इलाज किया जाता है इस युवक को देखकर हैरान हो गए बी ए की डिग्री लेकर एमबीबीएस बनकर इलाज कर रहा है जब डॉक्टर बंगाली सघन विश्वास से फिर फोन पर बात की तो डॉक्टर साहब यह कैसे इलाज कर पाएंगे यह तो डॉक्टर ही नहीं इन्होंने तो बी ए की डिग्री की है उन्होंने जवाब दिया नहीं वह सालों से इलाज कर रहा है आप इलाज करवा लीजिए आपका इलाज हो जाएगा आपको बता दे की यह झोलाछा डॉक्टर मरीज के साथ जान से खिलवाड़ कर रहे हैं ऐसे में कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं जो अनपढ़ डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में बैठे हैं ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की घोर से लापरवाही देखने को मिल रही है इन अनपढ़ डॉक्टरों की जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे

# भाजपा नेता परमार को मिली हाई कोर्ट से जमानत, वेयरहाउस प्रबंधन आरडी शर्मा की आत्महत्या मामले में थे आरोपी

### 26 दिनों से चल रहे थे फरार,पुलिस ने 10 हजार का इनाम भी घोषित किया था

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



आलोट ।पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा नेता राजेश परमार को आज जमानत मिल गई, परमार की अग्रिम जमानत अर्जी शुक्रवार को इंदौर हाई कोर्ट में आज सुनवाई हुई,सुनवाई के दौरान इंदौर हाई कोर्ट न्यायाधीश संजीव कुमार खलवीयकर ने उनकी जमानत अर्जित स्वीकार कर ली।

**ये था मामला :** 14 दिसंबर को सुबह वेयरहाउस कॉरपोरेशन के प्रबंधक आरडी शर्मा ने आलोट भाबी पूरा स्थित अपने निवास पर सल्फास खा लिया था जिससे उनकी इंदौर इलाज के दौरान मौत हो गई थी, पुलिस ने 2 दिन बाद आरडी शर्मा के परिजनों के सामने आरडी शर्मा के रूम का ताला खुला तो वहां से एक सुसाइड नोट मिला जिसमें उन्होंने अपने मौत के जवाबदार भाजपा नेता राजेश परमार को मनोज काला को बताया। आरडी शर्मा ने जो सुसाइड नोट लिखा था उसमे पहले जय गिरिराज लिखा, मैं पिछले एक वर्ष से मानसिक परेशान हूं मनोज काला व राजेश परमार ने अपने गोदाम में रखा स्कंद गायब कर दिया,मेरी मौत के जवाबदारी यह दोनों।

**घटना के बाद दोनों भाजपा नेताओं पर केस दर्ज हुआ:** 14 दिसंबर को आरडी शर्मा ने सल्फास खाकर अपनी जान दी, अगले दिन 15 दिसंबर को दोनों भाजपा नेता राजेश परमार व मनोज काला पर पुलिस ने हत्या के लिए उकसाने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। दोनों पिछले 26 दिनों से फरार चल रहे हैं, इनकी गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कुछ दिन पहले 10-10 के इनाम की भी घोषणा की थी।

# सरकार गरीबों के कल्याण के लिए है कार्य कर रही है-राज्यमंत्री श्री लोधी

## 87.98 लाख की लागत के कार्यो का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह -** जबेरा विधानसभा के जनपद तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचायत बादीपुरा एवं बगदरी में 74.98 लाख की लागत से दो अटल ग्राम सुशासन भवन (पंचायत भवन) का निर्माण किया जायेगा एवं ग्राम पंचायत बगदरी के ग्राम तिंदनी में 13 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया गया है । सरकार गरीबों के हित में निरंतर योजनाएं बनाकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में व्यक्त किये। इन पंचायत भवन के निर्माण से ग्राम के लोगों को सुविधा प्राप्त होगी जिसमें अधिकारी-कर्मचारी जन बैठकर सभी के कार्य करेंगे। उन्होंने कहा आप सभी को निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का ध्यान रखना है, ताकि मजबूती से भवन निर्माण हो सके अगर किसी भी प्रकार से लापरवाही की जा रही है तो उसकी सूचना हम तक अवश्य पहुंचाये, जिससे संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा सके।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा विगत वर्षों से नवीन आंगनबाड़ी केंद्र की मांग आ रही थी जिसका निर्माण हो चुका है, इनके निर्माण से आप सभी के छोटे-छोटे बच्चे लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर के माध्यम से सरकार आपके द्वार पर आई है और आपकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारी निराकरण करेंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा मैंने संकल्प लिया था कि विधानसभा के प्रत्येक ग्राम में नल जल योजना के माध्यम से पीने का शुद्ध पानी प?

# ई-नगर पालिका 2.0 सॉफ्टवेयर लॉन्च, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा डिजिटल इंडिया को बढ़ावा मिलेगा

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा ई-नगर पालिका 2.0 सॉफ्टवेयर लॉन्च किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर पालिका के कक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित, राजस्व सभापति अजयपाल राजपूत के समक्ष टीम के लीडर आकाश शुक्ला, अभिषेक रेकवार और राजस्व से जीवन सिंह दांगी आदि ने इस संबंध में एप्लीकेशन की बारीकियों से अवगत किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए ई-नगर पालिका के पार्टल मैनेजर जीवन सिंह दांगी ने बताया कि ई-नगर पालिका 1.0 के जरिए 22 नागरिक सेवाएं दी जा रही हैं। इसमें 15 मॉड्यूल शामिल हैं। ई-नगर पालिका को अलग-अलग विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग और भारत सरकार के अहम मोबाइल एप्लीकेशन से भी जोड़ा गया है। नए पोर्टल में एक मॉड्यूल सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इनमें जीआईएस आदि सुविधा शामिल की गई है। उन्होंने बताया कि ई-नगर पालिका 1.0 जोकि वर्ष 2015-16 में चालू किया गया था। गत वर्ष 22 दिसंबर 2023 को पोर्टल हैक हो जाने के कारण पोर्टल एवं सर्वर ठीक से चल नहीं पा रहा था। मध्यप्रदेश नगरीय प्रशासन द्वारा नवीन पोर्टल उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आरंभ दिया गया है जिसे शुल्क जमा करने के लिए तैयार किया गया है, नए पोर्टल में उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यूपीआई केस चेक द्वारा भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नया पोर्टल आज दिनांक से लाइव हो गया है जिसके माध्यम से आम उपभोक्ता संपत्ति कर एवं जलकर पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, उन्होंने बताया कि यह परियोजना डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने और नागरिकों को पारदर्शी तरीके से सेवाएं देने के मकसद से तैयार की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर के जरिये सभी नागरिक सेवाओं, जन शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य प्रणाली, हर तरह के भुगतान व बजट प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम में लाया गया है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जहां प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को एक पोर्टल पर लाया गया है। कॉमन सर्विस सेंटर, एम ऑनलाइन, कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगर पालिका 2.0 को जोड़ा जाएगा।

# जय भवानी राष्ट्रीय राजपूत महासभा की एक बैठक हुई



दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट जय भवानी राष्ट्रीय राजपूत महासभा के आलोट तहसील की बैठक ठिकाना भीम (माताजी मंदिर प्रांगण में) सम्पन हुई जिसमे आगामी 2025 महाराणा प्रताप जन्म जयंती पर भव्य कार्यक्रम के रूप में महाराणा प्रताप जन्म जयंती आलोट में मनाई जाए एव समाज पर सोधिया रूपी शब्द को बिना आधर से लिखा गया है उसके विरोध में सरकार को ज्ञापन भी दिया जाए इस विषय पर चर्चा हुई राष्ट्रीय मार्गदर्शक आदरणीय हुकम ठा.नारायण सिंह जी भीम एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राम सिंह जी भोजा खेड़ी (रतलाम जिला) अध्यक्ष डॉ. कालू सिंह जी भोजाखेड़ी(आलोट तहसील) अध्यक्ष तेजपाल सिंह कमलाखेड़ी (ताल तहसील )अध्यक्ष ईश्वर सिंह जी मनुनिया महादेव और समाज के वरिष्ठ जन एवं युवा सम्मिलित हुए।

# 20 जनवरी से कलश यात्रा के साथ मंडी में शुरू होगी राम कथा, कथा पंडाल का समाजसेवी अखलेश राय ने किया भूमिपूजन

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गल्ला मंडी क्षेत्र में राम कथा का आयोजन 20 जनवरी से सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जाएगा। मंडी क्षेत्र में स्थित श्रीराम मंदिर के पास होने वाली सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा को लेकर शुक्रवार को कथा पंडाल में ध्वजारोहण कर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजन के मुख्य संरक्षक समाजसेवी अखलेश राय की उपस्थिति में हुआ। मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान के साथ भूमिपूजन किया गया। कथा वाचक बाबूदा वैष्णव ने बताया कि 20 जनवरी को मंडी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के साथ ही क्षेत्रवासियों के सहयोग से सात दिवसीय श्रीराम कथा की शुरुआत होगी। 26 जनवरी तक होने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन भगवान राम जन्म से लेकर लंका दहन और भगवान राम के राज्याभिषेक कथा के साथ विभिन्न कथाओं का वर्णन किया जाएगा। शुक्रवार को हुए कथा पंडाल भूमिपूजन के दौरान समाजसेवी अखलेश राय, पंडित बाबू दास वैष्णव, हरि तिवारी, राजू राठौर, लालू शाह, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठोर, पार्षद मुकेश मेवाडा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# आरएसएस कार्यकर्ता भाजपा के कद्दावर नेता रेवा यादव बनाए गए विधायक प्रतिनिधि

## जमीनी स्तर पर भाजपाइयों में बड़ा चेहरा और लोकप्रियता के लिए जाने जाते हैं रेवा यादव

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)





**कोरिया।** जैसा की आगामी दिनों में नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन होने को है और जिन चुनावों में भी अन्य चुनावों की तरह भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी के तहत मजबूती से दायित्व निर्वहन के लिए तैयार है । जिला पंचायत चुनाव हो या फिर विधानसभा व लोकसभा निर्वाचन बतौर भाजपा नेता रेवा यादव भाजपा के लिए बहुत ही प्रभावी और सक्रिय भूमिका रखते हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की कोरिया शाखा में जुड़े हैं और संघ की सभी गतिविधियों में पूरी सहभागिता देते हैं। जिला पंचायत स्तरीय विगत कई चुनावों में क्षेत्र में रेवा यादव का काफी प्रभाव देखा गया है। खुद के लिए तो नहीं परन्तु अलग अलग निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष निर्णायक स्थिति के परिणामों को लाने की महारत रखते हैं। माना जाता है की जिले के तमाम भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए बहुत खास शख्शियत की तरह हैं। भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियां हों या फिर चुनावी रणनीतियां। भाजपा कार्यकर्ताओं का बड़ा खेमा बजरंग स्वीट्स यानी की रेवा यादव के यहां से कूच करता है। रेवा यादव आर एस एस और भाजपा के साथ क्षेत्रीय विधायक भईया लाल राजवाड़े के लिए भी कर्मठ नेता रहे हैं। इनकी इसी कर्मठता और विश्वशनीयता के मद्देनजर बैकुंठपुर के विधायक भईया लाल राजवाड़े ने उन्हें अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। अवगत करा दें की क्षेत्रीय विधायक भईया लाल राजवाड़े के बतौर प्रतिनिधि रेवा यादव उनके जिला स्तरीय सभी प्रशासनिक कार्यों को देखेंगे और मिले दायित्व का निर्वहन करेंगे। रेवा यादव के प्रतिनिधि चुने जाने पर तमाम भाजपा कार्यकर्ता , सामाजिक संगठन,समाज सेवी संगठन के लोगों सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है।

# जन शिक्षक और बी आर सी, स्कूलों का नियमित निरीक्षण करें

**हरदा।** कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने शुक्रवार शाम को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उपस्थित सभी विकासखंड स्त्रोत समन्वयको और जन शिक्षकों को निर्देश दिए कि स्कूलों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए तथा निरीक्षण के दौरान स्कूलों में बच्चों को वितरित किए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का भी परीक्षण करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन द्वारा निर्धारित मीनू अनुसार ही बच्चों को मध्यान्ह भोजन स्कूल में दिया जाए। जन शिक्षक श्री गौतम गिरी द्वारा बैठक में स्कूल निरीक्षण संबंधी सही जानकारी नहीं देने पर कलेक्टर श्री सिंह ने उनकी एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश जिला परियोजना समन्वयक को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने के लिए बने किचन शेड्स की सफाई पुताई कराई जाए।

# संजय अग्रवाल मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनने वाली हिंदी बॉलीवुड वेब सीरीज गुत्थी के सदस्यों ने माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी से की मुलाकात

देबाशीष गांगुली संवाददाता दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)



**कोरिया।** संजय अग्रवाल मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनने वाली हिंदी बॉलीवुड वेब सीरीज गुत्थी के सदस्यों ने माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी से की मुलाकात जिसमे वेब सीरीज को ले कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई माननीय डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा टीम को बधाई देते हुए बोले छत्तीसगढ़ के संस्कृति , समस्याओं और नक्सल उत्थान को ले कर पहली बार छत्तीसगढ़ के युवाओं के द्वारा जो छत्तीसगढ़ को प्रदर्शित कर रहे ये बहोत बड़ी बात है छत्तीसगढ़ के जुड़े कलाकार और छत्तीसगढ़ के युवाओं के द्वारा ऐसी सोच छत्तीसगढ़ को पूरे भारत मे प्रदर्शित कर रहा है ऐसे युवाओं की छत्तीसगढ़ को जरूरत है कोरिया जिले में बनने वाली इस वेब सीरीज में छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिले से कलाकारो को लिया गया है टीम के सदस्य- डायरेक्टर राम गोस्वामी एम. ऐ. फिल्म× थिएटर , प्रवीण तिवारी रितेश साहू, सुशील मालिक और विकाश यादव उपस्थित थे।

# हटा जनपद अध्यक्ष पद के लिए लाटरी सिस्टम से हुआ चुनाव गंगाराम पटेल हुए विजय घोषित



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह -** हटा जनपद पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी राकेश मरकाम ने बीआरसी भवन हटा में सम्पन्न कराई। प्रक्रिया में चार जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया जिनमें से दो अभ्यर्थियों ने नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थी गंगाराम पटेल और शैलेश पटेल के बीच चुनाव कराया गया। सभी जनपद सदस्यों ने मतदान में भाग लिया, जिनमे 2 मतदाता सदस्यों की जगह प्रॉक्सी वोट किये। मतदान प्रक्रिया में दोनो अभ्यर्थी गंगाराम पटेल और शैलेश पटेल के लिए 8-8 मत प्राप्त हुए। दोनों अभ्यर्थियों को एक से मत मिलने के बाद लॉटरी सिस्टम से चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

# एसपी ने किया फ्लैग मार्च, आंकड़े के मुताबिक़ मुल्जिमों की तफ्तीश के दौरान दिए सख्त पैग़ाम

## - बसहियां की हरकतों में काफ़ी सुधार,बदलने के झलक रहे आसार, कुरैशी वर्ग के लोगों ने तस्करी छोड़,शुरु किया रोजगार व नौकरी, अब नहीं रहा पूर्वांचल का चर्चित गांव बसहिया या अवैध बूचड़खाना

### पुलिस कप्तान संतोष मिश्रा की मौजूदगी व कोतवाल रवि रॉय और चौकी इंचार्ज धीरेंद्र रॉय की अगुवाई में हुआ गांव का दौरा

### - सूबे की योगी सरकार में अवैध स्लॉटर हाउस हो गए नेस्तनाबूद,पूरी तरह बंद

### - नाजायज कामों में शामिल,तस्करों में खौफ-ए-पुलिस का सता रहा डर, हुए फरार

### कुरैशी समुदाय से जुड़े नस्लों में शिक्षा/तालीम पर गौर करने के साथ जागरूकता का आगाज़

विशेष संवाददाता- मु.सरफराज

पड़रौना,कुशीनगर - ज़िले के थाना कोतवाली पडरौना क्षेत्र के गांव बसहिया में गुरुवार की शाम जिले के पुलिस कप्तान संतोष मिश्रा ने अपने भारी पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचकर काफिले के साथ पूरे गांव की एरिया,मॉनिटरिंग करने के बाद पूरी बस्ती में फ्लैग मार्च किया,हालांकि वहीं एसपी ने पैदल गस्त के दौरान मुकदमों में शामिल मुलजिमों की तस्दीक करते हुए गांव में पुलिसिया रिकॉर्ड के हवाले से कूल पांच चिन्हित गैंग के बदमाशों के बारे में शख्ती से जानकारी ली। जबकि वहीं पुलिसिया आंकड़े के मुताबिक जुर्म में शामिल मुलजिमो के बारे में मुकामी पुलिस को निगरानी के हवाले से कार्यवाही के निर्देश दिए।

सुधार - आपको बता दें कि गांव बसहिया में बीते 7 वर्षों से अवैध स्लॉटर हाउस की वजह से,सरकारी फरमान के मुताबिक लगातार पुलिसिया कार्रवाई की जद में रहने के बाद अब काफ़ी सुधार के साथ बदलाव के नजरिया का बेहतर आशार झलकते नजर आ रहा है। बताते चलें की बसहिंया में गौ-तस्करी के मामले में आंकड़े के मुताबिक पुलिस ने अब तक कुल 576 लोगों के खिलाफ क़ानूनी कार्यवाही कर चुकी है। हालांकि वहीं मौजूदा हालात में देवरिया जिला जेल में इस गांव के कुल 16 पशु तस्कर अभी भी सजा काट रहें हैं। तो कहीं ना कहीं अवैध और गलत कामों में शामिल लोगों में कानून का बेहद खौफ और पुलिसिया कार्रवाई की दहशत से अपनी हरकतों में सुधार के साथ बदलाव की ओर बढ़ रहा है।

रोज़गार/नौकरी - पूर्वांचल में शामिल जनपद कुशीनगर के ग्राम सभा बसहिया में अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक समेत कुल 7 जातियां निवास करती हैं, जिसमें गौवीं आंकड़े के मुताबिक़ सबसे अधिक संख्या कुरैशी वर्ग के लोगों का है। जो कुरैशी वर्ग के लोग पूर्वजों के ज़माने व दौर-ए-ब्रिटिश से बूचड़खाने की पहचान और किलखाने की शेनाख्त राजस्व चकबंदी के अनुसार भूमि स्थिर है, बता दें कि बीते वर्ष 2017 में एसपी यमुना प्रसाद की अगुवाई में अवैध तरीके से संचालित बूचड़खाना पाए जाने पर पहली बार बड़ी कार्रवाई करते हुए दुकानों पर बुलडोजर की भी कार्रवाई की गई थी। जो फिलहाल अवैध स्लॉटर हाउस होने की वज़ह से पूरी तरह बंद है। जबकि वहीं तस्करी या अवैध स्लाटर के काम में शामिल लोग धीरे-धीरे वर्ष 2024-25 से छोड़कर अपना रुख बदलने के साथ-साथ, अलग-अलग अपना नए रोजगार और नौकरी के वास्ते परदेश को पलायन कर रहे हैं। स्थानीय गांव की रिपोर्ट और पुलिसिया जानकारी के मुताबिक मीडिया के तफ़सीस में लगभग 80त्न से 90 त्नप्रतिशत में सत्य और सुधार की ओर है बसहिंया।




- दिलचस्प - क्या है मौजूदा हालात-ए-बसहिंया बस्ती

**हेडलाइन :** आपको बता दूं कि बीते 7 से 8 वर्षों में पूर्वांचल में जनपद कुशीनगर का गांव बसहिया पूरी तरह चर्चित और सेंसिटिव बन चुका था,यहां के तस्करी और अवैध कारोबार को लेकर कई जनपदों के अलावा पड़ोसी राज्यों में भी चर्चा का विषय बना रहता था, जिसके चलते बसहिया गांव हमेशा सुर्खियों में बना रहता था और अवैध कारोबार की संलिप्तता की वजह से हमेशा रडार पर होने के बावजूद जनमानस में एक अलग संदेश का सबब बना रहता था। हालांकि वहीं हम बात करें मौजूदा हालात-ए-बसहिया की तो फिलहाल बीते कुछ महीनो से सुधार में कोई दो राय नहीं है, जबकि वहीं अपने कारनामों से बदनाम रहने वाला गांव, आज समाज में हेडलाइन या सुर्खियों में आने से दूर-दूर भागते नजर आ रहा है। वहीं खुफिया तफसीस के दौरान आसपास के क्षेत्रों और लोगों में पूर्व की भांति बसहिया गांव का नाम और गलत कारनामों से अब छुटकारा पाते महसूस किया जा सकता है।

**योगी सरकार:** सूबे की योगी सरकार शुरुआती दौर में ही एक तरफ जहां अवैध स्लॉटर हाउस को पूरी तरह बंद करने का फरमान जारी होते ही वहीं दूसरी तरफ जिले के आला अफसर एक्शन मूड में अवैध स्लॉटर हाउस/बूचडखानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने के बाद पूरी तरह सील,बंद की कार्रवाई होने लगी। जबकि वहीं पूरे यूपी में अवैध स्लाटर हाउस पर कार्रवाई होने के बाद हड़कंप मच गया। और सिलसिलेवार योगी सरकार के फरमान के मुताबिक सभी अवैध बूचड़खाने नेस्तनाबूद कर, बंद कर दिए गए।

**ख़ौफ़-ए-पुलिस :** अवैध कार्यों में शामिल सभी तस्करों में पुलिस का खौफ और डर सता रहा है, क्योंकि कुशीनगर जिले के मौजूदा पुलिस कप्तान संतोष कुमार मिश्रा के जनपद में आने के बाद नाजायज कार्यों में संलिप्त अपराधियों में एसपी का खौफ और डर बना हुआ है। खौफ-ए-पुलिस की वजह से जिले में क्राइम,भ्रष्टाचार पर लगाम लगने के साथ, कुछ अपराधी देवरिया जेल तो कुछ जिला बदर हालांकि वहीं कुछ पुलिस की खौफ से जिला छोड़ फरार हो गए हैं, अपराधियों के प्रति पुलिस के कार्यप्रणाली से जनमानस में पुलिस के प्रति बेहतर संदेश देखा जा रहा है।

**कुरैशी नस्लों में शिक्षा/तालीम -** आपको बता दें कि पिछड़े जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों के कुरैशी जाती के लोगों में बेहद शिक्षा का अभाव देखने को मिलता है, जबकि वहीं बड़े शहरों और अन्य राज्यों में कुरैशी समाज के लोगों की तुलना इन कुरैशियों से नहीं की जा सकती। बता दें कि यही सबब बसहिया गांव के विशेष कुरैशी जातियों के लोगों में शिक्षा और तालीम का ना होना, गलत कार्यों में शामिल करता रहा है। इनके अशिक्षित होने की वजह से जागरूकता की सोच दबी की दबी रह गई, और यहां के कुरैशी आगे विकास करने में नाकामयाब साबित होते गए, हालांकि पूर्वांचल में सिर्फ कुशीनगर जिले में आंकड़े के अनुसार गांव बसहिया में सबसे बड़ी संख्या में कुरैशी समाज के लोग निवास करते हैं, और कुछ ज़िले के हाटा में 1त्न प्रतिशत कुरैशी निवास करते हैं। अब परिवर्तन की जद में आए बदलते हालात और वक्त की नजाकत से रूबरू होते हुए धीरे-धीरे कुछ कुरैशियों के नस्लों में शिक्षा/तालिम को लेकर सुधार और जागरूक हो रहे हैं। इससे आने वाले मुस्तकबिल में गांव की स्थिति काफी सुधर सकती है।

**दिलचस्प- हालात-ए-बसहिया बस्ती :-** आपको बता दें कि फिलहाल गांव बसहिया की स्थिति बेरोजगारी, आर्थिक स्थिति कमज़ोर,विकास कार्य और विभिन्न योजनाओं से वंचित है, उपरोक्त गांव को जनपद हिकारत की नजर से देखता है, पर अब वैसे देखने की जरूरत नहीं है, धीरे-धीरे यहां के लोग अपना जीवन-यापन करने के लिए दूसरे कार्यों में संघर्ष करना शुरू कर दिया है, गांव के जिम्मेदार, समाजसेवी और धर्मगुरूओं ने लोगों को जागरूक करने के अलावे परिवर्तन करने की अपील कर रहे हैं।ऐसे में गांव की हक़ीक़त हालत-ए-बया जिक्र करने से बेहतर महसूस किया जा सकता है। समाचार लिखे जाने में किसी का कोई पक्षपात नहीं किया गया है।

# रीवा आरईएस संभाग में फर्जी कोटेशन घोटाला, कार्यपालन यंत्री टीपी गुर्दवान पर गंभीर आरोप

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) संभाग क्रमांक 01 के कार्यपालन यंत्री टीपी गुर्दवान एक बार फिर फर्जी कोटेशन घोटाले में फंसते नजर आ रहे हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट शिवानंद द्विवेदी की सूचना के अधिकार (ऋञ्जढ्ढ) के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों ने विभागीय भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। आरटीआई दस्तावेजों के अनुसार, निविदा प्रक्रियाओं में खाली कोटेशन पत्रों पर हस्ताक्षर और सील लगाकर, बाद में रेट जोड़कर, खासमखास ठेकेदारों और नेताओं के चहेतों को लाभ पहुंचाया गया। शिकायत के साथ प्रस्तुत साक्ष्यों में कई कोटेशन ऐसे हैं, जिनमें दर/रेट के कॉलम खाली हैं, लेकिन फिर भी इन्हें सत्यापित कर निविदा के लिए चुना गया।




### भ्रष्टाचार की प्रमुख बातें

1. खाली कोटेशन पर हस्ताक्षर और सील लगाकर बाद में मनमाने रेट भरने का आरोप।

2. विधायकों, सांसदों और जनपद अध्यक्षों के करीबी दलालों को उपकृत करने की साजिश।

3. ऑफलाइन निविदा प्रक्रिया में टेबल के नीचे से लेन-देन।

4. सरकारी कार्यालय को नेताओं और दलालों का अड्डा बनाने का आरोप।

आरटीआई में उजागर कुछ प्रमुख कार्यों में पीसीसी रोड, ग्रेवल रोड निर्माण और स्कूल भवन निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं, जिनमें कोटेशन खाली पाए गए। यह प्रक्रिया न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। मामले की शिकायत कमिश्नर रीवा संभाग और जिला सीईओ को की गई है। कमिश्नर ने अधीक्षण यंत्री को जांच के निर्देश दिए हैं। लेकिन शिकायतकर्ता शिवानंद द्विवेदी ने सवाल उठाया है कि क्या यह जांच सिर्फ पत्राचार तक सीमित रहेगी, या दोषियों पर कार्रवाई होगी?

### जनता का सवाल

1. क्या फर्जी कोटेशन घोटाले में कार्यपालन यंत्री टीपी गुर्दवान पर कार्रवाई होगी? 2. क्या फ्रजीरो टॉलरेंस की नीति भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों में लागू होगी? 3. क्या विभाग के अन्य अधिकारी भी इस घोटाले में शामिल हैं?

यह घोटाला केवल रीवा संभाग तक सीमित नहीं है। अन्य संभागों में भी इसी तरह की प्रक्रियाओं की जांच की मांग जोर पकड़ रही है।

# विहान हॉस्पिटल अपनी तीसरी वर्षगांठ मना रहा है, इस सफर में कई लोगों ने अपना अतुलनीय योगदान दिया -इंजीनियर कल्पना पटेल

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



जिसमें मुख्य रूप से 1. पापाजी श्री राम सुमिरन पटेल , जिनकी देख रेख में इमारत खड़ी हुई, 2.पापा श्री राजमणि पटेल और भैया - भाभी ने हमेशा आर्थिक सहायता दी 3. मनोज भैया जिन्होंने मौजूदा स्वरूप दिन रात एक करके दिया 4. नितेश,विनीता,दिलीप, दीपक, प्रियाली,संजीव, पंकज, उदित,अतुल, अभिषेक, अशोक, संदीप, इंद्रजीत आदि लोगों ने इसे सफल रूप से संचालित करने में विशेष सहायता प्रदान की 5. डॉ विवेक, डॉ संतोष, डॉ राजकुमार , डॉ स्वदीप , डॉ फैजान,डॉ शिवेंद्र , डॉ आरवेंद्र, डॉ पुष्पराज, डॉ थान सिंह,डॉ दिव्या,डॉ अंजली, डॉ अनामिका, शिवराज, कविता, प्रीती, सुरेखा, रेखा , नेहा आदि लोगों ने उपचार को सरल और सफल बनाने में विशेष सहायता प्रदान की । साथ ही रीवा शहर के कई प्रसिद्ध डॉक्टर जो कि विशेष योग्यता रखते हैं उन्होंने हमारे अस्पताल को अपने उपचार स्थान के रूप में चुना जो हमारे लिए उनके आशीर्वाद स्वरूप रहा और आशा है आगे भी बना रहेगा।आप सभी का योगदान मेरे लिए इस सफर में बहुत महत्वपूर्ण था और हमेशा रहेगा।

आपलोग अपना साथ और विश्वास इसी तरह बनाए रखें। आप सब का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद और शुभकामनाएं।

# अनुभूति 2025 के दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

नितिन जौहरी
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड मध्य प्रदेश शासन वन विभाग द्वारा अनुभूति 2025 के दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन खारी वन मंडल सीहोर में आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयीन बच्चों को प्रकृति के समीप लाकर प्राकृतिक वातावरण से अनुभूत कराना तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था ।इन दो दिवसीय कार्यशाला में शास ।।स्स् सुभाष, शास ।।स्स् खारी, शास ।।स्स् उत्कृष्ट विद्यालय के 250 बच्चों ने सहभागिता की तथा वन्य प्राणियों, वन्य जीवों विभिन्न वन औषधि तथा पर्यावरण के संबंध में जानकारियां प्राप्त की एवं विभिन्न पर्यावरण संबंधी खेल गतिविधियों में सहभागिता कर पुरस्कार प्राप्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन विभाग के एसडीओ श्रीराजेश शर्मा, फॉरेस्ट रेंजर ऑफिसर श्रीरजनीश शुक्ला,विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री दीपा कीर एवं शिक्षा एवं वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव पर सनातन धर्म मंदिर में 108 दीपक प्रचलित किए जाएंगे



( दैनिक केसरिया हिंदुस्तान )

ग्वालियर,श्रीसनातन धर्म मंदिर में कल 11 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला के प्रतिष्ठा महोत्सव के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रद्धाभाव से उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में तुलसी चौरे पर 108 दीपक प्रज्वलित किये जायेंगे एवं भगवान श्री राम की स्तुति की जायेगी। भगवान चक्रधर एवं श्री गिरिराजधरण का विशेष श्रृंगार होगा। आरती उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।इस अवसर पर सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य एवं श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष विजय गोयल एवं प्रधानमंत्री रमेशचंद्र गोयल लल्ला ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का विनम्र आग्रह किया है।

## संकल्प और सफलता- सुश्री अर्चना पवार की प्रेरणादायक कहानी

# आर्थिक सुधार के साथ ही सुश्री अर्चना के जीवन स्तर में भी आया बदलाव

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मारूति लाल विश्वकर्मा
मो 9302168920



**छिन्दवाडा**/11जनवरी 2025/ जुन्नारदेव विकास खण्ड के ग्राम जुन्नारदेव की रहने वाली सुश्री अर्चना पवार, संकल्प स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। वे मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर अपने जीवन में एक नई शुरुआत की मिसाल बनी हैं। मिशन के कर्मचारी श्री मनोज पटेल द्वारा व्यवसायिक सब्जी उत्पादन और सीजनली फसल उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने परिवार के साथ इस दिशा में कदम बढ़ाया।

प्रारंभिक चुनौतियां और प्रशिक्षण- पहले सुश्री अर्चना केवल सीजनली सब्जियां और बारिश के मौसम में मक्के की फसल लगाकर अपने परिवार का गुजर-बसर करती थीं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण जीवन की जरूरतें मुश्किल से पूरी हो पाती थीं। लेकिन आजीविका मिशन से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम ने उनकी सोच और हुनर को नई दिशा दी। जैविक खाद और जैविक दवा उत्पादन का प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने व्यवसायिक सब्जी उत्पादन की शुरुआत की।

व्यवसायिक सब्जी उत्पादन- सुश्री अर्चना ने लगभग एक एकड़ भूमि पर आलू, टमाटर, बैंगन, पत्ता गोभी, प्याज और पत्तेदार सब्जियों के साथ बेल वाली सब्जियां उगाना शुरू किया। हाईब्रिड बीज पर 9000 रुपये की लागत से खेती शुरू की। जैविक खाद और दवाएं खुद तैयार करने से लागत कम हुई और उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ी। अब वे पास के साप्ताहिक हाट बाजार, जैसे जुन्नारदेव, में अपनी सब्जियां बेचती हैं।

आर्थिक सुधार- इस प्रयास का सबसे बड़ा लाभ उनकी मासिक आय में हुआ। पहले जहां उनकी आय 3000 रुपये थी, वहीं अब यह बढ़कर 9000 से 12000 रुपये हो गई है। सब्जी उत्पादन के साथ-साथ उनका परिवार भी इस कार्य में सहयोग करता है, जिससे वे अधिक उत्पादन और बिक्री कर पाती हैं।

**जीवन स्तर पर प्रभाव**- अर्थिक सुधार के साथ ही सुश्री अर्चना के जीवन स्तर में भी बदलाव आया है। अब वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और परिवार की सभी जरूरतें पूरी करने में सक्षम हैं। उनकी सफलता से गांव के अन्य सदस्य भी प्रेरित हुए हैं और वे भी व्यवसायिक सब्जी उत्पादन के कार्य में जुटे हैं।

**अतिरिक्त गतिविधियां**- सब्जी उत्पादन के साथ-साथ सुश्री अर्चना ने बकरी पालन, दुग्ध उत्पादन और अगरबत्ती निर्माण जैसे अन्य कार्य भी शुरू किए हैं। इन गतिविधियों ने उनके परिवार की आय में और वृद्धि की है।

**सम्मान और प्रेरणा**- आज सुश्री अर्चना पवार न केवल अपने परिवार का आर्थिक स्तर सुधारने में सफल हुई हैं, बल्कि समाज में उनका सम्मान भी बढ़ा है। उनके प्रयास और सफलता गांव के अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शनिवार, 11 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेहिचक



# छात्र-छात्राओं की कला प्रस्तुति अद्भुत, आश्चर्य एवं मनमोहक : विधायक जैतपुर

## विद्यार्थियों का हो शैक्षणिक, शारीरिक एवं सांस्कृतिक विकास - विधायक जयसिंह नगर

### शहडोल नगर के मानस भवन में अनुगूंज कार्यक्रम संपन्न




**शहडोल।** जिला मुख्यालय शहडोल के मानस भवन में शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत जनजाति कार्य विभाग शहडोल के समन्वय से अनुगूंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहडोल संभाग के शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर जिले के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला एवं सांस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने कहा कि छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति अद्भुत, आश्चर्य एवं मनमोहक है। उनकी प्रस्तुति ने हम सबका का मन मोह लिया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कला एवं संस्कृति को सीखने की भी जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि शहडोल संभाग के छात्र-छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में भी कुशल है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं का हर क्षेत्र में विकास होना चाहिए, विद्यार्थियों का शैक्षणिक विकास के साथ-साथ शारीरिक एवं सांस्कृतिक विकास भी होना चाहिए, इस उद्देश्य को पूर्ण करने की ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में अनुगूंज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्कूली छात्र- छात्राएं अपनी कला को प्रदर्शन कर अपनी कला एवं संस्कृति में निखार ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं का विकास हो इसके लिए केवल स्कूल शिक्षा विभाग ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि यह हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें एवं आगे बढ़े जिससे देश की नीव मजबूत हो सके। विधायक जैतपुर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में शत प्रतिशत रिजल्ट लाएं तथा विद्यालय अपने नियमित समय पर खुलें तथा विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले जिससे विद्यार्थी पढ़-लिखकर जीवन में आगे बढ़े तथा विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़े। आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर शहडोल डॉ केदार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर अरविंद शाह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल एम एल पाठक, शिक्षा विभाग के अरविंद कुमार पांडे सहित काफी संख्या में शहडोल संभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# अधिवक्ता राकेश सिंह बघेल पुनः जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

गजेन्द्र परिहार

शहडोल। उच्च न्यायालय के आदेश पर आयोजित जिला अधिवक्ता संघ के द्वि-वर्षीय चुनाव का आयोजन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में 9 जनवरी को 480 पंजीकृत अधिवक्ताओं में 456 ने मतदान किया था। 10 जनवरी मतगणना के पश्चात परिणामों की घोषणा की गई। घोषित परिणामों में अध्यक्ष पद पर राकेश सिंह बघेल 241 मतों से विजयी हुए। उनके निकटतम निकटतम प्रतिद्वंदी पारिजात मिश्रा को 161 मत मिले। तीसरे स्थान पर राज नारायण तिवारी रहे उन्हें 43 मत मिले। 9 मत निरस्त रहे। उपाध्यक्ष के पद पर सतीश मिश्रा 329 मतों से विजयी हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अशोक कुमार गुप्ता को 97 मत मिले। सचिव पद पर अनिल कुमार तिवारी 168 मतों से विजयी हुए वही उनके निकटतम प्रतिद्वंदी राघवेन्द्र पाठक को 126 मत मिले। बृजेश कुमार शुक्ल को 087, कपिल कुमार कुशवाहा 26 मत मिले। सह सचिव के पद अधिवक्ता राकेश गोले 238 मतों से विजयी हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी विजय कुमार गुप्ता को 193 मत मिले। 23 मत निरस्त हुए। कोषाध्यक्ष के पद गगन कुमार वर्मा 223 मतों से विजयी हुए उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुनील कुमार सिंह को मत 151 मिले। 80 मत निरस्त हुए। कार्यकारिणी के चार पदों पर क्रमशः पुरुषोत्तम दास गुप्ता 249, देवेश मिश्रा 221, पुष्पेन्द्र सिंह 218, राकेश जायसवाल 200 मत पाकर विजयी हुए वहीं चंद्रप्रताप पांडे को 198, कुमार कार्तिकेय समतानी को 182, अतीक खान को 160 मत मिले। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता महेंद्र सराफ ने बताया कि पांच चरणों में आयोजित मतगणना प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुई जो शाम बजे तक चलती रही। चुनाव के उम्मीदवार एवं अधिवक्ता परिणाम घोषित होने तक न्यायालय परिसर में उपस्थित रहे। मतगणना स्थल पर सहायक निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता संतोष भटनागर, अधिवक्ता उमेश उपाध्याय, अधिवक्ता रमेश त्रिपाठी, अधिवक्ता बृजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे और सक्रिय जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को शांति एवं सौहार्द्र पूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



# यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**शहडोल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन पर 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को यातायात पुलिस शहडोल द्वारा शहर के जय स्तम्भ एवं गांधी चौक में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु आमजन को जागरूक किया गया। इस नुक्कड़ नाटक में लकी चतुर्वेदी एवं उनकी टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में अपनी प्रस्तुती दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी यातायात निरी0 सेवेन्दर राम भगत एवं सूबेदार प्रियंका शर्मा उपस्थित रहे।




# क्लब फुट से ग्रसित बच्चों का किया गया निःशुल्क उपचार

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन में जिला प्रबंधक आर.बी.एस. के. कंचन पटेल एवं उनकी टीम द्वारा जिला शीघ्र हस्ताक्षेप केन्द्र (डी.ई.आई.सी.) शहडोल मे जन्म से 18 वर्ष के बच्चे जिनका जन्म से ही मुड़े हुये (क्लब फुट) थे उनका निःशुल्क जाँच परिक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में 24 बच्चे उपस्थित रहे है जिनमे से 06 बच्चों का उपचार आयुष्मान योजना का लाभ देकर उनका उपचार शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों में कराया जायेगा तथा 08 बच्चो का उपचार जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. अरविन्द्र अम्बेडकर द्वारा प्लॉस्टर लगाकर किया गया। बच्चों का उपचार निःशुल्क कर उन्हें क्लब फुट से मुक्त किया गया। जिला प्रबंधक आर.बी.एस. के. ने बताया कि शासन द्वारा निर्देश दिये गये है कि जन्म से 18 वर्ष के सभी बच्चों जिनका क्लब फुट है, उनका उपचार कर जिले को क्लब फुट मुक्त बनाया जाये।

# पत्रकार गजेंद्र परिहार पुनः शहडोल जिला अध्यक्ष नियुक्त, बधाईयों का लगा तांता

रिजवान खान



**शहडोल।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश नेतृत्व प्रांताध्यक्ष शलभ भदोरिया द्वारा शहडोल जिला इकाई की कमान पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार को सौंपी गई है, गौरतलब है की वर्ष 2025 के सदस्यता अभियान उपरांत मध्य प्रदेश के समस्त जिलों की कार्यकारिणी भंग कर दी गई थी वहीं प्रदेश नेतृत्व द्वारा पुनः शहडोल जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह पर भरोसा जताते हुए शुक्रवार की शाम नवीन कार्यकारिणी घोषित की जिसमें जिला अध्यक्ष का दायित्व गजेंद्र सिंह परिहार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष का पत्रकार शैलेंद्र तिवारी एवं जिला उपाध्यक्ष का दायित्व अनुराग त्रिपाठी, पुष्पेंद्र चतुर्वेदी, हारून रशीद, अखिलेश मिश्रा, गणेश केवट, मनोज सिंह को सौंपा गया इसी क्रम में जिला इकाई के महासचिव का पद अजय पाल को सौंपा गया, कोषाध्यक्ष गोपाल जेठानी सहित 32 पदाधिकारियों की कार्यकारणी घोषित की गई, जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया की प्रता अध्यक्ष साथी शलभ भदोरिया के निर्देशानुसार कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकारिणी घोषित की गई है। इस अवसर पर समाज के प्रभुत्व वर्ग, वरिष्ठ पत्रकार, नेतागण एवं अधिकारियों द्वारा नवीन कार्यकारिणी घोषणा पर बधाइयां प्रेषित की गई।

# नाले में नहा रही दो बालिकाओं की डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम




### घटना गोहपारू थाना क्षेत्र में हुई

**शहडोल।** गोहपारू थाना क्षेत्र के भूरसी गांव के मझौली टोला में एक दर्दनाक घटना घट गई जहा खेल-खेल में नाले में नहा रही दो मासूम बालिकाओं की नाले में डूबने से मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच पड़ताल कर रही है, गांव में घटना के बाद से गांव में मातम पसर गया है। दोनों ही बालिकाएं एक ही मोहल्ले की रहने वाली है। जानकारी के अनुसार जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के भूरसी गांव के मझौली टोला में स्थित एक छोटे नाले में नहाने गई दो सहेलियों की उसमे डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार मृतिका रागिनी सिंह पिता शिव कुमार सिंह उम्र (05) वर्ष एवम भामनी सिंह पिता राम प्रसाद सिंह उम्र (05) वर्ष किस घटना में मौत हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दोनों सहेलियां खेलते खेलते पास में स्थित एक नाले में नहाने चली गई और उसमें डूब गई। काफी देर तक जब दोनों ही बच्चियों घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उनकी तलाश थी। परिजनों ने तलाशते हुए नाले में देखा तो दोनों ही बालिकाओं की चप्पल उन्हें दिखाई दी, तलाश करने में दोनो बालिकाएं नाले में मिली, इसके बाद तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नाले से बाहर निकला गया और परिजन दोनो को जयसिंहनगर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने दोनों ही बालिकाओं को मृत्यु घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच पड़ताल कर रही है पुलिस ने बताया है कि घटना गोहपारू थाना क्षेत्र में घटी है इसलिए पोस्टमार्टम की कार्यवाही गोहपारू अस्पताल में करवाई जा रही है हालांकि परिजन पहले ही दोनों शवों को लेकर गोहपारू अस्पताल आ गए थे।घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है, जिसने भी यह घटना सुनी वह परिजनों से मिलने के लिए उनके घर पहुंच रहा है।



# जनकल्याण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत विक्रमपुर में लगाया गया शिविर

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त विकासखण्डों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन कल्याण शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शहडोल जिले के ग्राम पंचायत विक्रमपुर में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में मैदानी अधिकारियों द्वारा लोगों के आवेदन प्राप्त कर यथा संभव निराकरण किया गया। साथ ही हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया।

# पुलिस लाईन ग्राउंड शहडोल में आयोजित हुई जनरल परेड



**शहडोल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक शहडोल के नेतृत्व में पुलिस ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा परेड की सलामी लीं जाकर परेड का निरीक्षण किये और उत्कृष्ट वेशभूषा एवं अनुशासन प्रदर्शित करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया। परेड के समापन पर उन्होंने पुलिस बल को कमांड कराई और अनुशासन का महत्व बताया। जनरल परेड आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ, अनुशासित एवं कार्य के प्रति तत्पर बनाए रखना है। जनरल परेड के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्नआउट (वेशभूषा व अनुशासन) की समीक्षा की गई।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविन्द्र सिंह द्वारा पवया प्रिंटर्स मुरार, 6 चाराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की 15 को होगी जनसुनवाई

**सीतापुर ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को तुरंत न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक आवेदिकाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के गेस्ट हाउस में संबंधित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व अन्य के साथ में महिला आयोग के सदस्यों द्वारा जनसुनवाई किया जाएगा। अत: किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या अन्य प्रकार की कोई भी समस्या है और उसकी सुनवाई कहीं भी नहीं हो रही है तो वह सीधे लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस सीतापुर में दिनांक 15 जनवरी 2025 को प्रात: 11.00 बजे अपनी समस्या बता सकती है, जिससे उसका उचित निराकरण किया जाएगा। इस हेतु उत्तर प्रदेश महिला आयोग द्वारा जनपद सीतापुर में डॉक्टर प्रियंका मौर्या सदस्य को नामित किया गया है।

### बालिका जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया

**सीतापुर।** मिलान फाउन्डेशन द्वारा पीतपुर ग्राम मे बालिका जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया कार्यक्रम मे अतिथि आकाश अग्रवाल, पंकज पाण्डेय व सचिदानन्द मिश्र के द्वारा बालिकाओ को मेडल पहनाकर उनका उत्सावर्धन किया गया गर्ल आइकन आंचल शुक्ला के नेतत्व मे 25 बच्चियो के समूह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सांस बहू, बाल विवाह, आदि नाटको का मंचन कर समाज को एक जागरूकता संदेश दिया गया महिला थाना निरीक्षक पूजा कटियार के द्वारा मिशन शक्ति व एंटी रोमिओ 1090 आदि याजनाओ के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपिल की आंचल शुक्ला के द्वारा मिलान की सहायक कार्यक्रम समंवय का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम मे कुलदीप शुक्ला, शालिनी शुक्ला,मृदुल प्रकाश, उदय सिंह गौड, अन्जू सिंह । आशा बहू, लक्ष्मी शुक्ला, अरूण मिश्रा, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विशेष सहयोग किया।

### कुंभ को साफ सुथरा रखने के लिये चलाया गया थैला-थाली अभियान



**सीतापुर।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि अवध प्रान्त द्वारा प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ को कचरा व गंदगी मुक्त तथा पर्यावरण युक्त कुंभ आयोजित कराने की दृष्टि से पूरे देश में एक थैला व एक थाली का अभियान आने वाले श्रद्धांलुओं को निशुल्क थैला व थाली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है ताकि मेला क्षेत्र में होने वाली गंदगी को कम किया जा सके इसी को दृष्टि गत रखते हुए जनसहयोग के माध्यम महेंद्र अग्रवाल नरेश शर्मा ,डुडेजा आरती अग्निहोत्री शिल्पी सिंह कमलापति त्रिपाठी , कमलेश , शिवप्रसाद , सुरेन्द्र शंकर मिश्र , शिल्पी मिश्रा , अरुण अग्निहोत्री, कौशल किशोर त्रिपाठी आदि बहुत से सहयोगीओ से प्राप्त 224थाली व 300थैला आज पार्सल के माध्यम से कमलेश पाण्डेय, नगर संयोजक लोक भारती, श्रवण बाजपेई , जिला पर्यावरण संयोजक, सह संयोजक शिवनाथ आदि उपस्थित रहे इस अवसर पर पर्यावरण गतिविधि, के सीतापुर विभाग के विभाग संयोजक द्वारा सभी सहयोगीओ का आभार व्यक्त किया गया ।

### आत्म निर्भर बनाने के लिये योजना शुरू

**सीतापुर ।** किसानों एवं उद्यमियों को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा रोजगार के अवसर एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत व्यक्तिगत एफ0पी0ओ0 स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रसंस्कृत इकाईयों यथा बेकरी उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, दाल व दाल मिल, चावल व चावल मिल, मक्का उत्पाद के प्रसंस्करण से सम्बन्धित उद्योग, दुग्ध उत्पादक से सम्बन्धित उद्योग, हर्बल उत्पाद उद्योग, मशरूम और मशरूम उत्पाद से सम्बन्धित उद्योग, आयल सीड आधारित उत्पाद, रेडी टु कुक (मैगी, नूडल्स, पास्ता, ढोकला, स्वीट कॉर्न, दलिया, सूजी आदि), रेडी टु ईट (चिप्स, पापड़, नमकीन, बिस्कुट आदि) सोयाबीन आधारित उत्पाद, मसाला एवं मसाला आधारित उत्पाद, गन्ना आधारित उत्पाद, सब्जी आधारित उत्पाद, फ्लोर मिल, केला आधारित उत्पाद, महुआ आधारित उत्पाद, मिलेट (बाजरा) आधारित उद्योग,मेवा सम्बन्धित उद्योग, अचार, मुरब्बा, सिरकाआदि उद्योग, जूस शेक उद्योगइत्यादि की स्थापना एवं उच्चीकरण प्रस्ताव पर अधिकतम प्रोजेक्ट लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये का अनुदान अनुमन्य है।

# आवास प्लस के सर्वे हेतु पात्रता अपात्रता के मानक पर कार्यशाला में की गई चर्चा



**सीतापुर ।** आवास प्लस 2024 के सर्वे हेतु जनपद में नियुक्त सर्वेयरों की एक कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें आवास प्लस एप एवं पात्रता अपात्रता के नये मानक आदि मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करके अवगत कराया गया।कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी निधि बसंल द्वारा सर्वे से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओं की जानकारी देते हुए समस्त सर्वेयरों से सर्वे से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे गये जिनका सर्वेयरों द्वारा उत्तर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आवास प्लस एप से संबंधित बिन्दुओं की चर्चा करते हुए सर्वेयरों को निर्देश दिये गये कि फोन में इंस्टॉल सर्वे से संबंधित सभी पुराने ऐप अनइंस्टॉल कर दे तथा उक्त लिंक के माध्यम से पहला और दूसरा एप आवास प्लस सर्वे 2024 एवं आधार फेस आर0डी0 दोनों को इंस्टॉल कर ले। इंस्टॉल करने के बाद आवास प्लस सर्वे 2024 एप को ओपन करें। ेपेजमक सर्वे पर टिक कर आधार नंबर भरकर । ।नजीमदजपबंजम करने पर के0वाई0सी0 पूर्ण होने के बाद पिन बनाने के लिए दिखाई देगा, पिन कोई भी चयन किया जा सकता है। इसी पिन से एप ओपन होगा। जिन ग्राम पंचायतों का सर्वे करने हेतु सर्वेयर को नामित किया गया है वह सभी ग्राम पंचायतें सर्वेयर के एप में दिखेंगी। के0वाई0सी एवं सर्वे अपलोड करने के लिए इंटरनेट की आवश्यकता होगी। सर्वे लाभार्थी के घर-घर जाकर ही किया जाना संभव हो सकेगा। परिवार की मुखिया के रूप में महिला का ही चयन किया जाएगा, यदि परिवार में कोई महिला नहीं है तो ऐसी स्थिति में पुरुष का चयन मुखिया के रूप में कर सकते हैं। यदि मुखिया के रूप में पुरुष का चयन करते हैं तथा सदस्य में किसी महिला का नाम दर्ज होगा तो ऐसी स्थिति में केवाईसी पूर्ण नहीं होगी। सर्वे के समय परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। सभी सदस्यों का नाम आधार के अनुसार ही भरा जाएगा नाम गलत होने पर के0वाई0सी0 पूर्ण नहीं होगी। सर्वेयरों को यह भी बताया गया कि लाभार्थी का जॉब कार्ड नंबर सही होना चाहिए एवं नरेगा फॉर्मेट के अनुसार ही मान्य होगा जैसे किसी लाभार्थी का जॉब कार्ड नं0 440 है तो केवल 440 नहीं लिखा जाएगा पूरा नं0 यू0पी0-29-018-001-001/440 लिखा जाएगा। लाभार्थी के बैंक खाते की डिटेल भी साथ में ही भरा जाए। भूमिहीन होने की दशा में प्रपोज साइड की फोटोग्राफ नहीं ली जाएगी। सर्वे अपलोड होने से पहले कोई भी जानकारी संशोधित की जा सकती है, सर्वे अपलोड होने के बाद कुछ भी संशोधित नहीं किया जा सकेगा। सर्वे अपलोड होने के बाद लाभार्थी को एस0एम0एस0 के माध्यम से एक लिंक प्राप्त होगी जिससे वह अपना सम्पूर्ण फार्म देख सकेगा। सेल्फ सर्वे के माध्यम से किए गए सर्वे को डिलीट करने का अधिकार सर्वेयर के पास नहीं होगा वह उसे मात्र चेक कर सकता है कि भरी गई जानकारी सही है अथवा गलत।

### बीडीओ की खामोशी, बयाँ कर रही कुछ ओर ही कहानी

# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार मुक्त नीति पर कालिख पोत रहे उनके ही सांसद विधायक

**सीतापुर( गोंदलामऊ )।** विकास खण्ड गोंदलामऊ में निरंतर घोटालो से पर्दा उठ रहा है, बीडीओ गोंदलामऊ ने अभी तक चुप्पी नही तोड़ी है, यँहा तक को बीडीओ के द्वारा लगातार नम्बर ब्लैकलिस्ट किए जा रहे है, सूत्रों की माने तो गोंदलामऊ बीडीओ सत्ता पक्ष के विधायको व सांसद के हाथ की कठपुतली बने हुए है, विकास खंड में घोटालो से की जाने वाली बेईमानी की कमाई का हिस्सा बीडीओ पूरी ईमानदारी के साथ सांसद व विधायको को वीआईपी के रूप में पहुचाते है, वही इस के एवज में बीडीओ को सत्ताधारी सांसद व विधायक पूर्णरूप से संरक्षण देने का काम करते है, यही वजह है कि बीडीओ ने अपने मुह पर ताला व आंखों पर नोटो की पट्टी बांध कर घोटाले कराने का काम कर रहे है, वही सांसद विधायक व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ व देश के प्रधानमंत्री मोदी की भ्रष्टाचार मुक्त देश व प्रदेश बनाने की नीति पर कालिख पोतने का काम कर रहे है, सत्ता की हनक में सचिवो व प्रधानों से कमीशन वसूलने का काम कर रहे है कमीशन न देने पर सचिवो व प्रधानों की जांच कराकर उनको घुटने टेकने पर मजबूर कर देते है। जिससे विकास कार्य प्रभावित होने के साथ साथ ग्राम पंचायतों में घोटालो ने रफ्तार पकड़ ली है। जब इस सम्बंध में बीडीओ गोंदलामऊ को जानकारी के लिए फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन नही उठाया गया।

#### उदयपुर पूर्वी में परिजनों के नाम भुगतान कर किया गया घोटाला

ग्राम पंचायत उदयपुर पुर्वी में सचिव व प्रधान से सांठगांठ कर प्रधान परिजन के नाम भुगतान कर वितीय धन को चपत लगा दी, प्रधान ने बीते वित्तीत वर्ष में अपने भतीजे की पत्नी शैलेन्द्री देवी के नाम पर वित्तीय धनराशि का भुगतान करा दिया है। वही प्रधान के द्वारा अपने प्रसातवक के बेटे अमरेश कुमार के नाम पर भी दिल खोलकर भुगतान कर फर्जीवाडा किया है। जब इस सम्बंध में प्रधान पति उमेश चंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम अमरेश को नही जानते है लेकिन बाद में बात को गोलमोल तरीके से बताया कि गांव ही लड़का है, वही शैलेन्द्री देवी समूह की कार्यकत्री है, अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या समूह की कार्यकत्री को मजदुरी का भुगतान दिया जा सकता है फिर वह प्रधान की बहू भी हो।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा दो चैकियो का लोकार्पण

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा थाना सदरपुर की नवनिर्मित पुलिस चैकी गौडैचा तथा थाना रामपुर मथुरा की नवनिर्मित पुलिस चैकी भगौतीपुर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में कप्तान द्वारा थाना सदरपुर व रामपुरमथुरा की नवनिर्मित चैकी क्षेत्रों में अपराध एवम् अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने एवम् कानून, सुरक्षा एवम् शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस चैकी पर उपस्थित पुलिसकर्मियों व ग्राम प्रहरियों को अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए संबंधित को यथाशीघ्र सूचना देने, यातायात नियमों का पालन करने, साइबर फ्रॉड से बचने हेतु जागरुक करने व सतर्क रहने आदि के संबंध में निर्देश अपील की गयी। साथ ही चैकी क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों भीड़भाड़ वाले इलाकों आदि में सीसीटीवी लगवाने अथवा लगे हुए सीसीटीवी को निरंतर क्रियाशील रखने के लिये कहा। थाना सदरपुर चैकी गोडैचा व थाना रामपुर मथुरा चैकी भगौतीपुर लोकार्पण में चैकी क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा पहुंचकर चैकी के निर्माण से आमजनमानस की पुलिस तक शीघ्र पहुंच व सुविधा के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# आखिर किसके संरक्षण में फल फूल रहा जिले में सटटे का व्यापार

### साइकिल स्टैण्ड संचालक व बाल काटने वाला नाई बन गया सटटा किंग



**सीतापुर।** कभी साइकिल स्टैण्ड का संचालन कर अपने परिवार की रोजी रोटी चलाने वाला तो दूसरा व्यक्ति लोगो के बालकाटकर अपना परिवार पालने वाले युवक आर सटटा किंग बन गये है। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर इन सटटा किंगों को किस हस्ती और अधिकारी का संरक्षण मिल रहा है जो चर्चाएं होने के बाद भी इन पर कोई कार्यवाही नही हो रही है। कोहना पुलिस चौकी क्षेत्र में तो खुलेआम सटटेबाजी हो रही है। पर्चियां लग रही है इसके बाद भी कोहना चौकी क्षेत्र के सटोरियों पर अभी तक कोई कार्यवाही नही हो सकी है जबकि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा दावा किया जा रहा है कि सटोरियों को जागरूक किया जा रहा है और विधिक कार्यवाही भी की जा रही है। सटटे को सीतापुर से जड़ से समाप्त करने के प्रयास किये जा रहे है। इतना ही नही एक दो सटटा किंग ऐसे भी है जो कभी लोगो के बाल काटकर अपने परिवार का जीवन यापन करते थे आज वही सटोरी रोडवेज पुलिस चौकी व सदरबाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के सटटा किंग बन गये है। जो कभी साइकिल स्टैण्ड और बालकाटकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे आज लोगो की मेहनत की कमाई को सटटे में लगवाकर सटटा किंग बनने के बाद वह लग्जरी लाइफ जीते हुए देखे जा रहे है। वहीं सटटे में आर्थिक तंगी जूझ रहे व्यक्ति बड़े बड़े अपराधों को अंजाम दे रहे है कहीं कहीं तो ऐसे भी प्रकरण प्रकाश में आ रहे है जहां सटटे के चलते भारी कर्ज होने के बाद लोगो को अपनी जान तक गवांनी पड़ रही है। तामसेनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में एक नाई की दुकान गवाही दे रही है कि यह नाई की दुकान सटोरियों का गढ़ है और यहां पर आये दिन विवाद हुआ करता है। इसी तरह अन्य पुलिस चौकी क्षेत्रों से भी सटटे का कारोबार होने की जानकारियां मिल रही है।

# विधायक अनिल वर्मा ने जन संवाद चैपाल लगाकर सपा कार्यकाल में कराएं गए कार्यों की दी जानकारी



**सीतापुर।** सपा विधायक अनिल वर्मा के द्वारा विकास खण्ड परसेंडी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जन संवाद चैपाल का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल वर्मा के द्वारा विधानसभा क्षेत्र लहरपुर के मेवा रामनगर,रजुआपुर, सरांवा, अंगेठा,आदि गांवों में जनसंवाद चैपाल का आयोजन किया गया। सपा विधायक अनिल वर्मा ने समाजवादी पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी, समाजवादी पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में भी जनता को बताया। उन्होंने भाजपा की नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि, आम आदमी परेशान है।भाजपा सरकार में किसानों की अपनी लागत का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, किसान भुखमरी के कगार पर हैं, आम जनता परेशान है महंगाई चरम पर है।भाजपा की सरकार में लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिल रही है। सरकार सिर्फ झूठे वादे करती है अधिकारी बेलगाम है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सदस्य जिला पंचायत इंद्रपाल चैधरी, प्रहलाद कुमार कन्नौजिया एडवोकेट,विश्राम लाल गौतम, प्रधान समीम, कल्लन, दिनेश यादव, मदन अर्कवंशी, बबलू सिंह, सरदार सतनाम सिंह, कुलदीप सिंह, डॉ0विनोद गौतम,रामसागर गौतम, जिला उपाध्यक्ष कौशलेंद सिंह,नवनीत वर्मा, भागीरथ मौर्य, कलामुद्दीन अनन्तराम भार्गव,सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्रमिक फर्जी हाजिरी का सिलसिला नही रहा थम




**सीतापुर।** विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायत बंभौर ,बेलवा बहादुर, कैमहरा खुर्द में मनरेगा कार्य संचालित किया जा रहा है । ग्राम पंचायत बंभौर मे मनरेगा से कार्य ग्राम पंचायत बंभौर मे खेल मैदान निर्माण कार्य पर प्रधान व रोजगार सेवक के द्वारा फर्जीवाडा किया जा रहा है खेल मैदान कार्य पर पुरानी फोटो अपलोड कर 36 श्रमिको की हाजिरी दर्ज कर फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही हैं। ग्राम पंचायत बेलवा बहादुर में मनरेगा से चल रहे कार्य डामर रोड से नदी तक चकबन्ध कार्य व दूसरा कार्य बेलवा बहादुरपुर में डामर रोड से बेसनपुरवा रोड तक चकबन्ध कार्य पर पुरानी फोटो अपलोड कर10मास्टर रोल पर 87श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है।सभी मास्टर रोल पर पुरानी व एक ही फोटो सारे मास्टर रोल पर आपलोड कर श्रामिक हाजिरी घोटला किया जा रहा है। वही विकास खण्ड परसेण्डी की ग्राम पंचायत गौरिया झाल मे पंडित दीनदयाल अमृत सरोवर पर 53श्रमिकों की पुरानी फोटो अपलोड कर लगातार कई दिनों से हाजिरी दर्ज की जा रही है उसके बावजूद ब्लॉक के जिम्मेदार कुम्भकर्णीय नीद में सो रहे है, ग्राम पंचायत कैहमारा वजीरपुर में गांव स अनीस के खेत से परसेंडी की सीमा तक चकबन्ध कार्य पर पुरानी फोटो के सहारे लगभग 100 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है। जब इस सबंन्ध मे एपीओ बिसवां से जानकारी ली गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि फर्जीवाड़ा करने वालो के मास्टर रोल शून्य कराये जाएंगे।

# ब्लाक मिश्रिख की ग्राम पंचायतों में सफाई को लेकर उठा सवाल

**सीतापुर।** सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के अन्तर्गतग जहां एक तरफ कलस्टर बनाकर ग्राम पंचायतों की साफ सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को गम्भीर बीमारियों से बचाया जा सके व ग्राम पंचायतों के कचड़े को आर आर सेण्टर तक पहुंचाने के लिये भी लोगों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है वही दूसरी तरफ विकास खण्ड मिश्रिख के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत कचड़े के लगे अम्बार व गन्दगी ग्रामीणों के मध्य चर्चा का विषय बना हुआ है। मिश्रित ब्लॉक की लगभग सभी ग्राम पंचायतों और उनके मजरों में गन्दगी के अम्बार लगे हुये हैं अधिकांश जगह तो गांवों में काफी हद तक मार्गों आदि पर प्रदूषित जल भराव भयंकर संक्रामक बीमारियों को खुले आम न्योता दे रहे है,। ब्लॉक में जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते सफाईकर्मी सभी हदो को पार कर चुके है। बताते चले कि मिश्रित ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का अध्यक्ष मनोज कुमार ब्लॉक की ग्राम पंचायत डिघिया के राजस्व गांव कुंवरापुर में तैनात है जबकि इस गांव के गली कूचों में व्याप्त गन्दगी के कारण आम लोगों का निकलना दूभर है। मनोज कुमार सफाईकर्मी ब्लाक अध्यक्षे होने के कारण ब्लॉक में अध्यक्षी कार्य में व्यस्त दिखाई देते है। जिस कारण तैनाती गांव में साफ सफाई की अव्यवस्था बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि कभी कभार सफाई कर्मी गांव में नजर आ जाते है लेकिन साफ सफाई पर कोई ध्यान नही देते है। जब सफाई कर्मियों के ब्लाक अध्यक्ष की कार्यरत ग्रामपंचायत में साफ सफाई को लेकर सवाल उठ रहे है तो ब्लाक क्षेत्र की अन्य ग्रामपंचायतों का हाल बस से बदतर होगा।

# लखनऊ स्थित विद्युत कार्यालय पर संविदा कर्मी करेगे सत्याग्रह

**सिधौली।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा एडवाई जारी करते हुए आउटसोर्सिंग कंपनी से नया करार किया गया है। जिसके विरोध में तमाम आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने अपने संगठन के साथ 17जनवरी 025 को एमडी मध्यांचल कार्यालय लखनऊ पर सत्याग्रह किए निर्णय लिया है। गत दिनों स्थानीय संविदा कर्मियों ने बैठ कर अधीक्षण अभियंता के सामने अपनी मांगे रखकर परेशानी बताई थी है संविदाकर्मियों का कहना है अगर यह नियम लागू हो गया तो रोजगार के अवसर घटेंगे साथ ही कर्मचारियों के आगे रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। पावर कारपोरेशन द्वारा बिजली उपकेन्द्रों के परिचालन एवं अनुरक्षण कार्य के लिए नई कंपनी के बाद नया मानक तय किया है। इस बाबत उपकेंद्र पर तमाम कर्मचारियों ने अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगे रखी है। संविदा कर्मियों का कहना है 33/11 केवी उपकेन्द्रों पर 18.5 कर्मचारियों पर अनुबंध किया गया है। इसी तरह तहसील मुख्यालयों पर यह संख्या टाउन एवं ग्रामीण में 12.5 मानव संसाधन तय किया गया है। जबकि मौजूदा हालत में उपकेंद्रों पर इनकी संख्या ज्यादा है। टाउन में 24 एवं ग्रामीण में इनकी संख्या 31 होती है। अगर ऐसा होता है तमाम कर्मचारियों की रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा जिस के विरोध 17जनवरी025 को एमडी मध्यांचल कार्यालय लखनऊ पर संविदा कर्मियों ने सत्याग्रह करने की बात कही है विकास श्रीवास्तव, राजकुमार,मनीष श्रीवास्तव, विशाल सिंह आदि ने बताया है।

# जिला जज की अध्यक्षता में हुआ जिला जेल का निरीक्षण



**सीतापुर ।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रेषित पत्र के अनुपालन में - 08.जनवरी को समय-01:30 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा रिट याचिका (सी) संख्या 140/2023 शीर्षक सुकन्या शांता बनाम भारत संघ एवं अन्य में दिए गए निर्देशों के अनुरूप गठित समिति बोर्ड ऑफ विटिजर्स के द्वारा संयुक्त निरीक्षण जिला कारागार सीतापुर का किया गया। जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गयी। निरीक्षण के दौरान नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डा0 कमलेश चन्द्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रियांशी सक्सेना, उप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उर्मिला, सी.एस. डब्ल्यू.पेस तथा दीपिका नाग, वन स्टाफ सेन्टर व जेल अधीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण आदि मौजूद रहे। इस दौरान जातीय आधार पर भेदभाव से सम्बन्धित कोई मामला संज्ञान में नही आया। इसी दौरान उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर '' कुलदीप सक्सेना'' द्वारा जिला कारागार सीतापुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गौरव प्रकाश भी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, द्वारा जिला कारागार सीतापुर में महिला बैरक, किशोर बैरक एवं अन्य बैरकों का निरीक्षण कर, बन्दियों से वार्ता की गयी। वार्तालाप के दौरान बन्दियों की छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। जेल अपील के सम्बन्ध में भी पूछताछ की गयी, बताया गया कि सभी दोषसिद्ध बन्दियों की जेल अपील तथा निजी अपील दाखिल कर दी गयी है। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। सभी व्यवस्था दुरुस्त पाई गयी। जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, जेल लीगल एड क्लीनिक पर मौजूद पी.एल.वी. से उसके कार्यों के बारे में व नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में पूछा गया तथा रजिस्टर जांचे गये।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा मंडल अध्यक्षों की जारी सूची

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** भारतीय जनता पार्टी ने अंबेडकर नगर के मंडल अध्यक्षों की सूची गुरुवार रात को जारी कर दी। संगठन ने जलालपुर विधानसभा के 6 मंडल अध्यक्षों में चार बदल दिया गया , जबकि 1 मंडल को होल्ड रखा गया है ।भाजपा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कोशिशें तो हमेशा से होती रही हैं, लेकिन संगठन में महिलाओं को पदाधिकारी बनने का अवसर कम ही मिल पाया है। लेकिन, पहली बार मंडल अध्यक्ष पद पर महिला का चयन किया गया है। जीवत मंडल से सरिता निषाद को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद ने उनसे मिलकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया है। भाजपा राजनीति में महिलाओं की भागीदारी की दिशा में काम करती है। महिलाओं और कार्यकताओं में खुशी की लहर है।

### जिले की कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर ने की अहम घोषणाएं



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल

**सुल्तानपुर।** जिले के नए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में जिले की कानून व्यवस्था को लेकर अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने अधिवक्ता हत्याकांड के आरोपी गैंगस्टर सिराज और आभूषण व्यवसायी के यहां हुई डकैती के फरार आरोपियों अरबाज व फुरकान की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। एसपी ने जिले में संगठित अपराध पर अंकुश लगाने को प्राथमिकता बताया। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए अतिक्रमण और अवैध ठेलों के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही। साथ ही करौंदिया, आजाद नगर, बाघराजपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।कार्रवाई का दिया आश्वासन पुलिस अधीक्षक ने सभी मामलों में नए सिरे से जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### समाजसेवी के आग्रा पर खून देकर दो सिपाही ने बचाई महिला की जान



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** समाजसेवी बरकत अली ने सोशल मीडिया के माध्यम से जरूरतमंद महिला को ब्लड के लिए लोगों से अपील किया था की एक महिला गीता देवी निवासी नई सड़क शहजादपुर की रहने वाली है उनकी तबीयत खराब होने के बाद उनके परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया डॉक्टरों ने उनकी जांच कराया जांच करने के बाद कहा कि आपको दो पॉइंट ब्लड है आप तुरंत ब्लड की व्यवस्था करिए परिवार रिश्तेदार कोई भी ब्लड देने को तैयार नहीं हुआ सोशल मीडिया पर देखकर अकबरपुर कोतवाली में पोस्ट हेड कांस्टेबल गौरव यादव पुलिस लाइन में तैनात कामेश गंगवार जिला अस्पताल पहुंचकर खून देकर महिला की जान बचाई।

# जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों ने अपना नामांकन पत्र जिला चुनाव अधिकारी को दिया

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर ।** भाजपा अपने संगठन का पुनर्गठन प्रत्येक 3 वर्ष पर प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद करती है। जिले की बूथ से लेकर मण्डल और जिलाध्यक्ष पद का निर्वाचन भाजपा अपने संविधान के जरिए लोकतांत्रिक तरीके से करती है। बूथ और मण्डल की निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति के बाद शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जिला चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला की उपस्थिति में जिला चुनाव अधिकारी पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय परिषद सदस्य पद के दावेदारों से उनके नामांकन पत्र प्राप्त कर संपन्न कराया। भाजपा की चुनाव नियमावली के अनुसार वर्तमान जिलाध्यक्ष और निवर्तमान जिलाध्यक्ष का नाम 5 नामों की पैनल में शामिल किया जाएगा।

भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जिला चुनाव अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया शुरू करते ही जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों में नामांकन पत्र प्रस्तुत करने के लिए अपने प्रस्तावक और समर्थकों के साथ नामांकन पत्र भरने की होड़ मच गई ।समर्थकों की गहमा गहमी,शोर शराबे और नारों के बीच जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों ने अपना नामांकन पत्र जिला चुनाव अधिकारी देवेंद्र सिंह को दिया।

जिला चुनाव पर्यवेक्षक अष्टभुजा शुक्ला ने अपने बयान में कहा कि भाजपा अपने संगठन की चुनाव को एक पर्व की तरह सम्पन्न कराती है ।आम सहमति के आधार पर निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने का प्रयास किया जाता है ।दावेदारों में आम सहमति नहीं बन पाने की दशा में प्रदेश चुनाव चुनाव समिति की निर्णय पर जिलाध्यक्ष के पद पर योग्य उम्मीदवार का चयन कर नाम घोषित किया जाता है। घोषित जिलाध्यक्ष के साथ भाजपा का अनुशासित कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर संगठन के कार्य एवं कार्यक्रम में लग जाते हैं। भाजपा में कोई भी निर्णय आम सहमति के आधार पर ही लिया जाता है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि संपन्न हुए निर्वाचन प्रक्रिया में भाजपा जिलाध्यक्ष और प्रांतीय परिषद के पद पर कुल 78 लोगों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है ।जिलाध्यक्ष और प्रांतीय परिषद सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में मुख्य रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, कपिल देव वर्मा,डॉ राना रणधीर सिंह, मनोज मिश्र,डॉ रजनीश सिंह,विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू,सुमन पाण्डेय,दिलीप पटेल देव,बाल्मीकि उपाध्याय,चंद्रिका प्रसाद,रमापति मौर्य आदि शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** प्रदेश के कौशल प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु एक महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान मिशन मोड में प्रारम्भ किया गया है। इस योजना की लांचिंग मुख्यमंत्री योगी के कर कमलों द्वारा यू0पी0 दिवस के शुभ अवसर पर किया जा रहा है। योजनान्तर्गत युवाओं एवं जन मानस को अधिक से अधिक व्यक्तियों को जोड़ने एवं उनकी हैंडहोल्डिंग कराये जाने के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार एवं बैंकवार समीक्षा की गयी। समीक्षा में यह पाया गया कि एन0आर0एल0एम0 द्वारा 10, आरसेटी द्वारा 29, जिला खादी ग्रामोद्योग द्वारा 05 का आवेदन लक्ष्य के सापेक्ष कराया गया तथा कौशल विकास मिशन, आई0टी0आई0, सेवायोजन विभाग, डूडा, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज एवं महामाया मेडिकल कॉलेज विभागों के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष समयान्तर्गत आवेदन शत् प्रतिशत् कराये जाने के निर्देश दिए गयें। इसके साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं समस्त जिला समन्वयक बैंक को यह निर्देशित किया गया कि बैंकों में प्रेषित किए गए आवेदन पत्रों को समयान्तर्गत स्वीकृत / वितरण की कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे कि 24 जनवरी 2025 (यू0पी0 दिवस) को प्रथम चरण का आंवटित लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डॉ सदानंद गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबन्धक, उपायुक्त उद्योग, प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, निदेशक आरसेटी, अपर जिला सूचना अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा पचास हजार रूपये का इनामिया अब्दुल हक उर्फ फहीम

### सनाहा थाना रौनाही अयोध्या का है वांछित अब्दुल हक, एसटीएफ को थी तलाश

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** साइंस सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट ठगी गिरोह का सक्रिय सदस्य अब्दुल हक कई सालों से वांछित चल रहा था जिसे अयोध्या से लखनऊ एसटीएफ ने दबोच लिया है। स्पेशल टास्क फोर्स उत्तर प्रदेश लखनऊ ने अपने प्रेस नोट में उक्त जानकारी दी है। बताया गया है कि साइंस सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में जमीन प्लाट के नाम पर इन्वेस्ट करा कर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य है। जनपद सुल्तानपुर ने रुपये 50000 का पुरस्कार घोषित अभियुक्त अब्दुल हक उर्फ फहीम पुत्र मोहम्मद सलीम



अयोध्या जनपद के थाना रौनाही ग्राम सनाहा, ड्योढ़ी बाजार का है। एसटीएफ को सूचना थी कि आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। एसटीएफ के विभिन्न टीमों की अभिसूचना संकलन पर कार्रवाई को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ रमेश कुमार शुक्ला के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्रवाई की जा रही थी।

एसटीएफ को मुखबिर ने सूचना दी कि थाना कोतवाली नगर सुलतानपुर में पंजीकृत मुकदमों में वांछित 50000 का पुरस्कार घोषित अभियुक्त अब्दुल हक उर्फ फहीम, ड्योढ़ी बाजार मोड़ ,थाना रौनाही अयोध्या में मौजूद है, जो कहीं भागने की फिराक में है। एसटीएफ के उप निरीक्षक शिवकुमार अवस्थी के नेतृत्व में विमलेंद्र मोहन मिश्रा, महेश कुमार पांडेय एवं कमांडो राधेलाल की टीम बताए गए स्थल पर पहुंचकर वांछित अभियुक्त को आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ से मिली जानकारी के मुताबिक अब्दुल हक उर्फ फहीम ने पूछताछ में बताया कि वह वर्ष 2014 से 2019 तक साइन सिटी कंपनी में ड्राइवर के पद पर कार्य कर रहा था। कंपनी के एमडी आसिफ नसीम की गाड़ी चलाता था। आसिफ नसीम ने इसके काम एवं विश्वसनीयता को देखते हुए सुल्तानपुर में शुरू की गई कंपनी की नई साइट साइंस सिटी प्रॉक्सिमा डेवलपर्स में इसको बतौर पार्टनर रजिस्टर कराया। कंपनी के भाग जाने पर कंपनी में पार्टनर होने के कारण इसके विरुद्ध भी कार्रवाई प्रचलित थी और अभियोग में नाम प्रकाश में आया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए इधर-उधर स्थान बदलकर रह रहा था। गिरफ्तारी के बाद सुल्तान पुर कोतवाली ले जाया गया। अग्रिम विधिक कार्रवाई सुल्तान पुर कोतवाली पुलिस करेगी।

## एकाक्ष फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया तो खिल गए चेहरे

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के टांडा तहसील के ग्राम रुस्तमपुर मे आज 9 जनवरी 2025 को गरीबों,दिव्यांगों व विधवा महिलाओं को कुल 101कंबल वितरित किया। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रबंधक द्वारा संस्था के सदस्यों को प्रभु श्री राम की फोटो देते हुए सभी को बारी-बारी से सम्मानित किया गया इसके पश्चात कंबल वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी ने बताया कि हमारी संस्था की स्थापना 2022 में हुई है इसका मूल उद्देश्य समाज में गरीब असहाय लोगों की सेवा करना है



इस समय काफी ठंड पड़ रही है। गरीबों के पास पर्याप्त संसाधन न होने वह ठिठुर रहे हैं। ऐसे लोगों की मदद करने के लिए हमेशा संस्था के माध्यम से प्रतिबद्ध रहता हूं। गरीबों की सेवा पुण्य का काम है। गर्म कपड़े के अभाव में असहाय व गरीब परेशान हैं। उन्हें राहत प्रदान करने के लिए कंबल दिया गया है ।इस दौरान प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी अध्यक्ष ऋषभ पांडे के अलावा संस्था के सदस्यों में राजशेखर तिवारी उमाकांत मिश्रा दीपक द्विवेदी प्रीति द्विवेदी श्रीमती शोभा पांडे अनुपम त्रिपाठी देवमन यादव दिवाकर तिवारी आदि मौजूद रहे।

# एमएससी परीक्षा में सचलदल ने एक परीक्षार्थी को नकल करते धरा

### अवध विवि की सेमेस्टर परीक्षा में 70871 के सापेक्ष 1526 अनुपस्थित

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक, परास्नातक व स्नातक वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा में शुक्रवार को 70871 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1526 अनुपस्थित रहे। विवि की प्रथम पाली की परीक्षा में 11336, द्वितीय पाली में 22749, तृतीय पाली में 36786 में से क्रमशः 519, 473 व 534 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस तीन पालियों की परीक्षा में 33086 छात्र व 37785 छात्राओं के सापेक्ष 1001 छात्र एवं 525 छात्राएं अनुपस्थित रही। दूसरी ओर प्रथम पाली में सचलदल की सघन तलाशी में उर्मिला महाविद्यालय, अयोध्या में एमएससी जन्तु विज्ञान प्रथम



सेमेस्टर के द्वितीय प्रशन-पत्र में एक परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। इस छात्र पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि शासन के मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों पर औचक निरीक्षण किया गया जिसमें एक परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरा गया। आज की परीक्षा में 70871 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1526 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

### 24 घंटे लगातार दबिशो के चलते काफी मशक्कत के बाद दोनों शातिर वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

ब्यूरो चीफ जाती राम दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

**सहारनपुर** अपराध की दुनिया का बादशाह कहे जाने वाले एवम बड़े से बड़े अपराधो में लिप्त रहे 2 शातिर वारंटियों को थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव की पुलिस टीम ने लगातार चली दबिशो के बाद आखिरकार गिरफ्तार कर ही लिया।आपको बता दें,कि धारा 5/8 सीएस एक्ट,डकैती एवम आर्म्स एक्ट मामले के एनबीडब्ल्यू वारंट माननीय न्यायालय से जैसे ही थाना चिलकाना पंहुचे,तो इंस्पेक्टर कपिल देव ने बिना कुछ देरी किए एक टीम का गठन कर इन दोनों शातिर वारंटियों नदीम पुत्र शौकत निवासी ग्राम फिरोजाबाद एवम आरिफ पुत्र ग़ालिब निवासी ग्राम दुमझेडा की तलाश लगा दी।सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने भी माननीय न्यायालय के आदेशों निर्देशो का कड़ाई के साथ पालन करते हुए मय दल बल के साथ दोनों वारंटियों नदीम व आरिफ की तलाश में दबिशे देनी शुरू कर दी।चिलकाना पुलिस की 24 घंटे लगातार चली दबिशो के बाद दोनों शातिर वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया गया।जब चिलकाना इंस्पेक्टर कपिल देव ने इन दोनों वारंटियों का अपराधिक इतिहास खंगाला,तो वे भी इनका अपराधिक इतिहास देख एक बार तो हैरत में पड़ गए।

## संविधान गौरव अभियान को सफल बनाएं कार्यकर्ता :जयनाथ कुशवाहा

रामेश्वर मद्धेशिया केसरिया हिंदुस्तान

**तहसील प्रभारी**

भाटपार रानी ,देवरिया।भारतीय जनता पार्टी भाटपार रानी मंडल की संविधान गौरव अभियान की कार्यशाला स्थानीय उपनगर स्थित मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर मुख्य अतिथि जय नाथ कुशवाहा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयनाथ कुशवाहा ने कहा कि इस साल भारतीय संविधान के लागू होने का 75 वर्ष पूरा हो रहा है जिसके उपलक्ष में पार्टी के द्वारा 11 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम तय किया गया है। इसके अंतर्गत अनुसूचित एवं मलिन बस्तियों में जाकर भाजपा कार्यकर्ता भाजपा सरकार के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सम्मान में किए गए कार्यों को बताएं। भाजपा की सरकार ने संविधान एवं डॉ अम्बेडकर के गौरव को बढ़ाया है। जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से संबंधित पांच स्थानों को पंच तीर्थ घोषित कर उसका सर्वांगीण विकास करने का काम की है। मंडल प्रभारी डॉ भानू प्रताप सिंह ने कहा की कांग्रेस की सरकार ने सबसे अधिक संविधान का दुरपयोग किया है। विभिन्न प्रदेशों में चुनीं हुई सरकार को भंग करने का सबसे अधिक कार्य कांग्रेस की सरकार में हुआ है। डॉ अरविंद सहाय ने कहा कि डॉ अम्बेडकर को 1990 में भाजपा समर्थित सरकार ने भारत रत्न देने का काम किया था। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मंटू पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुशील कुमार शाही, राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, डॉ अशोक तिवारी, सुरेश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह टुनटुन, डॉ शम्स परवेज़, राजेंद्र जायसवाल, अमित शाही, संतोष शाही,सीमा कुशवाहा, डॉ के के मिश्रा, चन्द्र किशोर द्विवेदी,राजेश गुप्ता, आनंद पियूष उपाध्याय, गौतम प्रसाद, संतोष पटेल, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा,लक्ष्मण वर्मा, जितेंद्र जायसवाल,सोनू वर्मा,सुभंजय सिंह, मंगल प्रताप शाही, योगेन्द्र कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, रितेश तिवारी, सुरेन्द्र चौहान, अशोक तिवारी, महेंद्र पासवान, संतोष पाण्डेय, गुड्डू सहाय, अमरेन्द्र मौर्य,धीरज गुप्ता,सुमंत कुशवाहा,राम प्रवेश कुशवाहा, दिनेश चौरसिया, अखिलेश कुशवाहा,लाल जी यादव, विवेक गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, अंकुश शाही, केशव दुबे, हृदयानंद गुप्ता, सूर्य मोहन श्रीवास्तव,गगन शाही, धर्मेंद्र शाही उपस्थित थे।

# समाधान शिविर में आई शिकायतों के निवारण के दिए निर्देश

### समाधान शिविर में शुक्रवार को आई 4 शिकायतें- नगराधीश अशोक कुमार

नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।

**नूंह** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में प्रतिदिन आयोजित हो रहे समाधान शिविर की निरंतरता में शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश अशोक कुमार ने शिकायतें सुनी। शुक्रवार को समाधान शिविर में कुल 4 शिकायतें सामने आई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर में आई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए।

नगराधीश अशोक कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में कुछ शिकायतें जैसे पार्क बनावने, सडक़ बनवाने सहित ऐसी कई शिकायत भी आ रही है तथा ऐसी शिकायतों को मुख्यमंत्री लेवल पर



चंडीगढ़ भेजा रहा है। उन्होंने कहा कि आज आयोजित समाधन शिविर में प्रमुख तौर पर प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, बिजली - सिंचाई- सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड जैसी तमाम समस्याओं को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है। सरकार द्वारा निरंतर समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों के समाधान की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय व मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर के तहत एक छत के नीचे सभी विभागों की शिकायतों का यथासंभव निपटारा करवाया जा रहा है। प्रत्येक कार्य दिवस जिला मुख्यालय के साथ-साथ उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय नवीन प्राथ. शाला सेमरा का निरीक्षण



जांजगीर ब्यूरो तरुण चौबे
केसरिया हिंदुस्तान

**जांजगीर** आदर्श गौरव ग्राम सेमरा विकास खंड नवागढ़ के अंतर्गत शासकीय नवीन प्राथमिक शाला कुटराबोड सेमरा का औचक निरीक्षण विकास खंड शिक्षाधिकारी श्री लहरें जी द्वारा आज दिनांक 10/01/2025 को किया गया जिसमें बच्चो की पढ़ाई का स्तर पूछने पर कक्षा पहली की छात्रों ने पुस्तक पढ़कर सुनाए और कक्षा चौथी के छात्रों द्वारा 22 तक पहाड़ा मुखाग्र सुनाए शिक्षकों की उपस्थिति पंजी .डेली डायरी. छात्रों की उपस्थिति और मध्याह्न भोजन गुणवत्ता आदि को देखा गया निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक रामविलास दिवाकर सहायक शिक्षक हेमलता चौबे शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष महेश्वर कश्यप उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा बैंको की सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के लीड बैंकों के प्रबन्धकों के साथ गोष्ठी कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश-

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
सत्य नारायण गुप्ता



आज दिनांक 10.01.2024 को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जपनद के लीड बैंकों के 40 प्रबन्धकों के साथ बैंको की सुरक्षा–व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में बैंको के लॉकर की सुरक्षा, नाइट विजन सीसीटीवी कैमरों के समुचित प्रबन्ध, बैंक परिसर के बाहर व अन्दर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से सुझाव व निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट श्री समीर कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी रामनगर श्री सौरभ श्रीवास्तव आदि अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### विराट कोहली और अनुष्का ने लिया संत प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/
नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** क्रिकेटर विराट कोहली अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ संत प्रेमानंद से मिलने रमणरेती क्षेत्र स्थित उनके आश्रम श्रीराधा केली कुंज पर पहुंचे। यहां उन्होंने संत का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं आधे घंटे तक अध्यात्मिक चर्चा की है। क्रिकेट के धुरंधर खिलाड़ी विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने शुक्रवार की सुबह संत प्रेमानंद से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। संत प्रेमानंद ने कहा विराट कोहली भी उनकी तरह ही बड़े साधक है। हमें भगवान ने धर्म की साधना के लिए चुना है। जबकि विराट कोहली क्रिकेट में कड़ी साधना के जरिए देशभर की खुशी का कारण बनते है। भगवान ने विराट को क्रिकेट के लिए चुना है। जबकि हमें धर्म साधना के लिए। इसे में हम दोनों ही साधक है और अपनी साधना से हम भागवत भक्तों को खुशी देते हैं तो विराट कोहली क्रिकेट में जीत हासिल करते है तो देश का बच्चा–बच्चा खुश होता है। संत प्रेमानंद के श्रीराधा केलिकुंज आश्रम में शुक्रवार सुबह अपने दोनों बच्चों के साथ पहुंचे विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। अनुष्का शर्मा ने संत प्रेमानंद से धर्म की राह पर चलने का आशीर्वाद मांगा तो विराट कोहली ने भी क्रिकेट में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने का आशीर्वाद मांगा। संत प्रेमानंद ने कहा विराट की साधना में कोई कमी नहीं। जिस स्तर पर विराट पहुंचे हैं वह कड़ी साधना का फल है। जब विराट अपनी साधना से भारत को जीत दर्ज करवाते हैं तो देश खुशी से झूम उठता है। पूरे देश में पटाखे फूटते हैं। यही उनकी साधना है।

# अटल सेवा प्रेरक में समायोजन की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

केसरिया हिंदुस्तान रोहट से
चंद्राराम भाटी की रिपोर्ट

युवा मित्र संघर्ष समिति पाली के युवा मित्रों ने युवा मित्र संघर्ष समिति पाली के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार नेतरा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंप कर आगामी अटल सेवा प्रेरक भर्ती में कुशल एवं दक्ष राज्य भर के 5000 युवा मित्रों को समायोजित करने की मांग की है! जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार नेतरा ने बताया वे गत सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में कार्यरत थे! हमारा मुख्य कार्य राज्य एवं केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन में प्रसारित करते हुए गांव ढाणियों में अंतिम छोर पर बसे पात्र व्यक्तियों एवं परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करवाना था! युवा मित्र पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य बखूबी कर भी रहे थे! मगर राजस्थान में नयी सरकार बनते ही 25 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री जी के एक काले आदेश आने की वजह से राज्य भर के 5000 युवा मित्र बेरोजगार हो गए! राज्य भर बेरोजगार हुए युवा मित्रों ने जयपुर शहीद स्मारक पर लगातार 72 दिन धरना प्रदर्शन किया! मंत्री जी किरोड़ी बाबा के वहां पर 7 दिन अनशन भी किया परन्तु सरकार द्वारा



लगातार अनदेखी के चलते युवा मित्र हतोत्साहित हो गये और जयपुरिया हास्पिटल के पास पानी की टंकी पर चढ़ गये! तब प्रदेश कार्यकारिणी और सरकार के मध्य समझौता हुआ था जिसमें लोकसभा की आचार संहिता खत्म होने के तुरंत बाद युवा मित्रों को पुन: बहाली देने की बात बनी थी तब जाकर युवा मित्रों ने टंकी से उतरकर धरना स्थगित करा था! तब से लेकर आज तक युवा मित्र लगातार सरकार से पुन: बहाली की मांग कर रहे हैं! आज कलेक्टर महोदय दिये ज्ञापन में उन्होंने बिना विलम्ब युवा मित्रों को रोजगार देने की मांग उठाई है! ज्ञापन से पूर्व जिलेभर से पहुंचें युवा मित्रों ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली! जिलेभर के युवा मित्र हाथों में तख्तियां लेकर

**रोजगार दो रोजगार दो**

■युवा मित्रों को रोजगार दो प्रदेशवासी करें पुकार

■युवा मित्रों को अटल सेवा प्रेरक में करो बहाल!!

■युवा मित्रों को बहाल करो

अटल सेवा में समायोजन करों की तख्तियां और बैनर लेकर जमकर नारेबाजी भी की! इस दौरान सोजत ब्लॉक अध्यक्ष रुपाराम सुरायता, रोहट ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पंवार कलाली, भरत कुमार बाली, सरोज कुमार रानी, रमेश राठौर गोगरा, शरीफ खां मारवाड़ जंक्शन, रुपाराम रायपुर, महेंद्र चौधरी, मोहसिन अली डायर पाली, रेखा, रिया, यामिनी, रेखा मेघवाल, रजिया हुसैन सहित जिलेभर के युवा मित्र उपस्थित रहे!

**अटल सेवा प्रेरक में समायोजन :** जिलाध्यक्ष सुरेश नेतरा ने बताया कि भजनलाल सरकार द्वारा प्रदेश भर में साढे ग्यारह हजार अटल सेवा प्रेरक लगाये जाने की घोषणा स्वागत योग्य है! इसमें पिछले दो सालों से कार्यकुशल एवं अनुभवी 5000 युवा मित्रों को वरियता देकर पिछले एक वर्ष से भी ज्यादा समय से रोजगार हेतु संघर्षरत युवा मित्रों को खुशियां लौटानी चाहिए! दो युवा मित्रों की मृत्यु सरकार द्वारा बेरोजगार किये जाने से मानसिक तनाव होने से दो युवा मित्रों की मृत्यु भी हो चुकी है! जिसमें राजकुमार गुप्ता लालसोट, दौसा एवं रविन्द्र चौधरी सोजत पाली है! दोनों युवा मित्रों के घरों में छोटे छोटे बच्चे भी हैं!

# टप्पेबाजी गिरोह के तीन पुरुष और दो महिलाएं गिरफ्तार

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो चीफ/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)



**आगरा।** पुलिस ने टप्पेबाजी करने वाले गैंग को पकड़ा है। गैंग कई राज्यों में लोगों को अपना शिकार बना चुका है। आगरा में भी 6 लोगों को ठगने की बात स्वीकारी है। पुलिस ने इसके पास से लगी की रकम और नकली सोने की गिन्नी समेत अन्य सामान बरामद किया है।

एसीपी हरीपर्वत आदित्य ने बताया कि आगरा में 18 अक्टूबर को हरीपर्वत के पास जूस पी रहे एक व्यक्ति को टप्पेबाजों ने मेट्रो की खुदाई में सोने निकलने की बात कहकर एक व्यक्ति को सोने के नकली सिक्के दिखाकर अपने जाल में फंसा लिया। उसे सोने के सिक्कों का मटका देने के एवज में 5 लाख रुपए ले लिए। जब उन सिक्कों को चेक कराया तो नकली निकले। थाना हरीपर्वत पर इसका मुकदमा दर्ज किया गया।

आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लंबे समय से लगी थी। गुरुवार को सूचना मिली कि आईएसबीटी के पाम लोगों को ठगने वाला गैंग घूम रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गैंग को पकड़ा। इसमें 5 लोग हैं। इसमें दो महिलाएं भी हैं। गैंग का लीडर धर्मेंद्र है। उसने बताया कि वो भीड़?भाड़ वाली जगह पर जाकर लोगों को सोने के सिक्के व लड़ी दिखाकर अपने जाल में फंसाते हैं। फर्जी आईडी पर लिया गया मोबाइल नंबर उनको देते हैं। इसके बाद ये डील करने के लिए लोगों को सूनसान जगह पर बुलाते थे। वहां पर नकली सिक्के उन्हें दे देते थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, आसाम सहित कई राज्यों में ठगी की है।

**ठगी के बाद हो जाते थे अंडरग्राउंड :** आरोपियों ने बताया कि जिस एरिया में ये ठगी करते थे, वहां पर बाद में नहीं जाते थे। ये लोग वर्तमान में मेरठ में किराए के मकान में मजदूर बनकर रह रहे थे। जहां पर राहते हैं, वहां से करीब 200 किमी दूर के एरिया में ठगी करते हैं, जिससे को उनके बारे में किसी को पता न चले। ठगी करने के बाद उस एरिया में लंबे समय तक नहीं जाते थे, जिससे की इनको कोई पहचान न सके। पकड़े गए आरोपियों में धर्मेंद्र निवासी मेरठ, सूरज निवासी फिरोजाबाद, शंकर निवासी नागलोई दिल्ली हैं। इनके पास से 3.78 लाख रुपए, 8 मोबाइल, 7 सिम, करीब एक किलो नकली सोने के सिक्के बरामद हुए हैं। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# प्रेस क्लब ऑफ अमृतसर द्वारा न्यू अमृतसर में मनाया गया लोहड़ी का उत्सव




दैनिक केसरिया, हिंदुस्तान
कुलदीप कुमार / सुशील पदम
अमृतसर पंजाब

प्रेस क्लब ऑफ अमृतसर ने न्यू अमृतसर में धूमधाम से लोहड़ी मनाई गई । इस अवसर पर अमृतसर के डीसीपी आलम विजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । जिले भर से बड़ी संख्या में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने लोहड़ी समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आलम विजय सिंह द्वारा भुग्गा जलाने की रस्म अदा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में विगत अवधि में दिवंगत हुए पत्रकार साथियों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश गिल, महासचिव मनिंदर सिंह मोंगा, जसवंत सिंह जस, कमल पहलवान व विपन राणा ने मुख्य अतिथि का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस बीच, समस्त पत्रकार समुदाय ने लोहड़ी की पवित्र अग्नि की उपस्थिति में चाइना डोर को खत्म करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने की शपथ ली। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों ने नाच–गाकर लोहड़ी मनाई।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल कराने पर आजीवन कारावास



### नकल माफिया व साल्वरो पर कड़े दंड, एक करोड़ रुपये तक जुर्माना

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में भी अब उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 लागू होगा. इसमें परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने, प्रश्नपत्र लीक कराने, प्रश्नपत्र हल कराने की कोशिश आदि पर साल्वरों एवं साल्वर गिरोह को आजीवन कारावास एवं एक करोड़ रुपये तक के जुमनि से दंडित किया जाएगा इस संबंध में यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह की ओर से सभी क्षेत्रीय अपर सचिवों एवं जिला विद्यालय निरीक्षकों को जल्द निर्देश जारी किए जाएंगे. बता दें कि परीक्षा में नकल रोकने को लेकर सरकार ने ये उपाय किए है

**पहले के नियमों को सख्त किया :** यूपी बोर्ड की परीक्षा अहंकारी होने के कारण इसमें अनुचित साधनों का निवारण अधिनियम 2024 लागू किया जा रहा है. अभी तक यूपी बोर्ड परीक्षा में उप्र सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों कर निवारण) अधिनियम 1998 के तहत कार्रवाई की जा रही थी. इसमें परीक्षा के निष्पक्ष संचालन में प्रश्नपत्र या उसके किसी भाग या प्रश्नपत्र की फोटोकापी कराकर नकल कराने की कोशिश करने पर अधिकतम एक वर्ष कारावास या पांच हजार रुपया जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किए जाने का प्रविधान था

**सॉल्वर गिरोहों पर रहेगी नजर :** नार अधिनियम में कोई व्यक्ति या साल्वर गिरोह यदि प्रथम बार परीक्षा प्रभावित करेगा तो तीन से 14 वर्ष तक कारावास तथा 10 लाख से 25 लाख रुपये तक जुमनि से दंडित किया जाएगा. यदि इस अपराध की साल्वर गिरोह द्वारा पुनरावृत्ति की जाती है तो आजीवन कारावास एवं 50 लाख से एक करोड़ रुपये तक जुमनि से दंडित किया जाएगा. नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए यूपी बोर्ड परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में ती कराएगा ही, साथ ही परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूमों में प्रश्नपत्रों की निगरानी एआइ करेगा.

# रमेश जायसवाल विधायक का संजय पासवान के नेतृत्व में भव्य स्वागत सम्मान हुआ



रिपोर्टर घनश्याम कुमार की
रिपोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश से।

विधायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के लोकप्रिय विधायक को भारत सरकार के एक महत्त्वपूर्ण विभाग में बतौर सदस्य नामित किया गया, विधायक को नगर आते ही, ख़बर सुनते ही विधायक प्रतिनिधि प्रदेश अनुसूचित मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य श्री संजय पासवान अपने टीम के साथ ढ़ोल नगाढ़ा के साथ सैकड़ों लोगों द्वारा फूल माला से लादकर गदगद कर दिया अन्य लोगों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया, विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए

अधिकारियो को निर्देश दिए और जनता का विश्वास,आशीर्वाद के साथ साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चरणों में आशीष नवाया विधायक नेअपने वरिष्ठ अभिभावक श्री दीपचंद चौरसिया का आशीर्वाद लिया, स्वागत–सत्कार करने वालों में बीजेपी नेता संजय पासवान, वरिष्ठ नेता दादा दीपचंद चौरसिया, बबलू गुप्ता सेक्टर संयोजक, राधेश्याम यादव मास्टर साहब, मुकेश मोदनलाल, कृष्णा शर्मा,मनोज पासवान, राजू यादव,गौरव जायसवाल, अमन यादव।

# बंद राइस मिल में मिले सरकारी चावल के बोरे



### शिकायत के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे जिला पूर्ति अधिकारी

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
वीरू गौतम

बरामद होने से हर हड़कंप मच गया बीसलपुर रोड स्थित नहर की पुलिया के पास राइस मिल के बंद गोदाम में सरकारी चावल की मौजदूगी की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार अवधेश कुमार के नर्तव्य में टीम मैं छापेमारी की गरीबों के राशन में कटौती का मामला सामने आने के बाद उच्च अधिकारियों ने जिला पूर्ति अधिकारी डीएसओ विकास कुमार को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए हालांकि छ्रस्ह्र ने मौके का निरीक्षक नहीं किया। मामले में एसडीएम स्तर से रिपोर्ट मांगी गई है पूर्ति विभाग द्वारा गोदाम मालिक के खिलाफ एफआई आर दर्ज करने की प्रक्रिया में देरी की जा रही है अधिकारियों का कहना है की पूर्ति विभाग को एफआई आर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है

# गैंगस्टर कमलवीर पर महिला ने कराई दुष्कर्म की एफआईआर

### ऑर्गेनाइज्ड क्राईम का मास्टरमाइंड है गैंगस्टर कमलवीर

### स्कूलों पर कब्जे और हत्या जैसे कई जघन्य अपराधों में रही है मास्टरमाइंड कमलवीर की भूमिका

### चर्चित शैली हत्याकांड में गिरोह की भूमिका का संदेह

**मुरादाबाद।** भाजपा नेता अनुज चौधरी हत्याकांड में जेल में बंद कमलवीर सिंह के खिलाफ एक महिला द्वारा सिविल लाइंस थाने में दुष्कर्म का केस दर्ज कराए जाने के बाद, एक बार फिर ललित कौशिक गैंग चर्चा में है। बता दें कि मूंढापांडे का पूर्व ब्लॉक प्रमुख और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का दुर्दांत अपराधी ललित कौशिक बलरामपुर जेल में बंद है। ललित कौशिक का दाहिना हाथ माने जाने वाला कमल वीर इस गैंग का थिंक टैंक कहा जाता है। सूत्रों के मुताबिक ललित कौशिक गैंग द्वारा अंजाम दिए गए तमाम अपराधों की योजना के पीछे कमलवीर का ही हाथ रहा है। सड़क छाप गुंडागर्दी से लेकर हार्डकोर क्रिमिनल बनने तक का ललित कौशिक गैंग का सफर दरअसल कमलवीर के शातिर दिमाग की उपज कहा जा सकता है। इस हार्ड कोर गैंग पर लगातार दर्ज होते मुकदमों की लंबी श्रृंखला इस बात का स्पष्ट प्रमाण है, कि अपराध की दुनिया में इस गैंग का खुला वर्चस्व था। ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक और कमल वीर की जोड़ी ने शातिराना तरीके से योजनाएं बनाकर ऐसे जघन्य अपराधों को अंजाम दिया, कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोग इनके नाम से ही कांपने लगे। जमीनों पर खुले कब्जे, व्यापारियों से रंगदारी, खुलेआम हत्याएं जैसे अपराध कर इस गैंग ने मुरादाबाद सहित आसपास के जिलों में अपना आतंक कायम कर डाला।

**ऑर्गेनाइज्ड क्राईम का मास्टरमाइंड है कमल वीर :** सूत्रों के मुताबिक ललित कौशिक गैंग में शामिल होने वाले बदमाशों का चुनाव भी कमलवीर करता था। इस गैंग में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शूटर्स की भर्ती भी कमलवीर द्वारा की गई। जिन्होंने बाद में इस गैंग के लिए कई जघन्य हत्याओं को




अंजाम दिया। कमलवीर के शातिर दिमाग के चलते इस गैंग ने तमाम स्कूलों पर कब्जे किए। उद्योगपतियों की सुपारी ली। राजनैतिक संबंध बनाए। सूत्रों के मुताबिक ललित कौशिक और कमलवीर ने अपने गैंग के साथ मिलकर दुष्कर्म की तमाम घटनाओं को अंजाम दिया। युवतियों और महिलाओं को नौकरी का झांसा देकर उनके साथ दुष्कर्म करना कमल वीर और ललित कौशिक का शगल था। मुरादाबाद पुलिस की जबरदस्त पुलिसिंग के चलते इस गैंग को सलाखों के पीछे डाल दिया गया और शहर को अपराध मुक्त किया गया। अब इस गैंग का शिकार युवतियां एवं महिलाएं सामने आकर इनके कुकर्मों का हिसाब किताब कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक इस गैंग में महानगर के नए-नए पैसे वाले बने कतिपय रईसजादे भी शामिल थे। जो रामगंगा विहार स्थित विशेष ठिकाने पर सुरा सुंदरी की पार्टियां किया करते थे। वहीं कमल वीर के निर्देशन में अपराध से संबंधित योजनाएं बनाई जाती थीं। रामगंगा विहार के खेल कारोबारी कुशांक गुप्ता और नामचीन चार्टर्ड अकाउंटेंट श्वेताभ तिवारी हत्याकांड का खुलासा करते हुए जब निवर्तमान डीआईजी शलभ माथुर ने इस गैंग को सलाखों के पीछे पहुंचाया। तब भी किसी को गुमान नहीं था कि इस गैंग का असली मास्टरमाइंड कमलवीर है। इस गैंग के तमाम अपराधों का जब पुलिसिया जांच में खुलासा होने लगा। तो पुलिस को कमल वीर की कार्यशैली का एहसास हुआ। जांच के दायरे में आने पर जब कमलवीर के कांठ रोड प्रकाश एंक्लेव स्थित घर पर दबिश दी गई, तो पुलिस के हाथ तमाम पुलिस अधिकारियों के खिलाफ की गई शिकायतों का पुलिंदा लगा। दरअसल दबाव बढ़ने पर यह गैंग पुलिस अधिकारियों की फर्जी शिकायत कर उनकी ट्रांसफर पोस्टिंग तक कराने की जुगत में लग जाता था।

अब जब पुलिस अधिकारियों की जबरदस्त इच्छा शक्ति और बेहतरीन कार्यशैली के चलते इस गैंग की कमर तोड़ दी गई है, तो इस गैंग के सताए गए तमाम पीड़ित सामने आने लगे हैं। सूत्रों का दावा है, कि मास्टरमाइंड कमलवीर की सताई गई कई और पीड़ित महिलाएं सामने आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

**डॉक्टर शैली हत्याकांड में गैंग की संलिप्तता !** उधर महानगर में पुन: इस चर्चा को बल मिल रहा है कि वर्ष 2014 में जिगर कॉलोनी में हुए चर्चित और लोमहर्षक डॉक्टर शैली हत्याकांड में कहीं इस गैंग का हाथ ना हो। ज्ञात हो, कि सिविल लाइंस के जिगर कॉलोनी स्थित विद्या सदन में जिला अस्पताल की पूर्व सीएमएम डॉ. शैली मेहरोत्रा, उनके पति डॉ. ओम मेहरोत्रा, ननद डॉ. रश्मि मेहरा, पांच साल की पोती दिव्यांशी उर्फ गिन्नी रहती थीं। 16 मई 2014 की दोपहर चारों के शव आवास में पड़े मिले थे। पोस्टमार्टम से पता चला था गिन्नी गला दबाकर हत्या की गई थी जबकि बाकी तीनों के गले रेतकर मौत के घाट उतारा गया था। हालांकि 10 साल बाद भी आज तक न तो इन जघन्य हत्याओं के उद्देश्य का खुलासा हो सका और न ही हत्यारों का सुराग तमाम कवायद के बाद पुलिस तलाश कर पाई। लंबे समय तक यह चर्चा रही कि हत्या वाले दिन हत्यारो ने डॉक्टर शैली के घर पर बड़ी नकदी पर हाथ साफ कर हत्याओं को अंजाम दिया था। डॉ शैली नर्सिंग होम बनाने के लिए किसी जमीन का सौदा करने वाली थीं।हत्यारे संभवत: जमीनों के डीलर के रूप में डॉक्टर शैली के परिचित थे। ऐसी हत्याओं के तथ्यात्मक विश्लेषण करने वाले जानकारों की माने तो डॉक्टर शैली हत्याकांड को लेकर ललित कौशिक गैंग पर संदेह किया जा सकता है। इस गैंग ने पूर्व में जिस तरीके से विभिन्न हत्याओं को अंजाम दिया है, वह पुलिस के लिए डॉक्टर शैली हत्याकांड में अनुसंधान का विषय हो सकती है।

**गैंग में मचा हुआ है घमसान**

सूत्रों के मुताबिक इस गैंग में अब आपस में ही घमासान मचा हुआ है। दरअसल मास्टरमाइंड कमलवीर और गैंगस्टर ललित कौशिक ने गैंग के अन्य सदस्यों का हर अपराधिक गतिविधियों और घटनाओं में जमकर इस्तेमाल किया, स्वयं अकूत धन संपत्ति बनाई लेकिन गैंग में कार्यरत अन्य सदस्य पाई पाई के मोहताज रहे। इनमें से कई सदस्य तो साइलेंट मोड में है, इनके लिए जहां आज आजीविक चलाना मुश्किल हो रहा है, वहीं यह पुलिस की नज़रों से बचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बाईकों में आपस में हुई भिड़ंत चार लोग हुए घायल



केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद में अलीगंज थाना क्षेत्र के पचंदा गांव के समीप देर रात्रि दो बाईकों में आमने सामने भीषण भिड़ंत हो गई।सड़क हादसे में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए।राहगीरों ने सूचना डायल 112 पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायल तीन लोगों को हायर सेंटर रेफर किया है।हादसे के बाद परिजन अलीगंज स्थित अस्पताल पहुंचे हैं।सड़क एक्सीडेंट में तीन बाइक सवार घायल हुए हैं मंजीत पुत्र शिव सिंह निवासी दादूपुर उम्र 17 वर्ष,मोहन पुत्र कायम सिंह निवासी दादूपुर थाना अलीगंज उम्र 18 वर्ष,संजू पुत्र दिनेश नगला रेत थाना सहावर उम्र 20 वर्ष,पवनेश सहावर घायल हुए हैं।चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।मामले पर थाना प्रभारी निर्दोष कुमार सेंगर ने। जानकारी देते हुए बताया कि की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायल बाइक सवारों को हायर सेंटर रेफर किया है।वही एक घायल का उपचार कर वापस घर भेज दिया है।

**तीन की हालत गम्भीर हायर सेंटर किया गया रेफर**

## हाईवे पुलिस ने दिया मानवता का परिचय

### रोड एक्सीडेंट में घायल मोटर साइकिल चालक को तुरंत पहुंचाया हॉस्पिटल



कमलेश रजक ब्यूरो चीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** 10 जनवरी दिन शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे सूचना मिली कि लवन थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पर स्थित ग्राम लाहोद बस स्टैंड में एक मोटरसाइकिल एवं साइकिल में एक्सीडेंट हो गया है जिसमें मोटरसाइकिल चालक के पैर में गंभीर चोटें आई है। सूचना पर हाईवे पेट्रोलिंग में तैनात सहायक उपनिरीक्षक टीकाराम ध्रुव एवं आरक्षक महेश निषाद की टीम तत्काल ग्राम लाहोद पहुंची। हाईवे पुलिस टीम ने पहुंचते ही वहां पर देखा कि घायल मोटरसाइकिल चालक दर्द से कराह रहा था एवं उसके पैर में चोंटे आई थी। पुलिस टीम द्वारा घायल मोटरसाइकिल चालक को तुरंत हाईवे पेट्रोलिंग वाहन में बैठाकर जिला अस्पताल बलौदाबाजार पहुंचाया गया जहां पता चला की मोटरसाइकिल चालक के एक पैर में फ्रैक्चर है। साथ ही अस्पताल में तुरंत घायल का उपचार प्रारंभ किया गया।

### आर के इंटरमीडिएट कॉलेज के नन्हे कलाकारों की प्रतिभा करेगी लोगों को जागरूक

**हरपुर तिवारी,** महाराजगंज। परतावल के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हरपुर तिवारी के आर के इंटरमीडिएट कॉलेज में द राइमिंग हाल संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं में छिपी नन्हे कलाकारों के प्रतिभा को निखारेगी । आज संस्था के संस्थापक सूरज गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे नन्हे कलाकार जो विभिन्न प्रतिभा को स्थापित करने से वंचित रह जाते हैं, जिन्हें कोई प्लेटफार्म नहीं मिल पाता है, इस उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय आर के इंटरमीडिएट कॉलेज में नन्हे कलाकारों में छिपी प्रतिभा जैसे शायरी, कविता, गजल, रैप स्टैंडअप, कॉमेडी आदि प्रतिभा को निखार कर उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा । इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए विद्यालय परिवार को द राइमिंग हाल संस्था के संस्थापक सूरज गुप्ता ने सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम को लेकर बच्चों में उत्साह देखा जा रहा है।

**ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन 11 जनवरी को**

# नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**औरैया ।** जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशों के क्रम में युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत तिलक स्टेडियम औरैया के मैदान पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर वर्ग की एथलेटिक बॉलीबॉल कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है

जिसमें मुख्यातिथि नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा खिलाड़ियों को संबोधित किया गया और विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार तथा मेंडल शील्ड प्रदान किया गया प्रतियोगिता में जिला युवा कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार द्वारा जिला उपक्रीड़ा अधिकारी संजीव वर्मा विजय उपाध्याय प्रभारी शारीरिक शिक्षा विभाग मनीष मिश्रा होशियार सिंह राजपूत एवं खेल संघ के समस्त पदाधिकारियों का आभार जताया बालिका वर्ग100 मीटर दौड़ प्रथम प्रिंसी द्वितीय वैशाली तृतीय गौरी यादव 200 मीटर दौड़ प्रथम प्रिंसी द्वितीय वैशाली तृतीय ख्याली 400 मीटर दौड़ प्रथम प्रिंसी द्वितीय



काजल तृतीय आसी 800 मीटर दौड़ प्रथम काजल शाक्य द्वितीय पूजा तृतीय शिखा लंबी कूद प्रथम काजल द्वितीय रश्मि तृतीय राधिका गोला फेक प्रथम शिखा द्वितीय प्रिंशी तृतीय गायत्री

बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ प्रथम अजय कुमार द्वितीय पुष्पेंद्र यादव तृतीय रुद्रप्रताप 200 मीटर दौड़ प्रथम अजय द्वितीय धीरज तृतीय कुलदीप 400 मीटर दौड़ प्रथम हिमांशु द्वितीय धीरज तृतीय ओमजी बॉलीबॉल विजेता अजीतमल उपविजेता सहार लंबी कूद प्रथम कृष्णा यादव द्वितीय कुलदीप तृतीय मनीष प्रताप गोला फेक प्रथम साजन सिंह द्वितीय परवीन तृतीय अमन ज्वेगलिंग प्रथम राघव द्वितीय साजन तृतीय अनूप चक्का फेक प्रथम साजन बाबू द्वितीय निखिल तृतीय रुद्रप्रताप रहे।

इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आशुतोष मिश्र बंदना नफीस पीआरडी जवान रोहित कुमार हरगोविंद नीरज आसाराम राजीव यशवीर ,रेफरी की भूमिका में सुमनप्रताप (प्रभारी पी टी आई) सुनील कुमार ब्लॉक पी टी आई अमित विशारीय खेल शिक्षक भूप दीप पी टी आई कृष्ण कुमार पी टी आई उपेंद्र कुमार पी टी आई अवनीश कुमार पी टी आई आदि लोग मौजूद रहे।

# सी.एस.आर. पहल के तहत स्मार्ट आंगनवाड़ी का उद्घाटन सम्पन्न हुआ

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

**औरैया।** बचपन की प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनटीपीसी औरैया परियोजना द्वारा सी.एस.आर. पहल के तहत परियोजना प्रभावित ग्राम सींगनपुर के प्राथमिक विद्यालय में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र को स्मार्ट आंगनवाड़ी में परिवर्तित किया और 15 आंगनवाड़ी केंद्रों को प्राथमिक शिक्षा किट वितरित किया। उद्घाटन एवं किट वितरण एनटीपीसी औरैया के परियोजना प्रमुख श्री अभय कुमार श्रीवास्तव एवं जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा, श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव के कर-कमलों द्वारा किया गया।

इस पहल के अंतर्गत, उस आंगनवाड़ी केंद्र को पुनर्निर्मित किया गया, जिसमें पहले खराब



शौचालय, क्षतिग्रस्त कमरे और बिजली की सुविधा नहीं थी। नवीनीकरण के बाद, यह केंद्र अब 23 से अधिक शैक्षिक विषयों के साथ एक जीवंत शिक्षा केंद्र बन गया है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। इस बदलाव को एलिमेंटल साइंस एंड सोशल रिसर्च के माध्यम से पूरा किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों की जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना और शिक्षा को आनंदमय बनाना है।

इस अवसर पर श्री तन्मय दत्ता, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा श्री आलोक अधिकारी, प्रबंधक (मानव संसाधन) भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, ग्राम सींगनपुर स्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य, श्री राघव राम एवं आँगनवाड़ी सेविका अनन्यापाल उपस्थित रहीं। पूरे कार्यक्रम का क्वाडिनेशन सुश्री जैनेट जॉनसन फर्नांडिस, कार्यपालक सी.एस.आर. (मानव संसाधन) ने किया।

# बसपा प्रत्याशी संजीव कुमार ने लक्सर विधायक मो. शहजाद की मौजूदगी में किया अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

विशेष संवाददाता/ अनिल वर्मा- हिंदुस्तान केसरिया

**लक्सर/** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के बसपा प्रत्याशी ने मुखिया होटल में अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस व भाजपा के कई कार्यकर्ता बसपा के हाथी पर संवार हुए और बसपा के समर्थन में कार्य करने का निर्णय लिया। लक्सर विधायक मो. शहजाद ने कहा कि नगर पालिका मे आम जनता के मुद्दो पर किसी भी पार्टी द्वारा विकास के कार्य नही किए गए है। उन्होंने कहा की जिस तरह से लोगों को सभी पार्टी धोखा देने का काम कर रही है इसका खामियाजा सभी पार्टियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की हमने संजीव कुमार उर्फ नीटू को बसपा से प्रत्याशी बनाया है और सभी से गुजारिश है कि आप सभी अपना वोट बसपा प्रत्याशी को देकर चुनाव




जीताने का काम करें। उन्होंने कहा पिछले वर्ष व्यापारियों को बरसात के कारण भारी नुकसान हुआ था, जिसको इस डबल इंजन की सरकार ने नजअंदाज कर दिया था। उसमें अभी भी व्यापारियों के 50 लाख रुपए पेंडिंग पड़े हुए हैं, जो सरकार दबाए बैठी है। जिसका खामियाजा सरकार को नगर पालिका परिषद लक्सर के चुनाव में भुगतना पड़ेगा। उन्होंने संजीव कुमार उर्फ नीटू से भी कहा कि आप अपना चुनाव सही तरीके से लड़े इस चुनाव में जीत आपकी ही होगी। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग बसपा को वोट दें और चुनाव जीताकर पहली बार हाथी पर सवार कैंडिडेट को नगर पालिका लक्सर का अध्यक्ष बनाए। बसपा प्रत्याशी संजीव कुमार उर्फ नीटू ने कहा कि मेरे ऊपर बहुजन समाज पार्टी के विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद का बहुत बड़ा एहसान है। जिन्होंने मुझे बसपा से प्रत्याशी बनाया है और जब से लक्सर नगर पालिका बनी है तभी से मैं अपनी किस्मत आजमा रहा हूं। इस बार ऐसा लग रहा है कि लक्सर विधायक के आशीर्वाद से मैं चुनाव जीतकर लोगों के जनहित के मुद्दों पर काम करूंगा। शिवम कश्यप ने कहा की भाजपा सरकार ने एस.सी वर्ग की सीट को काटकर गलत किया है, जिससे भाजपा ने एस.सी समाज के हको पर कुठारा घात किया है। मोहीत वर्मा ने कहा की आप सभी संजीव ऊर्फ नीटू को वोट दे जीससे नगर पालिका क्षेत्र का चहुमुखि विकास किया जा सके। वही इस दौरान मोहित वर्मा, शिवम कश्यप, नाथीराम, मांगेराम, बबलू कटारिया, राजेश गौतम, देवेश राणा, विकास कुमार, करणपाल प्रधान, चरण सिंह आदि हजारों भारी तादाद में बसपा के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लक्सर के युवराज फार्म हाउस में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद खारी ने क्षेत्र की जनता के बीच मनाया अपना जन्मदिन

## मशहूर हरयाणवी सिंगर ज्ञानेंद्र सरधाना ने अपने गीतों पर जनता को थिरकने पर किया मज़बूर

विशेष संवाददाता- अनिल वर्मा/ हिंदुस्तान केसरिया

**लक्सर/** क्षेत्र के युवराज फार्म हाउस में आज बृहस्पतिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद खारी ने अपने जन्मदिन को बड़े ही भव्य व धार्मिक माहौल में क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर मनाया। इस खास मौके पर मशहूर गायक ज्ञानेंद्र सरधना सहित लक्सर विधानसभा की सम्मानित जनता ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए शुभकामनाएं एवं उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। वही इस मौके पर शिरकत करने पहुँचे हरयाणा के मशहूर सिंगर ने आपने गीतों पर जनता को थिरकने को मजबूर कर दिया।



जन्मदिन समारोह में काफी सख्या में जन सैलाब उमड़ा और प्रमोद खारी को आशीर्वाद देते हुए उनकी स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर प्रमोद खारी द्वारा जनता के लिए मिठाई व भोजन की भी व्यवस्था की गई। वही भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद खारी ने कहा की इस अवसर पर मुझे युवराज फॉर्म हाउस में माताओ, बहनों एवं बुजुर्गो का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि मुझे आज लक्सर क्षेत्र की जनता के साथ अपना जन्मदिन मनाने का मौका मिला है। वही अगर लोगों ने मुझे अपनी सेवा करने का मौका दिया तो में लक्सर विधानसभा से 2027 में मजबूती के साथ चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज मुझे जन्मदिन समारोह में लक्सर क्षेत्र के सभी सम्मानित लोगों ने का आशीर्वाद मिला हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मुझे अन्य वक्ताओं ने भी हार्दिक शुभकामनाएं दी और मेरी लंबी उम्र की कामना की है। इस दौरान जन्मदिन के अवसर पर लक्सर क्षेत्र की तमाम सम्मानित जनता मुख्य रूप से शामिल रही।

# पति, पत्नी और जेठ का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

## हाथरस सड़क हादसे के बाद गांव में पसरा मातम

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के कंचनपुर आसे नम्बर एक निवासी एक ही परिवार के तीन लोगों के शवों का फर्रुखाबाद स्थित ढाई घाट पर अंतिम संस्कार किया गया है।पति पत्नी सहित जेठ का एक साथ अंतिम संस्कार शुक्रवार को हुआ।बुधवार को देर शाम हाथरस जनपद के रतिभानपुर के समीप स्विफ्ट कार गाय से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई थी भीषण सड़क हादसे में पति पत्नी और जेठ की दर्दनाक मौत हो गई गुरुवार देर रात तक मृतकों के शव उनके पैतृक गांव पहुंचे । शवों के गांव पहुंचाने के बाद गांव में मातम पसर गया । करुण क्रंदन और चीत्कार ने हर किसी का कलेजा चीर कर रख दिया।जैसे ही शव गांव पहुंचे तत्काल सूचना मिलते ही प्रातः क्षेत्र के विधायक ठाकुर सत्यपाल सिंह गांव पहुंचे और उन्होंने दुखी परिवार को सांत्वना दी ही।जानकारींके अनुसार बुधवार को ब्रजेश पुत्र श्री कृष्ण अपनी पत्नी सूरजमुखी को वृंदावन से दवा दिलाकर वापस गांव लौट रहे थे तभी रतीभान पुर के समीप कार गाय से टकरा गई और अनियंत्रित होकर दूसरी साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई।कार में सवार मैनपुरी जिले के कार चालक सहित कार सवार ब्रजेश पुत्र श्री कृष्ण उम्र 35 वर्ष ,सूरज मुखी पत्नी ब्रजेश,श्याम सिंह पुत्र श्री



कृष्ण उम्र 40 ने दम तोड़ दिया।गुरुवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तीनों शव एटा जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के कंचनपुर आसे नम्बर एक पहुंचे जहां शवों के पहुंचने के बाद अंतिम दर्शन के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा।हाथरस में हुए इस हादसे ने हर किसी के दिल को झकझोर कर रख दिया है।शुक्रवार को दोपहर बाद फर्रुखाबाद जिले के ढाई घाट पर मृतक पति पत्नी और जेठ की एक साथ चिता सजाई गई और विधिविधान के साथ पति पत्नी को एक साथ और जेठ का अंतिम संस्कार किया गया है।मृतक श्याम सिंह के ग्यारह वर्षीय बेटे प्रशांत ने अपने पिता और चाचा,चाची के शवों को एक साथ मुखाग्नि दी है।हाथरस के हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।दोनों मृतक भाई अपने पीछे छोटे छोटे बच्चे छोड़ कर गए है ।परिवार की देखभाल करने वाला भी कोई समझदार व्यक्ति नहीं बचा है।

# सीएम योगी ने 100 बसों को दिखाई हरी झंडी, महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के आवागमन में होगी सुविधा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की विशेष शटल बसों और अटल सेवा नाम से इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाकुम्भ में हिस्सा लेने आ रहे श्रद्धालुओं को परिवहन की बेहतर सुविधा देने के मकसद से नई बसों को परिवहन निगम के बेड़े में शामिल किया गया है। परेड क्षेत्र में 100 बसों को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर सिंह, नन्द गोपाल नंदी और स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे।

मार्ग की सुंदरता देख अभिभूत हुए सीएम योगी, पैदल चलकर लिया अहसास





प्रयागराज दौरा पूरा कर जब सीएम योगी वापस एयरपोर्ट लौट रहे थे तब अचानक वह गाड़ी से उतरकर रोड पर चलने लगे। उनको उतरता देखकर सभी मंत्री और अधिकारी भी गाड़ियों से उतरकर साथ हो लिए। सीएम योगी के चेहरे के भाव स्पष्ट इशारा कर रहे थे कि वह एयरपोर्ट मार्ग की सुंदरता से प्रभावित हैं। उन्होंने पैदल चलकर मार्ग का निरीक्षण किया और फिर मार्ग में लगे पौधों को भी निहारा। इस दौरान उनके साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद रहे।

# बरखेड़ा पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा किया, 6 आरोपियो भेजा जेल

## बरखेड़ा एसएचओ मुकेश शुक्ला सटीक खुलासे के नाम से जाने जाते है

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** क्षेत्र के अंतर्गत गन्ना किसानों को निशाना बनाकर लूट की घटनाओ को अंजाम देने वाले गिरोह का थाना पुलिस ने सटीक खुलासा किया है। क्षेत्र में अलग अलग लूट की घटना को अंजाम देने बाले 6 शातिर बदमाशों को थाना पुलिस ने लूट में गये माल व प्रयुक्त हुयी सामग्री एवं नगदी के साथ गिरफ्तार किया क्षेत्र में हो रही लूट की लगातार घटनाओं में दिनांक 26 दिसम्बर 24 को समय 8 बजे रात्रि के लगभग पीलीभीत बीससलपुर रोड पर ग्राम पतरासा कुंवरपुर मोड़ के पास एक बाइक सवार से बदमाशों ने 15 हजार नगदी ब एक मोबाइल छीन लिया दिनाँक 31 दिसम्बर 24 को समय करीब 9 बजे रात्रि के लगभग दौलतपुर गाँव के पास गन्ना बेंचकर जा रहे किसान का ट्रेक्टर ट्राली



कोज अपनी दोनो बाइको से रोककर उससे 22 हजार रुपये ब गले मे पड़ी चांदी की चैन और एक कीपैड मोबाइल छीन लिया था।इसके बाद 5 जनबरी की रात 9 बजे क्षेत्र के गाँव नबादा महेश के निकट मंदिर और बीसलपुर पीलीभीत राजमार्ग पर गन्ना बेचकर जा रहे किसान को रोककर 30 हजार रुपये एक मोबाइल ब हाथ की घड़ी लूट लिया ।तीनो लूट की घटनाओं में अंजाम देने बाले आरोपी श्याम मिश्रा उर्फ देवू निवासी ग्राम मुड़िया हुलास ,रोहित कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी जंगीपुर जैतपुर ,कुलदीप पुत्र आनन्द देव निवासी जगीपुर जैतपुर, प्रेमपाल पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम जगीपुर जैतपुर ,अरुण कुमार पुत्र बीरबहादुर निवासी भैसाहा ग्वालपुर ,सुनील कुमार पुत्र बलजीत निवासी ग्राम जगीपुर जैतपुर थाना बरखेड़ा से पूछताश करने पर बताया कि उपरोक्त तीनो लूट में उन लोगों का हाथ था इन सभी आरोपियों से 41500 नगदी दो तमंचा 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, चार चाकू,3 मोबाइल एक हाथ की घड़ी ,एक चांदी की गले की चैन, ब घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल उनकी निशान देही पर बरामद की गयी,

क्षेत्राधिकारी बीसलपुर प्रतीक दाहिया व थाना प्रभारी मुकेश शुक्ला एवं एसओजी टीम व सर्विसलांस की टीम ने कारित की गई तीनों घटनाओं का खुलासा करते हुये 6 आरोपियों को नगदी व लूटे हुये माल सहित गिरफ्तार करके आरोपिओ को जेल भेज दिया है।